खबरें छुपाता नहीं, छापता है

ईद उल अज़हा की दिली मुबारकबाद

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, शनिवार 7 जून 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 146 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 10 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


ईद-उल-अज़हा के मौके पर सभी देशवासियों को



दिली मुबारकबाद

- सम्पादक

### अवकाश सूचना

ईद-उल-अज़हा के मौके पर 7 जून को दैनिक शाह टाइम्स में अवकाश रहेगा। अगला अंक 9 जून 2025 को प्रकाशित होगा।

-प्रबंधक

# घर व कार ऋण होगा सस्ता@रेपो दर में कटौती

मुंबई, वार्ता



- दरों में लगातार तीसरी बार कटौती का ऐलान
- जून पॉलिसी में 50 BPS की कटौती की घोषणा
- रेपो रेट 6 से घटकर 5.5 फीसदी पर आया

**भारतीय रिजर्व** बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने आगे महंगाई में नरमी आने को ध्यान में रखते हुए विकास को गति देने के उद्देश्य से नीतिगत दरों विशेषकर रेपो दर में लगातार तीसरी बार 0.50 प्रतिशत की कटौती करने का शुक्रवार को निर्णय लिया। जिससे आवास ऋण, वाहन ऋण और अन्य तरह के लोन सस्ते होंगे।

आरबीआई फरवरी 2025 से लेकर अब तक रेपो दर में एक फीसदी की कटौती कर चुका है। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने एमपीसी की 55वीं और चालू वित्त वर्ष में एमपीसी की दूसरी तीन दिवसीय द्विमासिक बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए कहा कि पिछले दो बार 0.25 प्रतिशत और 0.25 प्रतिशत की रेपो दर में कमी की गई थी और अब इसमें 0.50 प्रतिशत की कटौती की जा रही है, जो तत्काल प्रभाव से लागू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि तंत्र में तरलता बढ़ाने के उद्देश्य से नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में चरणबद्ध तरीके से एक फीसदी की कमी की जा रही है, जिससे तंत्र में 2.50 लाख करोड़ रुपये की तरलता बढ़ेगी। इस -शेष पृष्ठ दो पर

## सीआरआर में एक प्रतिशत की कटौती

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने आगे महंगाई में नरमी आने को ध्यान में रखते हुए विकास को गति देने के उद्देश्य से नीतिगत दरों विशेषकर रेपो दर में लगातार तीसरी बार 0.50 प्रतिशत की कटौती करने का शुक्रवार को निर्णय लिया। जिससे आवास ऋण, वाहन ऋण और अन्य तरह के लोन सस्ते होंगे।

आरबीआई फरवरी 2025 से लेकर अब तक रेपो दर में एक फीसदी की कटौती कर चुका है। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने एमपीसी की 55वीं और चालू वित्त वर्ष में एमपीसी की दूसरी तीन दिवसीय द्विमासिक बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए कहा कि पिछले दो बार 0.25 प्रतिशत और 0.25 प्रतिशत की रेपो दर में कमी की गई थी और अब इसमें 0.50 प्रतिशत की कटौती की जा रही है, जो तत्काल प्रभाव से लागू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि तंत्र में तरलता बढ़ाने के उद्देश्य से नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में चरणबद्ध तरीके से एक फीसदी की कमी की जा रही है, जिससे तंत्र में 2.50 लाख करोड़ रुपये की तरलता बढ़ेगी।

- बैंकिंग प्रणाली में आएंगे 2.5 लाख करोड़

## नीट-पीजी परीक्षा तीन अगस्त को एक ही पाली में

**नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट** ने 'नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन' (एनबीई) को मेडिकल के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 15 जून को होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-पीजी) 2025, तीन अगस्त को एक ही पाली में आयोजित करने की शुक्रवार को अनुमति दी।

सुप्रीम कोर्ट ने संस्था की दलीलें सुनने के बाद अर्जी स्वीकारी



न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति आगस्टीन जॉर्ज की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने एनबीई की याचिका पर यह आदेश पारित किया। अदालत ने इस संस्था की दलीलें विस्तार पूर्वक सुनने के बाद परीक्षा की तिथि आगे बढ़ाने की उसकी अर्जी स्वीकार कर ली। इससे पहले 30 मई को न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने अदिति और अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था एनबीई को 15 जून को पूर्व निर्धारित दो की बजाय एक ही पाली में परीक्षा आयोजित कराने का निर्देश दिया था।

### ब्रिक्स देश 'जीरो टॉलरेंस' की आतंकी नीति पर सहमत, भारत को सौंपी अध्यक्षता

**नई दिल्ली/ ब्राजीलिया।** ब्रिक्स देशों ने पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए आतंकवाद के विरुद्ध 'ज़ीरो टॉलरेंस' की नीति पर सहमति जताई है। ब्राजील की राजधानी ब्राज़ीलिया में आयोजित 11वें ब्रिक्स संसदीय फोरम के वार्षिक सम्मेलन में भारत सहित 10 सदस्य देशों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। ब्रिक्स संसदीय फोरम का 12वां सम्मेलन भारत में होगा इसलिए सम्मेलन के अंतिम दिन श्री बिरला को अध्यक्षता सौंपी गई है।

### जी-7 की बैठक में भाग लेने कनाडा जाएंगे मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने कनाडा के कनानास्किस में होने वाली जी - 7 के शिखर सम्मेलन बैठक में भाग लेंगे। श्री मोदी ने शुक्रवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क जे कार्ने ने फोन किया और उन्हें जी-7 की बैठक में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। श्री मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री मार्क जे. कार्ने का फोन आने से प्रसन्न हूं। मैंने उन्हें हाल के चुनावों में मिली विजय के लिए बधाई दी।

# पाकिस्तान ने इंसानियत और कश्मीरियत पर हमला किया

## प्रधानमंत्री मोदी ने कहा: हमने पाक पर कयामत बरसा दी

श्रीनगर, वार्ता



- पीएम ने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च ब्रिज का किया उद्घाटन
- अंजी ब्रिज और कटरा में कश्मीर की पहली ट्रेन कटरा-श्रीनगर वंदे भारत को हरी झंडी भी दिखाई

**पीएम मोदी ने** शुक्रवार को पहलगाम हमले के बाद पहली बार जम्मू-कश्मीर का दौरा किया। उन्होंने यहां के रियासी जिले में चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च ब्रिज का तिरंगा दिखाकर उद्घाटन किया।

इसके बाद अंजी ब्रिज और कटरा में कश्मीर की पहली ट्रेन कटरा-श्रीनगर वंदे भारत को हरी झंडी दिखाई। मोदी ने कटरा में 42 मिनट का भाषण दिया। इसमें आतंकवाद, पाकिस्तान और कश्मीर के टूरिज्म का जिक्र किया। पीएम ने कहा कि दुर्भाग्य से हमारे पड़ोस का देश, मानवता का विरोधी, मेलजोल का विरोधी है। वह ऐसा देश है, जो गरीब की रोजी-रोटी का भी विरोधी है। 22 अप्रैल को पहलगाम में जो हुआ, वह इसी का उदाहरण है। पाकिस्तान ने इंसानियत और कश्मीरियत पर हमला किया। हमने 6 मई को उस पर कयामत बरसा दी। चिनाब आर्च ब्रिज रियासी जिले में बक्कल और कौड़ी के बीच बना है। इसे 2003 में मंजूरी मिली थी। शुरुआती प्लान के मुताबिक इसे 2009 तक तैयार हो जाना था, लेकिन इसे पूरा होने में 22 साल लग गए। यह सवा किमी से ज्यादा लंबा है और नदी से ऊंचाई 359 मीटर है। यह पेरिस के एफिल टावर (330 मीटर) से 29 मीटर ऊंचा है। लागत 1486 करोड़ रुपये हैं। पीएम मोदी ने अंजी खड्ड पर बना भारत का पहला केबल स्टे रेल ब्रिज का भी उद्घाटन किया। यह पुल नदी तल से 331 मीटर की ऊंचाई पर बना है। 1086 फीट ऊंचा एक टावर इसे सहारा देने के लिए बनाया गया है, जो करीब 77 मंजिला बिल्डिंग जितना ऊंचा है। यह ब्रिज अंजी नदी पर बना है, जो रियासी जिले के कटरा को बनिहाल से जोड़ता है। चिनाब ब्रिज से इसकी दूरी महज 7 किमी है। इस पुल की लंबाई 725.5 मीटर है। इसमें से 472.25 मीटर का हिस्सा केबल्स पर टिका हुआ है। पीएम मोदी सबसे आखिर में कटरा पहुंचे। यहां के रेलवे स्टेशन पर उन्होंने कश्मीर को जोड़ने वाली कटरा-श्रीनगर वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। नार्दर्न रेलवे 7 जून से कटरा-श्रीनगर रूट पर वंदे भारत ट्रेन सर्विस शुरू कर देगी। आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर टिकट बुकिंग की जा सकेगी। हफ्ते में 6 दिन दो ट्रेनें कटरा और श्रीनगर के बीच चलेंगी। नॉर्दर्न रेलवे ने बताया कि ट्रेन में दो ट्रैवल क्लास हैं। चेयरकार का किराया 715 रुपये और एक्जीक्यूटिव क्लास का किराया 1320 रुपये है। अभी ट्रेनें सिर्फ बनिहाल में रुकेंगी, अन्य स्टॉपेज पर फैसला बाद में होगा। आजादी के 77 साल बाद भी कश्मीर बर्फबारी के सीजन में देश के दूसरे हिस्सों से कट जाता है।

# मोदी ही जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य बनाएंगे: उमर अब्दुल्ला

श्रीनगर, वार्ता

**कहा: जो अंग्रेज नहीं कर पाए, प्रधानमंत्री ने कर दिखाया, कश्मीर बाकी देश से जुड़ा**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने शुक्रवार को कटरा में कश्मीर की पहली ट्रेन वंदे भारत को हरी झंडी दिखाई। इस कार्यक्रम के दौरान जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि मुझे विश्वास है कि जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों फिर से जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा मिलेगा।

रेल प्रोजेक्ट के बारे में उन्होंने कहा कि मोदी साहब इस रेल के ख्वाब बहुत लोगों ने देखे। कश्मीर को बाकी मुल्क के साथ जोड़ने का ख्वाब अंग्रेजों ने भी देखा था, लेकिन वो पूरा नहीं कर पाए। आज जो काम अंग्रेज पूरा नहीं कर पाए, आपके हाथों पूरा हुआ। कश्मीर देश के बाकी हिस्सों से जुड़ गया। जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि मुझे जम्मू-कश्मीर में कई रेलवे परियोजनाओं में प्रधानमंत्री के साथ जुड़ने का सौभाग्य मिला है। सबसे पहले, जब अनंतनाग रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया गया था। दूसरा, जब बनिहाल रेलवे सुरंग का उद्घाटन किया गया था। 2014 में जब कटरा रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया गया था, तब भी यही चार लोग (पीएम मोदी, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह) यहां मौजूद थे। आप पहली बार पीएम बने थे और यहां आए थे। उस समय हमारे गवर्नर साहब रेल राज्य मंत्री हुआ करते थे। माता की कृपा से उनका प्रमोशन हुआ और मेरा डिमोशन हुआ। मैं राज्य का मुख्यमंत्री था, अब केंद्र शासित प्रदेश का मुख्यमंत्री हूं। लेकिन मैं मानता हूं कि ज्यादा समय नहीं लगेगा। आप (पीएम मोदी) ही के हाथों से जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान उमर अब्दुल्ला ने पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी को भी याद किया। उन्होंने कहा कि अगर मैं वाजपेयी साहब को इस मौके पर शुक्रिया नहीं करूं, तो यह बड़ी भूल होगी। इस प्रोजेक्ट की बुनियाद 1983-84 में उन्हीं ने रखी थी। उमर ने बताया कि मैंने पिछले दिनों मीडिया को हंसते हुए कहा था कि जब ये प्रोजेक्ट शुरू हुआ मैं 8वीं क्लास का बच्चा था। आज मेरी उम्र 55 हो चुकी है, मेरे बच्चे भी कॉलेज पास कर चुके हैं। अब जाकर ये प्रोजेक्ट पूरा हुआ। यह तब हुआ जब वाजपेयी साहब ने प्रोजेक्ट को राष्ट्रीय महत्व का दर्जा दिया। बजट में इसका प्रावधान दिया।



### बाबा सिद्दीकी हत्याकांड का मास्टरमाइंड कनाडा में गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पंजाब के जालंधर जिले के नकोदर निवासी जीशान अख्तर उर्फ जस्सी पुरेवाल, जो बाबा सिद्दीकी हत्याकांड का मुख्य आरोपी बताया जा रहा है, को कनाडा के सरे शहर में गिरफ्तार कर लिया गया है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि यह गिरफ्तारी भारतीय जांच एजेंसियों की सूचना के आधार पर हुई है या कनाडाई पुलिस ने स्वतंत्र रूप से यह कार्रवाई की है, लेकिन इतना तय है कि जीशान इस समय कनाडा पुलिस की हिरासत में है और इस गिरफ्तारी को केस में बड़ी सफलता माना जा रहा है। जीशान पर बाबा सिद्दीकी की हत्या की साजिश रचने और घटना के पीछे मुख्य भूमिका निभाने का आरोप है। भारतीय एजेंसियां लंबे समय से उसकी तलाश में थीं।


RADIO SD 90.8 FM
...आपके दिल की बात
2 National Awards & Golden Mikes Awarded
only Community Radio Station of India
रेडियो पर विज्ञापन के लिए संपर्क करे
8937095000/20
WE ARE HIRING
MARKETING EXECUTIVES
&
INTERNS FOR RADIO
Follow us on radiosd908fm
MANDI SAMITI ROAD, MUZAFFARNAGAR- 251001
CONTACT - 8937095000/20


# समलैंगिक जोड़े फैमिली बना सकते हैं: हाईकोर्ट

**चेन्नई।** मद्रास हाईकोर्ट ने दो महिलाओं को परिवार की तरह साथ रहने की अनुमति दी है। कोर्ट ने कहा कि शादी परिवार बनाने का एकमात्र तरीका नहीं है, समलैंगिक जोड़े फैमिली बना सकते हैं। जस्टिस जीआर स्वामीनाथन और जस्टिस वी. लक्ष्मीनारायणन की बेंच एक महिला की रिट याचिका पर सुनवाई कर रही थी। महिला का कहना था कि उसकी पार्टनर को परिवार वालों ने जबरन घर में कैद कर दिया है और उससे मिलने नहीं दिया जा रहा।

- कहा: शादी परिवार बनाने का एकमात्र तरीका नहीं, महिला को पार्टनर के साथ रहने की परमिशन



कोर्ट ने कहा कि ऐसा लगता है कि महिला को जबरन उसके घर ले जाया गया और पीटा गया। उसने हमें बताया कि उसके परिवार के सदस्यों ने कुछ खास रस्में करने के लिए मजबूर किया ताकि वह सामान्य हो जाए। 17 अक्टूबर 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने सेम सेक्स मैरिज को कानूनी मान्यता देने से मना कर दिया था। 5 जजों की संविधान पीठ ने कहा था कि कोर्ट स्पेशल मैरिज एक्ट में बदलाव नहीं कर सकता। कोर्ट सिर्फ कानून की व्याख्या कर उसे लागू करा सकता है। पूर्व चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि स्पेशल मैरिज एक्ट के प्रावधानों में बदलाव की जरूरत है या नहीं, यह तय करना संसद का काम है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ इस साल 13 पुनर्विचार याचिकाएं दाखिल की गईं थीं। कोर्ट ने इन याचिकाओं को खारिज कर दिया था।

### मासूम के साथ हैवानियत करने वाला दरिंदा ढेर

**लखनऊ।** उप्र की राजधानी लखनऊ के आलमबाग क्षेत्र में ढाई साल की मासूम के साथ बलात्कार के आरोपी दीपक को पुलिस ने घटना के 24 घंटे के भीतर एक संक्षिप्त मुठभेड़ में मार गिराया। पुलिस उपायुक्त मध्य आशीष श्रीवास्तव ने शुक्रवार को बताया कि ऐशबाग क्षेत्र के निवासी दीपक वर्मा ने चार और पांच जून की रात एक मासूम के साथ दरिंदगी की थी जब वह अपने माता-पिता के साथ आलमबाग मेट्रो स्टेशन के नीचे सो रही थी कि आरोपी सफेद रंग की स्कूटी से आया और चुपचाप मासूम को उठाकर ले गया। उसने मेट्रो स्टेशन के पास ही दुष्कर्म किया और बालिका को लहूलुहान हालत में छोड़ कर भाग निकला था।

# जेटली को बताकर जेनेवा गया था: माल्या

**नई दिल्ली।** भगोड़े कारोबारी विजय माल्या ने दावा किया कि देश छोड़ने से पहले वो तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली से मिले और उनसे कहा कि वो एक बैठक के लिए जेनेवा जा रहे हैं और वापस आएंगे। लेकिन उनका पासपोर्ट निरस्त कर दिया गया, जिसके कारण वो वापस नहीं आ पाए।



- कहा: पासपोर्ट रद्द हुआ, तो लौट नहीं पाया, भगोड़ा नहीं हूं, निष्पक्ष जांच हो तो वापसी को तैयार

माल्या ने खुद को चोर कहे जाने पर कहा कि मुझे भगोड़ा कह रहे हैं, लेकिन मैं भागा नहीं। मैं तय कार्यक्रम के तहत विदेश गया और वापस नहीं आया, क्योंकि मेरे पास सही वजहें थीं। लेकिन मुझे चोर क्यों कहा जा रहा है? चोरी कहां हुई, वहीं, उन्होंने किंगफिशर एयरलाइंस की नाकामी पर पहली बार सार्वजनिक माफी मांगी है। उन्होंने कहा कि मैं किंगफिशर एयरलाइंस की विफलता के लिए सभी से माफी मांगता हूं। माल्या ने यह बयान बिजनेसमैन राज शमानी के साथ पॉडकास्ट में दिए हैं, जो कि शुक्रवार को रिलीज किया गया है। ये पॉडकास्ट 4 घंटे लंबा है। कारोबारी और पूर्व सांसद विजय माल्या किंगफिशर एयरलाइंस से जुड़ी वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों के बीच 2016 में भारत से यूके भाग गए थे। 5 जनवरी 2019 में विजय माल्या को भगोड़ा घोषित किया गया। माल्या बोले मैं देश छोड़ने से पहले तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली से मिला था। मैंने जेटली से कहा कि मैं जेनेवा में, एफआईए वर्ल्ड काउंसिल मीटिंग के लिए जा रहा हूं, मैं वापस आऊंगा


अल्लामा इक़बाल यूनानी मैडिकल कॉलिज एण्ड ऐ0सी0ऐन0 हॉस्पिटल, मुजफ्फरनगर
की ओर से सभी देशवासियों को ईद-उल-अज़हा की बहुत-बहुत मुबारकबाद
BUMS- 4½ वर्षीय कोर्स नीट क्वालिफाईड
M.D.- 3 वर्षीय कोर्स AIAPGET क्वालिफाईड
डा0 मुश्ताक हुसैन (प्राचार्य) 9897632081
तस्लीम-उल-हक़ (मैनेजिंग डायरेक्टर) 9837132196





समस्त प्रदेशवासियों को दशहरा गंगा स्नान व ईद-उल-अज़हा की हार्दिक शुभकामनाएं
सिंघल इस्पात
एंगल, पत्ती, सरिया, पाईप, चादर आदि के थोक विक्रेता







अमित संगल





नितिन संगल
निकट टाटा धर्मकांटा, मेरठ रोड, वहलना चौक, मुजफ्फरनगर

## संक्षिप्त समाचार

### कश्मीर से कन्याकुमारी तक रेल का सपना पूरा: एम वेंकैया

**नई दिल्ली।** पूर्व उप राष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर में श्री माता वैष्णो देवी कटरा और श्रीनगर के बीच दो वंदे भारत रेलगाड़ी शुरू करने से कश्मीर से कन्याकुमारी तक रेल संपर्क सपना पूरा हो गया है। नायडू ने शुक्रवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि एक स्वागत योग्य घटनाक्रम में, पीएम नरेन्द्र मोदी ने श्री माता वैष्णो देवी कटरा और श्रीनगर के बीच दो वंदे भारत रेलगाड़ी शुरू की हैं, जो कश्मीर घाटी को देश के बाकी हिस्सों से हर मौसम में सतही संपर्क सुनिश्चित करती हैं। उन्होंने कहा कि मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से और लाखों देशवासियों के लिए यह कश्मीर से कन्याकुमारी तक रेल संपर्क के बचपन के सपने के पूरा होने का प्रतीक है।

### ट्रेन संपर्क स्वागत योग्य : मीरवाइज

**श्रीनगर।** हुर्रियत के अध्यक्ष एवं कश्मीर के मुख्य मौलवी मीरवाइज उमर फारूक ने शुक्रवार को कटरा-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के शुभारंभ का स्वागत किया, लेकिन यह केवल ट्रेन संपर्क है जबकि मानव संपर्क इससे अधिक महत्वपूर्ण है। राजधानी श्रीनगर स्थित ऐतिहासिक जामिया मस्जिद में आज आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मीरवाइज ने कहा कि अगर प्रधानमंत्री वाकई दिलों की दूरी को कम करना चाहते हैं, जिसका जिक्र वे अक्सर अपने भाषणों में करते हैं, तो ऐसे मानवीय कदम ही असली रास्ता हैं। ट्रेन संपर्क का स्वागत है, लेकिन मानवीय संपर्क ही वास्तव में मायने रखते हैं और टिकते हैं। मीरवाइज ने सद्भावना के तौर पर ईद-उल-अजहा पर कैदियों को रिहा करने का आह्वान किया और कहा कि जम्मू कश्मीर में हजारों परिवारों के लिए ईद का त्योहार खुशी से ज्यादा दर्द लेकर आता है

### मणिपुर में आठ उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में पुलिस और सुरक्षा बलों ने पिछले 24 घंटों के दौरान अलग-अलग अभियानों के दौरान एक उग्रवादी संगठन के अध्यक्ष समेत आठ उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। मणिपुर पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि यूपीपीके (यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी ऑफ कांगलीपाक) के तीन कार्यकर्ताओं (जिनमें संगठन का अध्यक्ष भी शामिल है) को इंफाल पश्चिम जिले के लाम्फेल-पीएस के अंतर्गत घारी माखा लेइकाई इलाके से पकड़ा गया। यूपीपीके के अध्यक्ष की पहचान कोंथौजम होमेश्वर के रूप में हुई है। इस दौरान दो 45 एमएम पिस्तौल, एक एम-20 पिस्तौल, बंदूक के लाइसेंस बरामद किये गए।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट में 12 लाख केस पेंडिंग

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में मुकदमो का अंबार लगा है। अगर सभी 87 जज बगैर छुट्टी लिए भी सुनवाई करें, तो सभी मुक. दमों को निपटाने में 38 साल लग जाएंगे। इसके पीछे सबसे बड़ी वजह है जजों के खाली पड़े पद हैं। इलाहाबाद हाईकोर्ट में 160 जजों के स्वीकृत पदों के विपरीत केवल 87 जज ही काम कर रहे हैं। अब भी 73 पद खाली पड़े हैं, जिसका परिणाम है कि अभी तक 12 लाख मुकदमे पेंडिंग पड़े हैं। ऐसे में न्याय की आस लिए आने वाले आम आदमी की उम्मीदें कोर्ट की चौखट पर दम तोड़ रही हैं। मई में कुल 37,932 केस दायर हुए थे।

# अमेठी बनेगा यूपी का पहला डिजिटल अभिलेखागार जिला

अमेठी, वार्ता

■ सभी रिकॉर्ड रहेंगे सुरक्षित: जिलाधिकारी

**उत्तर** प्रदेश का अमेठी जल्द ही राज्य का पहला डिजिटल रिकॉर्ड अभिलेख वाला जिला बन जाएगा जहां जिले के सभी पुराने राजस्व अभिलेखों को स्कैन कर डिजिटल स्वरूप में संरक्षित किया जा रहा है।

अधिकृत सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि यूपी में राजस्व अभिलेख राजस्व अभिलेखागार में ही मिलते है। जब राजस्व अभिलेख पुराने हो जाते है, तो कागज धीरे धीरे मृत प्राय: हो जाते है। ऐसे में अभिलेख मिल पाना काफी मुश्किल हो जाता है। इन तमाम समस्याओं से निजात दिलाने के लिए जिला अधिकारी अमेठी संजय चौहान ने एक यूनिक तरीका अपनाया है। इसके लिए राजस्व अभिलेखों को डिजिटल कर उन्हे संरक्षित करने की दिशा में काम अमेठी में चल रहा है। इन्हीं समस्याओं को ध्यान में रखते हुए अब सभी अभिलेखों को स्कैन कर एक विशेष सॉफ्टवेयर पर अपलोड किया जाएगा। इससे न केवल रिकॉर्ड सुरक्षित रहेंगे, बल्कि जरूरत पड़ने पर इन्हें आसानी से खोजा जा सकेगा। डीएम ने एक ऐसे सॉफ्टवेयर की मदद लेने को कहा है जिससे कि संबंधित अभिलेख परिवर्तनों के अनुसार अपडेट भी होते रहे। यूपी का अमेठी डेढ़ दशक पूर्व 72वे जिले के रूप में अस्तित्व में आया था। जिले के पास अभी तक अपना अभिलेखागार भी नहीं बन पाया है जिसके चलते प्राचीन अभिलेखों के लिए जनपद वासियों को पड़ोसी जनपद सुलतानपुर जाना पड़ता है।

# अमेरिका मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ एक स्वतंत्र एवं संप्रभु देश की स्थापना ही फिलिस्तीन मुद्दे का स्थायी समाधान: अरशद मदनी

**नई दिल्ली।** इज़राइल और हमास के बीच तत्काल, व्यापक और स्थायी युद्ध विराम, मानवीय सहायता की तुरंत पहुंचे और गाज़ा में मूल अधिकारों की बहाली के संदर्भ में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के 15 में से 14 सदस्यों द्वारा गाज़ा में युद्ध-विराम और मानवी सहायता से संबंधित एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव के समर्थन में वोट देने के बावजूद अमेरिका के वीटो पावर प्रयोग करने के कारण सुरक्षा परिषद यह प्रस्ताव पारित करने में विफल रहा।

गाज़ा में फिलिस्तीनियों पर इज़राइल के क्रूर शासकों की लगातार बमबारी और अत्याचार के खिलाफ स्थायी युद्ध विराम के प्रस्ताव पर अमेरिका के वीटो पर अपनी कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अध्यक्ष जमीअत उलमा-ए-हिंद मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि 14 देशों ने यह अति उत्तम प्रस्ताव प्रस्तुत किया था, परन्तु अमरीका ने इसका साथ नहीं दिया। इसका स्पष्ट अर्थ यह है कि गाज़ा की तबाही व बरबादी में अमेरिका का हाथ है और फिलिस्तीन में अरबों के नरसंहार में वह नंबर एक भागीदार है, अथवा वह यह चाहता है कि गाज़ा को मानव मुक्त करके यहां यहूदियों को बसाया जाए, लेकिन अल्लाह ने चाहा, तो ऐसा कदापि नहीं होगा। जमीअत उलमा-ए-हिंद का शुरू ही से यह मानना है कि एक स्वतंत्र और संप्रभु देश की स्थापना ही फिलिस्तीन मुद्दे का स्थायी समाधान है। इन अकल्पनीय और खतरनाक परिस्थितियों में अमरीका और उसके राष्ट्रपति के क्रूर इज़राइल का अनुचित समर्थन अत्यंत शर्मनाक एवं निंदनीय है। मौलाना मदनी ने गाज़ा के लड़ाकों के साहस और बहादुरी को सलाम पेश करते हुए कहा कि अमेरिका, इज़राइल और वह सभी देश जो हमास का पूर्ण उन्मूलन चाहते हैं आज भी बुरी तरह विफल हैं। इस परिदृश्य को बाकी रखने के लिए निःसंदेह गाज़ा के लगभग एक लाख शहीदों ने अपना खून दिया है। जमीअत उलमा-ए-हिंद फिलिस्तीन के स्वतंत्रता सेनानीयों को अपनी हार्दिक संवेदना का आश्वासन दिलाती है और उनकी आज़ादी की मांग का पूरा समर्थन करती है। दुआ है कि अल्लाह तआला फिलिस्तीनियों के साहस और उनकी हिम्मत को बुलंद रखते हुए उनकी मदद फरमाए, ज़ालिम ताक़तों और उनके समर्थकों को नष्ट और बर्बाद करे, आमीन।

# देश में असली जनगणना नहीं कराएगी सरकार: राहुल



**राजगीर (नालंदा)।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वर्तमान सांसद राहुल गांधी ने दलित, पिछड़ा, अतिपिछड़ा एवं अल्पसंख्यकों को सावधान करते हुए आज कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली केंद्र की राजग सरकार देश में असली जाति जनगणना नहीं कराएगी। श्री गांधी ने शुक्रवार को यहां 'संविधान सुरक्षा सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार देश में असली जाति जनगणना नहीं कराएगी क्योंकि जिस दिन उन्होंने ऐसा किया उसी दिन उनकी राजनीति समाप्त हो जाएगी। उन्होंने जाति जनगणना के दो मॉडलों को उल्लेख करते हुए कहा कि एक मॉडल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का और दूसरा मॉडल तेलंगाना का है। कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा के जाति जनगणना मॉडल के तहत अधिकारी बंद कमरे में बैठकर सवाल तैयार कर रहे हैं लेकिन सवाल तैयार करने वालों में दलित, पिछड़ा, अतिपिछड़ा और अल्पसंख्यक समाज का एक भी व्यक्ति शामिल नहीं है। वहीं, तेलंगाना में जाति जनगणना कराने के लिए जिन लोगों ने सवाल बनाए उनमें दलित, पिछड़ा, अति पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक संगठन, उनके नेता, पत्रकार और बुद्धिजीवियों को शामिल किया गया था।

### योगी ने सूरजकुंड कॉलोनी में बने कल्याण मंडपम का लोकार्पण किया

# आमजन की सुविधाओं को सरकार प्रयासरत

गोरखपुर, वार्ता



■ अच्छी व्यवस्था को सभी को करनी होगी पहल

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा किसी भी सभ्य समाज के लिए उसकी जरूरत के अनुरूप आवश्यक सुविधाएं और संसाधन जुटाना लोकप्रिय सरकार का दायित्व होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सुविधाओं और संसाधनों की व्यवस्था होना समस्या समाधान का भी मंच बनता है। हमारा प्रयास होना चाहिए कि आज के समय में समाज के अलग-अलग तबके के लिए उनकी आय के अनुरूप बेहतरीन सुविधाएं और व्यवस्थाएं देकर उनका जीवन आसान बना सकें।

योगी शुक्रवार को सूरजकुंड कॉलोनी में बने शहर के दूसरे कल्याण मंडपम का लोकार्पण करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। यह कल्याण मंडपम नगर निगम की तरफ से 4-52 करोड़ रुपये की लागत से 35500 वर्गफीट क्षेत्र में बनाया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर नगर निगम प्रदेश का पहला नगर निगम है जिसने निम्न और मध्यम आय वर्ग के लोगों के मांग. लिक कार्यक्रमों को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए कल्याण मंडपम बनाने की पहल की। 11 से 25 हजार रुपये में यदि मांगलिक कार्य के लिए कल्याण मंडपम जैसा स्थल मिल जाए तो समारोह काफी आसानी, अच्छे और सस्ते में हो सकता है। इसके अलावा नगर निगम की तरफ से पांच और कल्याण मंडपम निर्माणाधीन हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने विधायक निधि का पूरा पैसा कल्याण मंडपम के लिए दे दिया है। गोरखपुर नगर निगम जैसी संस्थाएं अन्य निकायों के लिए मानक बन सकती हैं। योगी ने कहा कि पीएम मोदी ने स्मार्ट सिटी का जो विजन दिया है, उसे सेफ सिटी में भी बदलना है। हमें ऐसा शहर बनाना है जहां बेटी, व्यापारी, बच्चे, संभ्रांत समेत समाज का हर व्यक्ति खुद को सुरक्षित महसूस कर सके, ताकि सुरक्षा में सेंध लगाने की हिम्मत करने वाले जान लें कि उन्हें इसकी क्या कीमत चुकानी पड़ेगी। सीएम ने नागरिकों को स्वच्छता और और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि किसी भी अच्छी व्यवस्था के लिए पहल करनी पड़ती है और यह सामूहिक जिम्मेदारी होती है। इस अवसर पर सीएम ने पार्षदों से अपील की कि वे अपने वार्डों में मोहल्ला समितियां गठित कराएं। सफाई की निगरानी इस समिति के जिम्मे हो और साथ ही समितियों को पौधरोपण और पर्यावरण संरक्षण से भी जोड़ा जाए। जलवायु परिवर्तन के कारण अत्यधिक बारिश, असमय बारिश और सूखा पड़ने के संकट की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे संकट पूरे क्षेत्र को चपेट में लेते हैं। मानव जनित समस्या के समाधान का मार्ग भी मानव को ही बनाना होगा। सीएम योगी ने कहा कि क्लाइमेट चेंज की भयावह स्थितियों से बचने के लिए प्रकृति की शरण में जाना होगा। उन्होंने पर्यावरण की समस्या के समाधान के पीएम मोदी के आह्वान के अनुरूप एक पेड़ मां के नाम लगाने, नदियों के कैचमेंट एरिया में दोनों तरफ पौधरोपण करने का अनुरोध किया। आज गोड़धोइया को पुनर्जीवित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नदियों के दोनों तरफ पौधे लगाकर हम प्रकृति और पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित कर सकते हैं। इस वर्ष 35 करोड़ पौधरोपण के लिए 50 करोड़ नर्सरी तैयार है। सीएम ने घोषणा की कि 75 बेडेड वर्किंग वूमेन हॉस्टल अहिल्याबाई के नाम पर होगा।

### यूपी में 3235 नए लंबे व छोटे पुलों का होगा निर्माण, गांव तक बढ़ेगी कन्टेविटी

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ की सरकार ने यूपी की सड़कों और पुलों को मजबूती देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने प्रदेश के सभी जिलों, तहसीलों, कस्बों और गांवों में यातायात को बेहतर बनाने के लिए 3,235 नए लंबे और छोटे पुलों के निर्माण और मरम्मत की योजना बनाई है, जिसके लिए लगभग 28,346 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। लोक निर्माण विभाग ने इस योजना को साल 2025-26 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा है।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों से कहा है कि प्रदेश के किसी भी हिस्से में लोगों को आने-जाने में दिक्कत न हो। खासकर गांवों में जहां सड़कें और पुल टूटी हुई हालत में हैं, वहां फौरन काम शुरू किया जाए। लोक निर्माण विभाग ने बताया कि 60 मीटर से ज्यादा लंबाई वाले पुलों का निर्माण उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम लिमिटेड करेगा। वहीं, 6 मीटर से 60 मीटर तक की लंबाई वाले छोटे पुलों का जिम्मा लोक निर्माण विभाग ने अपने हाथों में लिया है। इस योजना में नाबार्ड, राज्य योजना (ग्रामीण) और राज्य योजना (शहरी) जैसी तीन प्रमुख योजनाएं शामिल की गई हैं। इनके जरिए न केवल नए पुल बनाए जाएंगे, बल्कि पुराने और कमजोर पुलों की मरम्मत और चौड़ीकरण का भी काम होगा। उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में पुराने पुल बरसात में बह जाते हैं या टूट जाते हैं। इस वजह से लोगों को काफी दिक्कतें होती हैं। अब सरकार ने ऐसे पुलों को स्थायी रूप से मजबूत बनाने का फैसला लिया है। बाढ़ प्रभावित इलाकों की दिक्कतों को देखते हुए उन इलाकों में भी नए पुल बनाए जाएंगे, ताकि गांवों और शहरों का संपर्क हर मौसम में बना रहे। खास बात यह है कि जिन इलाकों में लोग अस्थायी पुल बना लेते हैं, वहां अब पक्के और मजबूत पुल बनाए जाएंगे। इससे किसानों, व्यापारियों और आम लोगों को फायदा होगा।

# कोरोना मामलों की संख्या 5 हजार के पार

नई दिल्ली, वार्ता

■ पिछले चौबीस घंटे में चार और मरीजों की मौत मृतक संख्या 55 हुई

**देशभर** में कोराना संक्रमण के 464 सक्रिय मामले बढ़ने के साथ कुल सक्रिय मामलों की संख्या शुक्रवार सुबह बढ़कर 5364 तक पहुंच गई। पिछले 24 घंटों में इसके संक्रमण से चार और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 55 पहुंच गई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार आज सुबह आठ बजे तक देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 5364 पहुंच गई। अभी तक 4724 मरीजों को स्वस्थ्य होने पर उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है और एक जनवरी से अब तक 55 लोगों की मौत हुयी है। पिछले 24 घंटों में कोराना संक्रमण के कुल 1266 मामले सामने आये हैं। जिनमें सबसे ज्यादा मामले केरल में दर्ज किए गए हैं। देश के नौ राज्यों में कोरोना सक्रिय मामलों सबसे अधिक है। जिनमें से केरल, दिल्ली, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल में भी मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। इस अवधि के दौरान चार और मरीजों की जान चली गई। पिछले 24 घंटे में कोरोना के संक्रमण केरल में दो और कर्नाटक और पंजाब में एक-एक मरीज की मौत हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने लोगों से कोरोना प्रोटोकोल का पालन करने की अपील की है और कहा कि घबराने की आवश्यकता नहीं हैं। लोगों को भीड़भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचने और मास्क का इस्तेमाल करने को कहा गया है। स्थानीय प्रशासन को सभी तरह की स्वास्थ्य सेवा की तैयारी करने के निर्देश दिए गए। देश में कुल सक्रिय मामलों में सबसे अधिक 1679 केरल के हैं और दिल्ली में 592 दर्ज किये गए हैं। इसके अलावा गुजरात में 615, पश्चिम बंगाल में 596, महाराष्ट्र में 548, कर्नाटक में 451, तमिलनाडु में 221, उत्तर प्रदेश में 205, राजस्थान में 107, हरियाणा में 78, आंध्र प्रदेश में 62, पुढुचेरी और सिक्किम में 12-12, मध्य प्रदेश में 36, झारखंड में आठ, छत्तीसगढ में 24, बिहार में 37, ओडिशा में 23, जम्मू-कश्मीर में सात, पंजाब में 21, असम में 10, गोवा में आठ, सिक्किम में 12, तेलंगाना में पांच, उत्तराखंड में तीन, चंड़ीगढ़ में दो और हिमाचल प्रदेश एक सक्रिय मामले हैं। मिजोरम और अरुणाचल प्रदेश में कोरोना संक्रमण को कोई मामला सामने नहीं आया है।

## अर्थ व्यापार

# रेपो दर में कटौती से बाजार ने भरी उड़ान

मुंबई, वार्ता



**भारतीय** रिजर्व बैंक के रेपो दर में अप्रत्याशित आधे प्रतिशत की कटौती करने से दर के प्रति संवे. दनशील रियल्टी, बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं और ऑटो समेत 19 समूहों में हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार ने लंबी छलांग लगाई।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 746.95 अंक अर्थात 0.92 प्रतिशत की तूफानी तेजी के साथ आठ कारोबारी सत्र के बाद 82 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 82,188.99 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 252.15 अंक यानी 1.02 प्रतिशत उछलकर 25 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के ऊपर 25003.05 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.91 प्रतिशत मजबूत होकर 46,096.51 अंक और स्मॉलकैप 0.43 प्रतिशत चढ़कर 53,440.26 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4156 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2278 में लिवाली जबकि 1744 में बिकवाली हुई वहीं 134 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2993 कंपनियों के शेयरों में से 1673 में तेजी जबकि 1229 में गिरावट रही वहीं 91 में टिकाव रहा। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की 55वीं और चालू वित्त वर्ष में एमपीसी की दूसरी तीन दिवसीय द्विमासिक बैठक में लिये गए निर्णयों की जानकारी देते हुए कहा कि पिछले दो बार से रेपो दर में 0.25 प्रतिशत और 0.25 प्रतिशत की कमी की गई थी और अब इसमें 0.50 प्रतिशत की कटौती की जा रही है, जो तत्काल प्रभाव से लागू हो जाएगी। इससे बीएसई के 19 समूहों में जमकर लिवाली हुई। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स आठ प्रतिशत फिसलकर 81,434.24 अंक पर खुला और बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 81,140.11 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से यह दोपहर से पहले 82,299.89 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

### विदेशी मुद्रा भंडार 691.5 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि में भारी गिरावट आने से 30 मई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.2 अरब डॉलर लुढ़ककर 691.5 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.9 अरब डॉलर की बढ़त के साथ 692.7 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़े के अनुसार, 30 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.95 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 584.2 अरब डॉलर पर आ गई। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार में 72.3 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 84.3 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

# खाद्य तेल समेत सभी जिंसो के भाव रहे स्थिर

नई दिल्ली, वार्ता



■ चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस पर पड़े रहे

विदेशी बाजारों में तेजी आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा पांच रिंगिट बढ़कर 3909 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया।

इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0-50 सेंट की तेजी के साथ 47-15 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे।

इस दौरान चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन : चना 5700-5900, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7500-7600, मूंग दाल 9500-9600, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 8600-8700 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

अनाज: गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3650-3750 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

खाद्य तेल : सरसों तेल 16484 रुपये, मूंगफली तेल 17912 रुपये, सूरजमुखी तेल 16116 रुपये, सोया रिफाइंड 14138 रुपये, पाम ऑयल 14286 रुपये और वनस्पति तेल 15751 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**घर व कार..** कटौती के बाद सीआरआर चार प्रतिशत से कम होकर तीन प्रतिशत रह जाएगी। मल्होत्रा ने कहा कि फरवरी 2025 से लगातार नीतिगत रेपो दर में 100 आधार अंकों की कटौती करने के बाद, मौद्रिक नीति समिति ने भी महसूस किया कि वर्तमान परिस्थितियों में, मौद्रिक नीति के पास अब विकास को समर्थन देने के लिए बहुत सीमित गुंजाइश बची है, इसलिए, समिति ने भी रुख को उदार से बदलकर तटस्थ करने का फैसला किया। अब से, समिति आने वाले आंकड़ों और उभरते परिदृश्य का सावधानीपूर्वक आकलन करेगी, ताकि सही विकास, मुद्रास्फीति संतुलन बनाने के लिए मौद्रिक नीति के भविष्य की दिशा तय की जा सके। उन्होंने कहा कि अप्रैल में एमपीसी की बैठक के बाद से वैश्विक आर्थिक परिदृश्य के बारे में अनिश्चितता कुछ हद तक कम हुई है, क्योंकि अस्थायी टैरिफ राहत और व्यापार वार्ता के बारे में आशावाद है। हालांकि, यह भावनाओं को कमजोर करने और वैश्विक विकास की संभावनाओं को कम करने के लिए ऊंचा बना हुआ है। तदनुसार, बहुपक्षीय एजेंसियों द्वारा वैश्विक विकास और व्यापार अनुमानों को नीचे की ओर संशोधित किया गया है। हाल की अवधि में बाजार में उतार-चढ़ाव कम हुआ है, इक्विटी बाजारों में सुधार हुआ है, डॉलर इंडेक्स और कच्चे तेल में नरमी आई है, हालांकि सोने की कीमतें ऊंची बनी हुई हैं। गवर्नर ने कहा कि आर्थिक गतिविधि 2025-26 में गति बनाए रखना जारी रखती है, जिसे निजी खपत और निश्चित पूंजी निर्माण में वृद्धि का समर्थन प्राप्त है। निरंतर ग्रामीण आर्थिक गतिविधि ग्रामीण मांग के लिए अच्छा संकेत है, जबकि सेवा क्षेत्र में निरंतर विस्तार से शहरी मांग में पुनरुद्धार का समर्थन मिलने की उम्मीद है। उच्च क्षमता उपयोग, वित्तीय और गैर-वित्तीय कॉरपोरेट्स की बैलेंस शीट में सुधार और सरकार के पूंजीगत व्यय को बढ़ावा देने के मद्देनजर निवेश गति. विधि में सुधार की उम्मीद है। व्यापार नीति अनिश्चितता माल निर्यात की संभावनाओं पर भारी पड़ रही है, जबकि ब्रिटेन के साथ एफटीए का समापन और अन्य देशों के साथ प्रगति व्यापार गति. विधि का समर्थन करती है। उन्होंने कहा कि आपूर्ति पक्ष पर, सामान्य से बेहतर दक्षिण-पश्चिम मानसून के पूर्वानुमान और लचीली संबद्ध गतिविधियों के कारण कृषि की संभावनाएं उज्ज्वल बनी हुई हैं।

सेवा क्षेत्र से अपनी गति बनाए रखने की उम्मीद है। हालांकि, लंबे समय तक भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक व्यापार तथा मौसम संबंधी अनिश्चितताओं से उत्पन्न होने वाले प्रभाव विकास के लिए नकारात्मक जोखिम पैदा करते हैं। इन सभी कारकों को ध्यान में रखते हुए, 2025-26 के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जिसमें पहली तिमाही 6.5 प्रतिशत, दूसरी तिमाही 6.7 प्रतिशत, तीसरी तिमाही 6-6 प्रतिशत और चौथी तिमाही 6-3 प्रतिशत होगी। श्री मल्होत्रा ने कहा कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित प्रमुख मुद्रास्फीति ने मार्च और अप्रैल में अपनी गिरावट जारी रखी, जिसमें हेडलाइन सीपीआई मुद्रास्फीति अप्रैल 2025 में लगभग छह साल के निचले स्तर 3.2 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) पर आ गई। इसका मुख्य कारण खाद्य मुद्रास्फीति थी, जिसमें लगातार छठी मासिक गिरावट दर्ज की गई। ईंधन समूह ने अपस्फीति की स्थिति में उलटफेर देखा और मार्च और अप्रैल के दौरान सकारात्मक मुद्रास्फीति प्रिंट दर्ज किए, जो आंशिक रूप से एलपीजी की कीमतों में वृद्धि को दर्शाता है। सोने की कीमतों में बढ़ोतरी के बावजूद मार्च-अप्रैल के दौरान मुख्य मुद्रास्फीति काफी हद तक स्थिर और नियंत्रित रही। उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति का दृष्टिकोण प्रमुख घटकों में नरमी की ओर इशारा करता है। रबी फसल के मौसम में रिकॉर्ड गेहूं उत्पादन और प्रमुख दालों के अधिक उत्पादन से प्रमुख खाद्य वस्तुओं की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित होनी चाहिए। सामान्य से अधिक मानसून की संभावना और इसकी जल्दी शुरुआत खरीफ फसल की संभावनाओं के लिए शुभ संकेत है। इसे देखते हुए, मुद्रास्फीति की उम्मीदें नरमी का रुख दिखा रही हैं, खासकर ग्रामीण परिवारों के लिए। अधिकांश अनुमान कच्चे तेल सहित प्रमुख वस्तुओं की कीमतों में निरंतर नरमी की ओर इशारा करते हैं। इन अनुकूल पूर्वानुमानों के बावजूद, हमें मौसम संबंधी अनिश्चितताओं और वैश्विक कमोडिटी कीमतों पर उनके प्रभाव के साथ अभी भी विकसित हो रहे टैरिफ संबंधी चिंताओं पर सतर्क रहने की जरूरत है। सामान्य मानसून को मानते हुए और विभिन्न कारकों को ध्यान में रखते हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए खुदरा मुद्रास्फीति अब 3.7 प्रतिशत अनुमानित है, जिसमें पहली तिमाही 2.9 प्रतिशत, दूसरी तिमाही 3.4 प्रतिशत, तीसरी तिमाही 3.9 प्रतिशत और चौथी तिमाही 4.4 प्रतिशत रहने की संभावना है।

# रेपो दर में कटौती से आर्थिक गति को मिलेगा बल: फिक्की

**नई दिल्ली। उद्योग** जगत ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के रेपो दर में 0-50 प्रतिशत की अप्रत्याशित कटौती के फैसले को साहसिक कदम बताया और कहा कि इससे आर्थिक गतिविधियों को बल मिलेगा।

वाणिज्य एवं उद्योग संगठन भारतीय उद्योग परिसंघ (फिक्की) के अध्यक्ष हर्षवर्धन अग्रवाल ने आरबीआई के निर्णय का स्वागत किया और इसे साहसिक और सक्रिय कदम करार देते हुए कहा कि यह बाजार की अपेक्षाओं से कहीं अधिक है और इससे स्पष्ट संकेत मिलता है कि आरबीआई आर्थिक वृद्धि को प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री अग्रवाल ने कहा कि यह निर्णय ऐसे समय में लिया गया है जब भारतीय अर्थव्यवस्था व्यापार अनिश्चितताओं, वैश्विक भू-राजनीतिक तनावों और वित्तीय बाजार में अस्थिरता जैसी कई चुनौतियों का सामना कर रही है। उन्होंने कहा कि यह समय पर लिया गया कदम घरेलू मांग को मजबूत करेगा, ऋण उठाव को प्रोत्साहित करेगा और समग्र आर्थिक गति. विधियों को गति प्रदान करेगा। उन्होंने आरबीआई के 6.5 प्रतिशत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) विकास दर के अनुमान और सौम्य मुद्रास्फीति दृष्टिकोण को भी भारतीय अर्थव्यवस्था की लचीलापन का प्रमाण बताया। फिक्की अध्यक्ष ने यह भी कहा कि आरबीआई ने मुद्रास्फीति पर नियंत्रण और आर्थिक वृद्धि के बीच संतुलन साधने में सफल रही है, जो मौजूदा वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह नीति निर्णय वित्तीय प्रणाली में सहजता बढ़ाएगा और सभी क्षेत्रों विशेषकर एमएसएमई को राहत देगा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8434 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# विदेशी कॉल के नाम पर करोड़ों की ठगी में तीन गिरफ्तार

## काजीखेड़ा के एक्सचेंज से कॉल के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के खेल का एसएसपी ने किया खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** साइबर क्राइम टीम और एसटीएफ की मदद से अवैध टेलीफोन एक्सचेंज का भंडाफोड करते हुए पुलिस ने मौके से तीन लोगों को गिरफ्तार किया है जबकि टीम का मास्टर माइंड भागने में कामयाब हो गया। यह गिरोह विदेशी कॉल के नाम पर देश भर में लोगों को ठगी का शिकार बनाता था। वीओआईपी (वॉइस ओवर इंटरनेट प्रोटोकॉल) के जरिए कॉल परिवर्तित कर तीन महीने में 20 हजार कॉल के जरिए करीब 10 करोड रुपये की ठगी की गई। आईटीआई डिप्लोमा धारक सद्दाम सहित तीन आरोपी पकडे गए।

पुलिस लाइन में एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने पत्रकारों को बताया कि बृहस्पतिवार देर रात बुढ़ाना मोड के पास काजीखेडा निवासी मोसीन, उसका बहनोई मेरठ के मवाना निवासी फिरोज और रिश्तेदार थाना ककरौली के गांव कम्हेडा निवासी सद्दाम हुसैन को कार से गिरफ्तार किया। संदिग्ध सामान बरामद होने पर पूछताछ में अवैध टेलीफोन एक्सचेंज संचालित किए जाने की जानकारी मिली। आरोपी देश-विदेश में बैठे अन्य साथियों की कॉल को ठगी के लिए वीओआईपी (वॉइस ओवर इंटरनेट प्रोटोकॉल) के जरिये ट्रांसफर करते थे। मास्टरमाइंड मवाना के जुनैद समेत पुलिस तीन आरोपियों की तलाश कर रही है। जुनैद ने सिम बॉक्स का काम सिखाया था। महाराष्ट्र, करनाल, दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब समेत अन्य प्रदेशों के लोगों को गुमराह कर उनके नाम पर सिमकार्ड खरीदे गए, जिनका प्रयोग सिम बॉक्स में किया जा रहा था। वर्चुअल आईडी से एनी डेस्क और टीम वीवर मिरर एप के माध्यम से कॉल होती थी।

### लेपटॉप सहित कीमती सामान बरामद

एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापत और एसपी क्राइम इंदु सिद्धार्थ ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से तीन सिम बॉक्स, चार वाई-फाई राउटर, तीन एंड्रायड सहित सात मोबाइल, 40 सिम कार्ड, एक लैपटॉप, दो एटीएम कार्ड, केबिल बरामद हुआ है। इंटरनेट के जरिए की जाने वाली वॉइस ओवर इंटरनेट प्रोटोकॉल के जरिए कॉल करने वाले की पहचान छिप जाती है। साइबर ठगी के बाद पुलिस के लिए ट्रेस करना मुश्किल होता है। उधर, अंत. रराष्ट्रीय कॉल का टैक्स नहीं जमा कर यह गिरोह सरकार को राजस्व की भी हानि पहुंचा रहा था।

### काजीखेड़ा से होती थी कॉल ट्रांसफर

पकडे गए तीनों आरोपियों को गिरोह के सदस्य नंबर देकर कॉल ट्रांसफर कराते थे, जिसकी एवज में तीनों आरोपियों को क्रिप्टो करेंसी के माध्यम से विदेशी मुद्रा मिलती थी। बाद में इसे भारतीय मुद्रा में एक्सचेंज कराया जाता था। सारा पैसा सद्दाम के खाते में आता था। एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि यह गिरोह यूपी के अलावा दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब आदि प्रदेशों के लोगों को लोन के नाम पर गुमराह कर उनके आधार कार्ड पर सिम निकलवाकर उनका इस्तेमाल ठगी में करते थे। अब तक यह गिरोह 22 हजार से अधिक कॉल कर सैंकडों लोगों से 10 करोड तक की ठगी कर चुका है। कई खातों को सीज कराया गया है, जिसमें लाखों रूपये का लेन-देन हुआ है। पकडे गए आरोपियों के खातों से रकम दूसरे खातों में स्थानांतरित करने की भी बात सामने आई है। कुछ लोग एक महिला को एडिट अश्लील वीडियो के नाम पर मोटी रकम मांगी जा रही है। इसके बाद हरकत में आई पुलिस ने अपनी जांच पडताल शुरू की। कप्तान ने बताया कि एटीएस और डिपार्टमेंट ऑफ टेलीकम्यूनिकेशन की टीम से काजीखेडा के इस टेलीफोन एक्सचेंज को पकडघ गया है। यह गिरोह अवैध एक्सचेंज चलाकर सरकार को राजस्व का चूना लगा रहे थे। पता चला है कि जालसा. जों ने यूपी के अलावा महाराष्ट्र, गुजरात, दिल्ली, हरियाणा आदि राज्यों में लोगों को अपनी ठगी का शिकार बना रखा है।

# ईद-उल-अज़हा पर मस्जिद में होने वाली नमाज का समय

**मुजफ्फरनगर।** ईद-उल-अज़हा की नमाज के लिए शहर की ईदगाह समेत अलग-अलग मस्जिदों में नमाज अदा करने के लिए समय तय करते हुए शहर काजी तनवीर आलम ने बकरा ईद पर प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी देने से बचने की भी अपील की है।

| | |
|---|---|
| ईदगाह | 06:30 |
| मस्जिद फक्कर शाह | 06:45 |
| मस्जिद हौज वाली खालापार | 06:45 |
| मस्जिद पीर वाली मल्हुपूरा | 06:45 |
| मस्जिद चौडी गली लद्धावाला | 06:45 |
| मस्जिद हौज वाली, सरवट गेट | 07:00 |
| मस्जिद नुमाईश कैम्प, विकास भवन के सामने | 07:00 |
| मस्जिद मुहम्मदी पुजाये वाली रहमत नगर | 07:15 |



जन्मदिन पर राहगीरों को फल वितरित करते मंत्री कपिल देव व उन्हे बधाई देते भाजपाई।

# ट्रैक्टर पलटा, भोजाहेड़ी के ग्रामीण की यमुनानगर में मौत

- स्टेयरिंग फेल होने से हुआ हादसा, परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** पुरकाजी समीपवर्ती ग्राम भोजाहेडी निवासी एक ट्रैक्टर ट्राली चालक की स्टेरिंग फेल होने से ट्रैक्टर खाई में पलटने से मौके पर ही दुखद मौत हो गई है परिजनो द्वारा कोई कानूनी कार्यवाही से इंकार करने पर पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम के उपरान्त परिजनो को सोप दिया है। जिसको देर शाम गमगीन माहौल में सुपर्दे खाक कर दिया गया है।

ग्राम भोजाहेडी निवासी लगभग 32 वर्षीय रिहान पुत्र मुर्तजा गुरुवार की देर शाम ट्रैक्टर ट्राली में पोपलर की लकडी भरकर जमनानगर हरियाणा के लिए रवाना हुआ था जब वह देर रात जमना नगर से लगभग 5 किलोमीटर पहुंचा तो ट्रैक्टर का स्टेयरिंग फैल हो गया जिससे ट्रैक्टर असन्तुलित होकर सडक किनारे गडढे में पलटने उसके नीचे दबकर ट्रैक्टर चालक रिहान की उसके नीचे दबकर मौके पर ही मौत हो गई तथा गांव में शोक की लहर दौड गई।

उधर यमुनानगर पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के उपरान्त मृतक का शव परिजनो को सौप दिया दोपहर उपरान्त मृतक का शव गांव पहुंचने पर परिवार मे मोहराम मच गया तथा पूरे गाँव में शौक की लहर दौड गई गॉव पहुंचने पर मृतक के शव को गमगीन माहौल मे सुपर्दे खाक कर दिया गया है।



मुजफ्फरनगर: पुलिस लाइन में पकड़े गए गिरोह की जानकारी देते एसएसपी व अन्य अधिकारी।

# राहगीरों को फल-जूस बांटकर मनाया मंत्री कपिल का जन्मदिन

- भाजपाइयों ने शिव चौक पर आतिशबाजी कर दी मुबारकबाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** प्रदेश के कौशल विकास एवं व्यवसायिक शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल का जन्मदिन मनाते हुए कार्यकर्ताओं ने राहगीरों को फल व जूस का वितरण कर मनाया। इसके साथ ही जिला चिकित्सालय ने मरीजों को राज्यमंत्री कपिल देव ने फल वितरित किए।

कार्यक्रम की शुरूआत भगवान शिव प्रतिमा पर माल्यार्पण और पूजन के साथ मनाया। यहां भाजपाईयों ने केक काटकर आतिशबाजी भी की। जश्न के माहौल में कार्यकर्ताओं ने राज्यमंत्री कपिल देव के दीर्घायु होने की कामना की तो वहीं राज्यमंत्री कपिल देव ने कार्यकर्ताओं के बीच क्षेत्र के विकास का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर भाजपा के पदाधिकारी, सभासद, युवा मोर्चा कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में भाजपाईयों ने कहा कि कपिल देव न केवल कुशल प्रशासक है बल्कि उन्होने क्षेत्र में कोशल विकास शिक्षा और आधार भूत ढांचे को मजबूत करने में अपनी अहम भूमिका निभाकर राजनीति के क्षेत्र में भी एक नई पहचान बनाई है। उन्होने अपने व्यवहार से आम जन के दिलों पर नई छाप छोडी है।

# भीम आर्मी व असपा कार्यकर्ताओं की पुलिस से झड़प

## मीरांपुर टोल प्लाजा पर भाकियू संघर्ष मोर्चा व आसपा ने दिया धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** कस्बे के निकट स्थित मुझेडा टोल प्लाजा पर शुक्रवार को जहां भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा धरना दे रही थी उसी दौरान आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता भी टोल के विरूद्ध धरना प्रदर्शन कर रहे थे। ग्रामीणों के साथ मिलकर पार्टी कार्यकर्ता टोल को समाप्त करने की मांग कर रहे थे। प्रदर्शन धीरे-धीरे उग्र होता चला गया, जिससे टोल पर तैनात कर्मियों में हडकंप कच गया।

इसी दौरान टोल कर्मियों ने आरोप लगाया कि आजाद समाज पार्टी का एक कार्यकर्ता टोल के बेरियर को उखाड़ने का प्रयास कर



रहा है। मामले की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना पर मीरा. पुर थाना अध्यक्ष बबलू सिंह वर्मा फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे तथा आजाद समाज पार्टी के जिला प्रभारी हुमायूं सिद्दीकी से जमकर बहस हो गई। दोनों के बीच हुई यह तीखी बहस न केवल मौके पर मौजूद लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी, बल्कि इसका वीडियो सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो गया। बहस के दौरान जब थाना प्रभारी ने हुमायूं सिद्दीकी को थाने ले जाने की बात कही, तो पार्टी कार्यकर्ताओं ने इसका जोरदार विरोध किया। मौके की नजाकत को देखते हुए पुलिस ने सिद्दीकी को मौके पर ही छोड़ दिया।

हालात को नियंत्रण में रखने के लिए टोल प्लाजा पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। प्रदर्शनकारी लगातार टोल को ग्रामीणों के लिए पूरी तरह से मुक्त करने की मांग पर अड़े हुए हैं। वहीं पुलिस प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है और शांति बनाए रखने की अपील कर रहा है। सिद्दीकी ने बताया कि टोल अधिकरियों ने उनकी मांगे मान ली हैं टोल प्लाजा क्षेत्र के 6 किलोमीटर के दायरे में आने वाले लोगो को अब टोल सु मुक्त रखा जायेगा तथा यह सुविधा आधार कार्ड दिखा कर दे दी जायेगी। इस मोके पर गौतम रवि, हाफिज नईम, अश्विनी, कामिल, छोटा राजन, सद्दाम, नवाज सिद्दीकी, जुबैर आदि मौजूद थे।

# हथियारों की तस्करी में एक गिरफ्तार, छह फरार

**मुजफ्फरनगर।** रामराज पुलिस ने हथियारों की सप्लाई करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एक शातिर को 10 तमंचों के साथ गिरफ्तार किया है, 6 सप्लायर अभी फरार है। यह गैंग मेरठ, मुजफ्फरनगर, मवाना के कई शातिर अपराधियो को हथियार उपलब्ध कराता रहा है। पुलिस लाइन के सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि एसपी देहात आदित्य बंसल के निर्देशन में रामराज पुलिस ने बडी कामयाबी हासिल की है। देवल की जमालपुर नहर के पास चैकिंग के दौरान बाइक सवार युवक सुधांशु पुत्र संजय निवासी सैफपुर फिरोजपुर थाना बहसुमा को पकड लिया। तलाशी में बाइक पर टंगे बैग से 10 तमंचे बरामद हुए। थाने लाकर पूछताछ की गई तो आरोपी ने बताया कि वह अपने साथी हर्ष पुत्र नैन सिंह निवासी फिरोजपुर, मनीष पुत्र प्रमोद निवासी रामराज, अजय पुत्र जोगेन्द्र निवासी मानपुर हस्तिनापुर, कपिल पंडित निवासी फैजलपुर तारापुर, गुडडू पुत्र बालेश्वर निवासी हस्तिनापुर और कोशिन्द्र निवासी हरदीपुर गावडी के साथ इलाके में हथियारों की सप्लाई करता है। उनका गैंग मेरठ, मवाना और मुजफ्फरनगर के कई गैंगों को अवैध शस्त्र बेच चुका है।






मीरांपुर: टॉल प्लाजा पर धरना देते ग्रामीण व भीम आर्मी के कार्यकर्ता।

# ईद-उल-अज़हा पर आठ जोन व 21 सैक्टर में बंटा जिला

- शहर काजी के साथ अफसरों ने किया ईदगाह का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** ईद उल अजहा को शांतिपूर्ण वातावरण में सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने पूरी तरह कमर कस ली है। जनपद को चार सुपर जोन, आठ जोन व 21 सैक्टर में बांटा गया है। सुरक्षा के मद्देनजर अतिरिक्त पुलिस बल लगाया गया है।

शुक्रवार की देर शाम एसएसपी संजय कुमार वर्मा व अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार ने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ ईदगाह पहुंचकर शहर काजी तनवीर



आलम व धर्मगुरूओं से वार्ता करते हुए तैयारियों का जायजा लिया। एसएसपी ने कहा कि शासन की गाइडलाइन्स के अनुरुप त्यौहार को हर्षोउल्लास से मनाते हुए पुलिस-प्रशासन का सहयोग करे।

### दूसरों की भावनाओं का ख्याल रखना हम सब की जिम्मेदारी:काज़ी

ईद-उल-अज़हा पर ईदगाह की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे शहर काजी तनवीर आलम ने अफसरों को विश्वास दिलाया कि यहां के लोग आपसी सौहार्द व प्रेमभाव के साथ त्योहार मनाएगे जैसे यहां की पुरानी परंपरा रही है। उन्होने जनपद के लोगों से अपील करते हुए कहा कि खुले में कुर्बानी न करे और प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी करने से भी बचे। शासन की गाइड लाइन के मुताबिक ईद-उल-अजहा की नमाज अदा करें। दूसरों की भावनाओं का ख्याल रखें और कुर्बानी की भी सोशल मीडिया पर न डाले।






**मुजफ्फरनगर।** निर्जला एकादशी पर श्री जयबालाजी स्टील रोलिंग मिल व क्रिस्टल बालाजी इंडस्ट्रीज में छबील लगाकर मीठे शरबत का वितरण किया गया, डायरेक्टर करण स्वरूप, कार्तिक स्वरूप, शौर्य जैन, आकाश कुमार एवं समस्त स्टाफ ने अपनी सेवा दी।



**मुजफ्फरनगर।** निर्जला एकादशी पर द. एसडी पब्लिक स्कूल, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर पर मीठे शरबत, गन्ने का रस एवं जूस का वितरण किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्या एवं समस्त स्टाफ ने अपनी सेवाएं दी।

# खुत्बा हज्जतुल विदा का उर्दू व हिन्दी में प्रकाशन

## शाह वलीउल्लाह इस्लामिक अकादमी में कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शिक्षण संस्थान शाह वलीउल्लाह इस्लामिक अकादमी ने जुमे की नमाज के बाद कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें खुत्बा हज्जतुल विदा का आसान हिंदी और उर्दू अनुवाद प्रकाशित कर एक शानदार इल्मी काम अंजाम दिया।

इस मौके पर अकादमी के प्रमुख कारी मोहम्मद खालिद बशीर कासमी ने बताया कि यह ऐतिहासिक खुत्बा 10 हिजरी को 9 जिलहिज्जा, जुमे के दिन, मकाम मैदान ए अराफात, मक्का मुअज्जमा में अदा किया गया, जब नबी-ए-आखिरजमां अपनी ऊँटनी कसवा पर सवार थे और तकरीबन 1 लाख 24 हजार सहाबा मौजूद थे। यह खुत्बा हज का सबसे अहम रुक्न 'वकूफ-ए-अराफा के दौरान दिया गया था, जिसमें रसूलुल्लाह ने इस्लाम के बुनियादी और मुकम्मल उसूल बयान किए और इस्लाम के आलमी निजाम की हकीकत को पेश किया।

आप ने एक मुसलमान की जान, माल और इज्जत को शहर मक्का की तरह मुकद्दस करार दिया और इनकी हिफाजत को फर्ज बताया। आप ने एलान किया कि आज से सूद (ब्याज) हमेशा के लिए खत्म किया जाता है, और इसकी शुरुआत आपने अपने ही खानदान से की। आप ने खुत्बे में औरतों और गुलामों के हुकूक की हिफाजत की खास ताकीद फरमाई। इस आलमी पैगाम में इंसानी बराबरी का एलान करते हुए फरमाया कि किसी अरबी को अजमी पर और किसी गोरे को काले पर कोई बडाई नहीं, सब इंसान अल्लाह के सामने बराबर हैं।

कारी खालिद बशीर कासमी ने कहा कि आज जरूरत इस बात की है कि रस्मी तरीकों से हटकर, पैगंबर-ए-इस्लाम की जिंदगी, सीरत और इस्लाम के असल मकासिद को समझा जाए और 'खैर उम्मत' के दर्जे को पहचानते हुए 'उखरिजत लिन-नास' की जिम्मेदारी को अदा किया जाए। इस मौके पर मास्टर अख्तर खान, महबूब आलम, एडवोकेट अब्दुल्लाह कुरैशी, मोहम्मद साकिब, मोहम्मद खालिद, हुसैन अहमद आदि मौजूद रहे।



# भूमाफियाओं ने सीवर लाइन उखाड़कर हड़पी सरकारी भूमि

■ नगर पालिका प्रशासन सब कुछ जानते हुए भी चुप्पी साधे हुए है

**शाहटाइम्स सवांददाता**
**खतौली।** खतौली नगर के इस्लामनगर मोहल्ले में भूमाफियाओं ने नगर पालिका की सैकड़ों मीटर लंबी सीवर लाइन को उखाड़ कर सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया है।

चौंकाने वाली बात यह है कि सिंचाई विभाग और नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारी अब तक इस पर चुप्पी साधे हुए हैं, जिससे उनकी भूमिका पर सवाल खड़े हो गए हैं। हैरत की बात तो यह है कि भूमाफियाओं ने इस सरकारी सीवर लाइन को खुर्द बुर्द कर अवैध प्लॉटिंग कर रहे और नगर पालिका प्रशासन सब कुछ जानते हुय भी चुप्पी साधे बैठा है।

बता दे कि यह सीवर लाइन वर्ष 1980-82 के बीच डाली गई थी, जो खतौली नगर के मुख्य नाले से जुड़कर सरधना नाले में जाकर मिलती थी। यह पाइप सन 2001 से 2002 तक यहां बिछी हुई थी। यही सीवर पाइप लाइन नगर के गंदे पानी की निकासी के साथ-साथ किसानों के लिए सिंचाई का मुख्य स्रोत भी थी। 408 खसरे की भूमि से होकर गुजर रही इस लाइन को सीमेंटेड पिलरों पर पाइप के जरिए बिछाया गया था। वर्षों से देखरेख के अभाव में यह लाइन जर्जर हो गई और जगह-जगह से टूटने लगी। परिणामस्वरूप, गंदगी खुले में बहने लगी, जिससे आस-पास रहने वाले लोगों को परेशानी होने लगी। इस स्थिति का फायदा उठाते हुए कुछ भूमाफियाओं ने रातों रात सीवर लाइन को उखाड़ दिया और धीरे-धीरे पूरी लाइन को ही खत्म कर पाइप लाइन की सरकारी भूमि पर अवैध प्लॉटिंग कर डाली यह सिलसिला अब भी जारी है। सूत्रों के मुताबिक, पिछले 7-8 वर्षों से भूमाफियाओं द्वारा इस बेशकीमती सरकारी भूमि पर अवैध प्लॉटिंग की जा रही है।

यह भूमि श्ग्रीन लैंडश की श्रेणी में भी आती है, जिस पर किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य निषेध है। बावजूद इसके, न तो सिंचाई विभाग और न ही नगर पालिका ने अब तक कोई कार्रवाई की है। इस पूरे प्रकरण में अधिका. रियों की चुप्पी और उदासीनता ने उनकी भूमिका को संदेह के घेरे में ला दिया है। करोडों की सरकारी भूमि पर भूमाफियाओं ने पूरी तरह से कब्जा कर सरकार को करोड़ों रुपए की हानि पहुँचाकर खुद करोड़ों रुपए की काली कमाई कर रहे है और स्थानीय प्रशासन कुम्भकर्णी नींद में सोया पड़ा है। सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि इस पाइप लाइन की पत्रावलिया भी पालिका से गायब कर दी गई है जिससे साफ जाहिर होता है कि कही न कही पालिका और भूमाफियाओं के बीच साठ गाठ के चलते पाइप गायब कर दी गई।

# निर्जला एकादशी पर लगाई गई शरबत की छबील

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मोरना।** निर्जला इकादशी के अवसर पर मोरना, भोपा क्षेत्र मे अनेक स्थानों पर ठंडे मीठे शरबत की छबील लगाकर राहगीरों की प्यास बुझाई गयी।वहीं इन्द्रप्रस्थ पब्लिक स्कूल द्वारा छबील लगाकर शर्बत का वितरण किया गया।

मोरना मे शुकतीर्थ मार्ग स्थित इन्द्रप्रस्थ पब्लिक स्कूल के द्वारा शरबत की छबील लगाई गयी।जहाँ तेज गर्मी के बीच शुकतीर्थ से आने जाने वाले तीर्थ यात्रियों की सेवा ठंडे शरबत को पिला कर की गयी। शरबत को पीकर राहगीरों ने राहत महसूस की।इस अवसर विद्यालय के डायरेक्टर विराज तोमर व शिवम तोमर मनोज बालियान सहित अजय गुप्ता, विनती शर्मा, साक्षी अग्रवाल, काजल ,मानसी चौधरी , सोनू, विपिन, जितेन्द्र आदि मौजूद रहे। निर्जला एकादशी पर शरबत वितरण को शुभ माना जाता है। शुभ कार्य मे जुटे जनसेवकों ने शुकतीर्थ, मोरना, भोपा, भोकरहेड़ी, ककराला, युसूफपुर आदि स्थानों पर छबील लगाकर राहगीरो को शरबत का वितरण किया।



## मोबाइल, सरसों व गेंहू चुराने वाला चोर पुलिस ने दबोचा

**बुढ़ाना।** एक ग्रामीण के मकान से मोबाइल फोन, सरसों और गेंहू के 4 कट्ठे चुराने वाले चोर को पुलिस ने पीडित की तहरीर के आधार पर पकड़ लिया और उससे पूछताछ शुरु कर दी। उधर पीड़ित को डर है कि पुलिस आरोपी को नेताओं के दबाव में छोड़ सकती है और अगर ऐसा हुआ तो वह इस मामले में कप्तान से मिलेगा और अपने चोरी हुए सामान की बरामदगी की मांग करेगा। अशोक कुमार पुत्र राम सिंह निवासी ग्राम कुतुबपुर दताना ने बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बताया था कि बीती 28 फरवरी को गांव के ही अंकित कश्यप पुत्र महेन्द्र सिंह द्वारा उसका मोबाइल चोरी कर लिया गया था। जिसकी तहरीर बुढ़ाना कोतवाली में उसी दौरान दे दी गयी थी। अब बीती 10 मई को उसके मकान के अंदर दुकडिया मे से सरसों के दो कटे व गेंहू के कटे अंकित कश्यप व अन्य के द्वारा चोरी कर लिऐ गये हैं।




**खतौली:** निर्जला एकादसी पर शरबत का वितरण करते लोग।

# निर्जला एकादशी पर जगह-जगह लगाया जल सेवा शिविर

**शाहटाइम्स सवांददाता**
**खतौली।** पवित्र निर्जला एकादशी के अवसर पर शुक्रवार को नगर में जगह-जगह जल सेवा शिविर (छबील) लगाए गए। भीषण गर्मी के बीच लोगों ने शरबत, जलजीरा, मीठा पानी और रुह अफ़ज़ा से प्यास बुझाई। नगर के प्रमुख चौराहों और मार्गों पर लगाए गए छबीलों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

तहसील परिसर में भी एसडीएम संजय सिंह और तहस. ीलदार सतीश बघेल ने स्वयं जल सेवा कर लोगों को जलजीरा वित. रित किया। उन्होंने कहा कि निर्जला एकादशी का मूल उद्देश्य सेवा और परोपकार है, और जल सेवा इसका सबसे उत्तम रूप है। इस मौके पर विपिन मोतला समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। कोतवाली के सामने, बुढ़ाना तिराहा, जानसठ मार्ग, भूड़, सहित कई क्षेत्रों में सामाजिक संगठनों, व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों द्वारा छबीलें लगाई गईं। राहगीरों ने गर्मी में राहत महसूस की और आयोजन की सराहना की। इस अवसर पर बच्चों का उत्साह भी देखने लायक था।

कई मोहल्लों में छोटे-छोटे बच्चों ने अपने घरों और गलियों के बाहर छबीलें लगाकर जल वितरण किया। बच्चों का यह सेवा भाव नगरवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना। नगर में दिनभर जल सेवा का यह सिलसिला चलता रहा और दोपहर तक सभी छबीलों पर लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली। इस पुण्य कार्य में भागीदारी निभाने वाले सभी सेवा भावी नागरिकों को नगरवासियों ने सराहना भरी नजरों से देखा। विश्व हिंदू परिषद खतौली एवं श्री शिव शक्ति सेवा मंडल खतौली के तत्वाधान में 16 दिवसीय मीठे शीतल जल वितरण के आयोजन का 23 मई 2025 से 06 जून 2025 निर्जला एकादशी तक निरंतर जारी रहा।

प्रत्येक दिन हिटलर देव मंदिर के सामने छबील का आयोजन किया गया। जिसमें मीठे शीतल जल और गाने का जूस जलजीरा इत्यादि का वितरण किया गया। शुक्रवार को भी निर्जला एकादशी पर समापन के शुभ अवसर पर मैंगो शेक का वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आशीष रावल, तेजेंद्र मोहन भाटिया,केशव अग्रवाल,अजय भार्गव, डॉक्टर चंद्र मोहन शर्मा, प्रदीप गुप्ता , प्रवीण गुप्ता, कन्हैया गोयल, किशोर गोयल, जयवंश शर्मा, प्रदीप सिंह, विजय शंकर, गोयल, कमल गर्ग, राजेंद्र अरोड़ा, भूपेंद्र शर्मा,आतीश गुप्ता प्रधानाचार्य, विजय माहेश्वरी, राक. ेश गुप्ता, अनिल चड्ढा, विपिन कंसल, रितेश गुप्ता, सचिन अग्रवाल, अंकुर तायल, प्रदीप त्यागी ,हरिओम टंडन ,तपेंद्र मोतला, महेशकुमार, विपुल गोयल, प्रवीण अग्रवाल, टीनू सरदार, ,विनय गोयल, परमीती,दिनेश वाल्मीकि ,बालगा. ेपाल तारिणी गुप्ता, अक्षत गुप्ता ,आरव गुप्ता सहित समस्त विश्व हिंदू परिषद संकीर्तन साधना परिवार खतौली एवं हिटलर देव श्री शिव मंदिर समिति का विशेष सहयोग रहा।

# कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** भगवंत इंस्टिटडूट ऑफ फार्मेसी, मुजफ्फरनगर में बी.फार्मा अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए दिनांक 5 जून 2025 को एक भव्य कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में प्रमुख फार्मा कंपनियों एवं शैक्षणिक संस्थानों ने हिस्सा लिया, जिनमें बैक्सिल फार्मा प्रा. लि. हरिद्वार, भगवंत ग्लोबल यूनिवर्सिटी, कोटद्वार एवं भगवंत यूनिवर्सिटी, अजमेर प्रमुख रहे। इस प्लेसमेंट ड्राइव के अंतर्गत छात्रों को लेक्चरर, प्रोडक्शन, क्वालिटी कंट्रोलएवं क्वालिटी एश्योरेंस जैसे विभिन्न पदों के लिए साक्षात्कार के अवसर प्राप्त हुए।

इस सफल आयोजन के पीछे संस्थान के माननीय चेयरमैन डॉ. अनिल सिंह का मार्गदर्शन, प्राचार्य डॉ. सचिन सिंगल एवं समन्वयक विकास भारद्वाज और अंकुर चन्द्र का विशेष योगदान रहा।



संस्थान ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इस प्रकार के प्लेसमेंट ड्राइव को विद्यार्थियों के लिए एक सुनहरा अवसर बताया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में 21 छात्रों चयन हुआ निदेशक डॉ. अनुराग विजय अग्रवाल, उप निदेशक डॉ. अजय गुप्ता, सहायक निदेशक डॉ. पुष्पनील वर्मा, तथा जीएम (वित्त) सीए दुश्यंत ने भी छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी।

# योगी का जन्मदिन हिन्दू स्वाभिमान दिवस के रूप में मनाया

**मुजफ्फरनगर।** विश्व हिंदू महासंघ द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 53वें जन्मदिवस को हिंदू स्वाभिमान दिवस के रूप में मनाने का आह्वान किया गया है, जो 5 जून से 11 जून तक प्रदेश भर में चलेगा। इसी क्रम में मुजफ्फरनगर में 5 जून को भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें संगठन के विभिन्न प्रांतीय और मंडलीय पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्व हिंदू महासंघ सहारनपुर मंडल प्रभारी सतीश कुमार गौतम एवं संचालन जिला अध्यक्ष राजेश शर्मा ने किया। मुख्य अतिथियों में मातृ शक्ति प्रदेश मंत्री आशा सब्बरवाल, हिंदू संघर्ष समिति संयोजक नरेंद्र सिंह पंवार, सहारनपुर मातृ शक्ति जिला अध्यक्ष अनु शर्मा, गोरक्षा जिला अध्यक्ष शिव कुमार, भ्रष्टाचार निवारक समिति के अध्यक्ष मनोज पाटिल, शहीद भगत सिंह एकता मंच के अध्यक्ष पवन मित्तल, इलाहाबाद हाई कोर्ट अधिवक्ता केपी सिंह

सोम, और भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य नरेश सनातनी शामिल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती को नमन एवं ब्रह्मलीन राष्ट्रसंत अवैद्यनाथ जी महाराज को पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके उपरांत उपस्थितसभी गणमान्यजनों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के चित्र पर तिलक कर जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं। वक्ताओं ने योगी आदित्यनाथ को श हिंदू हृदय सम्राटश बताते हुए उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की। कार्यक्रम के दौरान संगठन विस्तार की दिशा में कई नई नियुक्तियां घोषित की गईं। सहारनपुर मंडल प्रभारी सतीश गौतम और आशा सब्बरवाल ने नियुक्त किये गये पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।इनमे जिला संरक्षक सुंदर लाल उपाध्याय, जिला संगठन मंत्री विनोद गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष व्योम शर्मा, जिला अध्यक्ष पूनम गोस्वामी, जिला संयोजिका चीया राजपूत, जिला महामंत्री संगीता पाल, मातृशक्ति जिला उपाध्यक्ष विजय लक्ष्मी, शामिल रहे। पूर्व में घोषित पदाधिकारियों को भी इस अवसर पर नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पदा. धिकारियों को योगी जी महाराज के हाथों को मजबूत करने और विश्व हिंदू महासंघ की विचार धारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित जनों को कढ़ी-चावल और हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन स्थल पर सैकड़ों हिंदू वीर और वीरांगनाएं उपस्थित रहीं, जिससे पूरा माहौल भक्ति, जोश और संगठनात्मक ऊर्जा से भर गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विश्व हिंदू महासंघ के सभी जिला, मंडल और मातृ शक्ति विंग के कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका रही।

## दो दुराचारियों को बुढ़ाना पुलिस ने भेजा जेल

**बुढ़ाना।** दो दुराचारियों को बुढ़ाना पुलिस ने अलग अलग स्थानों से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बुढ़ाना पुलिस के अनुसार बीती 22 मई को एक पीडिता ने बुढ़ाना कोतवाली में अपने मौहल्ले के समीप ही रहने वाले एक युवक के विरुद्ध शादी का झांसा देकर उसके साथ जबरदस्ती रेप करके गर्भवती करने के बाद गर्भपात कराने का दबाव बनाने पर उसके द्वारा मना करने पर आरोपी के द्वारा गाली गलौच कर मारपीट करने का मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी को आज एक स्थान से अरेस्ट कर जेल भेज दिया। दूसरे मामले में बुढ़ाना पुलिस ने पोक्सो एक्ट में वांछित चल रहे अभियुक्त सुमित पुत्र ;षिपाल निवासी ग्राम बिटावदा को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इनके अलावा बुढ़ाना पुलिस ने मंदवाडा गांव निवासी किन्नर मुस्कान सैफी की हत्या में उसके दो भाई और दो भाभियों को भी जेल भेजा है। उल्लेखनीय है कि बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव मंदवाडा निवासी किन्नर मुस्कान सैफी की बीते कल उसके दो भाइयों और भाभियों ने एक मकान में किन्नर के हिस्से को हड़पने की नीयत से पीट पीटकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए चारों हत्यारों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कुल मिलाकर आज के दिन इन 6 गिरफ्तारियों से बुढ़ाना पुलिस का सिरदर्द कम हुआ है।

# श्रीराम कॉलेज का छात्र रोशन सम्मानित

**मुजफ्फरनगर।** श्री राम कॉलेज, के ललित कला विभाग के छात्र रोशन कुमार ने हाल ही में मुंबई में आयोजित प्रतिष्ठित मुंबई आर्ट सोसाइटी 2025 में प्रतिभाग कर अपनी अद्वितीय कला कृतियों के माध्यम से दर्शकों और कला समीक्षकों का दिल जीत लिया। रोशन की फोटोग्राफी जिसका विषय ''कठिनाईओ के बीच लचीलापन'' प्रदर्शनी के आकर्षण का केंद्र बनी। इस अवसर पर रोशन कुमार को रूपये 35000 हज़ार से सम्मानित किया गया।

प्रदर्शनी का आयोजन नेशनल गैलरी ऑफ आर्टिफिशियल आर्ट, मुंबई आर्ट सोसाइटी में 28 मई से 2 जून 2025 तक हुआ, जिसमें भारत के प्रमुख कला कलाकारों द्वारा चुने गए युवा कलाकारों ने भाग लिया। रोशन की तस्वीर मन का दर्पण (द मिरर ऑफ माइंड) को विशेष रूप से रिकॉर्ड किया गया, जो मानव भावनाओं के आंतरिक संघर्ष और आत्म-चिंतन पर आधारित थी।इस अवसर पर ललित कला विभाग के निदेशक डॉ. मनोज धीमान ने कहा, कि यह उपलब्धि रोशन की कड़ी मेहनत, आकर्षक दृष्टिकोण और कला के प्रति गहनता का प्रमाण है।

इस अवसर पर ललित कला अकादमी के विभागाध्यक्ष मीनाक्षी काकरान ने भी रोशन को बधाई देते हुए कहा, रोशन हमारे राष्ट्र का एक होनहार छात्र है और यह उपलब्धि आने वाले छात्रों को भी प्रेरणा देती है। इस अवसर पर ललित कला के प्रवक्ता डॉ. अनु बिन्नु पुंडीर, रीना त्यागी, अजित मन्ना, सोनी श्रीवास्तव, सिद्धार्थ, शहजादी और करुणाकर शर्मा ने रोशन को उनकी सफलता के लिए बधाई दी।

## सपा की बूथ समीक्षा मे कार्यकर्ताओं का किया उत्साहवर्धन

**मोरना।** ककरौली मे जानसठ मार्ग पर स्थित बैंकट हॉल मे समाजवादी पार्टी द्वारा विधानसभा की बूथ समीक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें पदाधिकारियों द्वारा पी डी ए पर जोर दिया गया व कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन किया गया।

कार्यक्रम मे जिलाध्यक्ष जिया चौधरी ने कहा की मीरांपुर विधानसभा पर सभी 328 बूथ पर जिम्मेदार कार्यकर्ताओ द्वारा महनत की गयी।समाजवादी पार्टी का कुनबा पी डी ए के फारमूले के साथ दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है, 2027 के लक्ष्य को लेकर कार्यकर्ता घर घर जाकर पार्टी की नीतियों व सपा सरकार मे हुए विकास कार्यो के बारे बताएं, कादिर राणा ने कहा की समाजवादी पार्टी मे समाज के प्रत्येक वर्ग का सम्मान और प्रत्येक की हिस्सेदारी है। भ्र्ष्टाचार आज प्रदेश की सबसे बड़ी समस्या बन गयी है। विधानसभा अध्यक्ष सादिक चौहान ने कहा की विधानसभा क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं सहित प्रत्येक बूथ की स्थानीय समस्याओं को जनता के बीच जाकर जानना है। पार्टी मे महिलाओं,युवाओं तथा वँचित वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित करने का कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य रूप से हाजी मूसा, मौ.नवाब प्रधान,शाह रज़ा नकवी आदि सहित भारी संख्या मे कार्यकर्ताओ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# तीर्थ नगरी में चला स्वच्छता अभियान, की साफ सफाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ मे आयोजित ज्येष्ठ दशहरा गंगा स्नान मेले के बाद फैली गंदगी को हटाने के लिए वृहद स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। मुख्य मार्गो सहित गंगा घाट पर फैली गंदगी को हटाकर साफ सफाई की गयी।

पौराणिक धर्म नगरी शुकतीर्थ मे ज्येष्ठ गंगा स्नान के बाद गंदगी को हटाना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बनी रहती है। गुरुवार को मेले के सकुशल सम्पन्न हो जाने के बाद शुक्रवार को तीर्थ नगरी मे स्वच्छता अभियान चलाया गया। मेले के बाद श्रद्धालुओं द्वारा छोड़ी गयी गंदगी को हटाया गया। गंगा घाट को स्वच्छ व सुन्दर बनाने के लिए वहां फैली गंदगी को हटाकर गंगा की पानी से धुलाई गयी।

मुख्य मार्गो पर फैली गंदगी को हटाया गया।

अम्बेडकर चौक, स्वामी कल्याणदेव चौक, हनुमंतधाम मार्ग आदि स्थानों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई की गयी।

### सम्बन्ध-विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र **अरविन्द कुमार** और पुत्रवधू **दीपांशी** मेरे कहने-सुनने में नहीं हैं। उक्त दोनों को मैं अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर उनसे संबंध विच्छेद करता हूं। भविष्य में उक्त दोनों के द्वारा किए किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होंगे।

**मदनपाल पुत्र स्व0 सुखवीर सिंह,** निवासी: ग्राम व पोस्ट खुजेडा थाना ककरौली जिला मुजफ्फरनगर।

### सार्वजनिक सूचना

मेरे पुत्र नित्यम का जन्म 24.01. 2025 को उर्मिला मेडिकेयर मु0नगर में हुआ था जिसका नगर पालिका मु0नगर में समय से पंजीकरण करा दिया था जिसकी पंजीकरण संख्या B202509900 200011443 दिनांक 19.3.2025 है। जिसमें मेरे पुत्र का नाम भूलवश **नित्यम** दर्ज करा दिया था जो गलत है। मेरे पुत्र का सही नाम **नित्यम चारण** है। अत: मेरे पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र सही नाम से दोबारा जारी किया जाये।

**मुस्कान चंचल पत्नी श्री अजय कुमार,** निवासी ग्राम बघेंडी महावतपुर आहत, तहसील रूड़की, जिला हरिद्वार, उत्तराखण्ड।

# भीषण गर्मी में लगाई गई ठंडे पानी की प्याऊ

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बुढ़ाना।** मानव सेवा धर्म प्रचार समिति रायपुर अटेरना के अध्यक्ष पंडित जोगिंद्र शास्त्री के द्वारा आज शुक्रवार के दिन बुढ़ाना तहसील क्षेत्र में स्थित मेरठ वाया करनाल हाइवे पर ठंडे जल की एक प्याऊ लगाकर आते जाते राहगीरों को रोककर उनको भीषण गर्मी से निजात दिलाने के उद्देश्य से ठंडा पानी पिलाया गया।

जिसमें सभी राहगीरों को राहत मिली और उन्होने प्याऊ का आयोजन करने वाले ग्रामीणों को दुआएं दी।

इस प्याऊ में गांव रायपुर अटेरना के काफी बच्चों ने भी मिलजुल कर संपूर्ण सहयोग दिया और राहगीरों की सेवा करने पर अपने आपको हर्षित किया। इस दौरान राहगीरो की सेवा करने वालों में मुख्य रुप से तुषार कुमार, अभि कुमार, गौरव कुमार, सौरव कुमार, विनय कुमार, मोंटी कुमार, आकाश कुमार और अभिषेक कुमार आदि ग्रामीणों की मौजूदगी रही।

## सत्यापन करने गई पुलिस टीम पर पथराव ,हुई कार्रवाई

**मोरना।** सीएस एक्ट का सत्यापन करने गई पुलिस टीम पर आरोपियों ने पत्थर बरसा दिए। जिससे पुलिस उपनिरीक्षक की निजी गाड़ी में नुकसान हो गया। कम्हेड़ा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक सुभाष कुमार ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कराया।

थाना ककरौली पुलिस उच्चाधिकारियों के आदेश पर बृहस्पतिवार की शाम क्षेत्र के गांव कम्हेड़ा में कय्यूम के घर सीएस एक्ट के आरोपियों का सत्यापन करने गई थी। वहां उपस्थित कय्यूम व उसकी पुत्री पुलिसकर्मियों को गाली-गलौच करते हुए अभद्रता करने लगे। आरोपी कय्यूम व उसकी पुत्री ने पुलिस टीम पर पत्थर बरसा दिए। जिसमें कम्हेड़ा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक सुभाष कुमार की निजी गाड़ी में काफी नुकसान हो गया। आरा. ेपी क''यूम भीड़ का फायदा उठाकर मौके से भाग गया। कम्हेड़ा चौकी प्रभारी सुभाष कुमार ने क''यूम व उसकी पुत्री के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

# निर्जला एकादशी पर मीठे शरबत का वितरण संस्कृति से जुड़ाव: मनीष

**मुजफ्फरनगर।** राष्ट्रीय सामा. जिक संस्था के अध्यक्ष प्रमुख समाजस. ेवी मनीष चौधरी ने कहा कि पर्व और त्यौहारों का आगमन हम सभी को सदभाव और सामाजिक एकता का संद. ेश देते हैं। गंगा दहशरा पर्व इसकी अनूठी मिसाल है, जब सभी एक समान एक भक्त के रूप में स्नान के लिए पतित पावनी नदियों में उतरते हैं। इसके बाद आज निर्जला एकादशी का पर्व भी पूर्ण आस्था के साथ मनाया जा रहा है और जगह जगह मीठे शरबत की छबील लगाई जा रही है, यह भी सनातन संस्कृति के मानव सेवा पक्ष को उजागर करता है। वीर क्लीनिक पचेण्डा रोड पर निर्जला एकादशी के अवसर पर छबील लगाकर मीठे शरबत का वितरण किया गया। छबील डॉ. मेघा, डॉ. भारतवीर प्रजापति के सौजन्य से लगाई गई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख समाजसेवी मनीष चौधरी, भारतीय अति पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन प्रजापति, जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव मोहन गोयल, जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ इण्डिया के जिला अध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह उपस्थित रहे। प्रमुख समाजसेवी मनीष चौधरी ने बताया कि शुक्रवार को निर्जला एकादशी पर मीठे शरबत कर वितरण किया गया है। उन्होंने कहा कि गंगा दशहरा का पर्व धार्मिक परम्परा के साथ ही सामाजिक एकता और आस्था को प्रदर्शित करता है। शुक्रवार को निर्जला एकादशी का पर्व मनाया जा रहा है। इस पर्व पर शीतल और मीठे शरबत की छबील लगातार मानव सेवा के लिए सभी को प्रेरित किया जाता है। इनके आयोजन से युवा पीढ़ियों को भी अपनी संस्कृति और सभ्यता से जुड़ने के लिए प्रेरणा मिलती है। निर्जला एकादशी से जुड़ा एक प्रसंग यह भी है कि इस पर शीलत जल वितरण से वर्षा का आगमन होता है और इससे सनातन संस्कृति और आस्था भी जुड़ी है। बारिश का किसान भाईयों को इस मौसम में इंतजार रहता है। हम उनके धन धान्य होने की कामना भी ईश्वर से कर रहे हैं।समाजसेविका प्रियंका शर्मा ने इस अवसर पर बताया कि निर्जला एकादशी का व्रत सनातन संस्कृति में सबसे बड़ा पर्व माना जाता है। हम यहां मीठे शरबत की छबील के लगाकर सभी को यही संदेश देने का प्रयास कर रहे हैं, अपने बच्चों को धर्म और संस्कृति से जोड़े ताकि युवा पीढ़ी अपनी धार्मिक सभ्यता को पहचाने और उसका संरक्षण करें। इस दौरान सैंकड़ों लोगों को मीठे शरबत का वितरण कर पुण्य लाभ कमाया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में विजय प्रजा. पति भाजपा जिला सहकारी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष, मुकुल उपाध्याय भाजपा सरवट मण्डल मीडिया प्रभारी, भाजपा के वरिष्ठ नेता इंद्र फौजी प्रजापति, कथा व्यास पंडित अतुलेश मिश्रा, शिवम पाल सभासद पूजा पाल वार्ड नंबर 22, प्रियंका सैनी समाजसेविका ने शरबत वितरित किया। कार्यक्रम के आयोजन डॉ. मेघा, डॉ. भारतवीर प्रजा. पति, मुख्य सहयोगी देवेंद्र पाल, गौरवकांत अग्रवाल, विशेष सहयोग शक्ति प्रकाश, ध्रुव प्रजापति, अर्णव प्रजापति, कृष्णा, विशाखा, मनीषा, सपना, बुशरा का सहयोग रहा।



### संबंध विच्छेद

में कंवरपाल पुत्र बाबूराम हरिजन गांव सफीपुर थाना बुढ़ाना जिला मुजफ्फरनगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र सागर मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने में नही है। मैंने व मेरे परिवार के सदस्यों ने मेरे पुत्र सागर को काफी समझाया मगर वह अपनी गलत हरकतों से बाज नही आ रहा है। इसलिए में अपने पुत्र सागर को उसके गलत कृत्यों से दुखी क्षुब्ध होकर उससे अपने संबंध विच्छेद कर उसे अपने सब अधिकारों व अपनी कुल चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में किसी भी गलत कार्य का वह खुद जिम्मेदार होगा मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**कंवरपाल पुत्र बाबूराम हरिजन गांव सफीपुर थाना बुढ़ाना जिला मुजफ्फरनगर यूपी**

## सरकारी रास्ते को लेकर ग्रामीणों का हंगामा

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** रसूलपुर गांव में सरकारी रास्ते को लेकर बने विवाद के चलते ग्रामीणों ने शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया। भारतीय किसान यूनियन संगठन नेता अंकुश प्रधान के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीण जमीन पर बैठकर नारेबाजी करते नजर आए। इस दौरान ग्रामीणों ने रस्ते के नक्शे और अन्य कागजों की प्रतियां जलाने का प्रयास किया जिसे देख तहसीलदार और नायब तहसीलदार ने मौके पर पहुंच लोगों को समझाने का प्रयास किया।

शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी अंकुश प्रधान के नेतृत्व रसूलपुर गांव के दर्जनों किसान नारे बाजी करते हुय तहसील पहुँचे और एसडीएम कार्यालय में पहुँच जमीन पर बैठक कर धरना दिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पटवारी और कानूनगो द्वारा रास्ते की नपाई में भारी लापरवाही बरती गई, जिससे सरकारी रास्ता बाधित हो गया है और 14 गांवों को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग अवरुद्ध हो गया है। ग्रामीणों ने नपाई टीम को बदलने की मांग की, जिस पर प्रशासन ने टीम बदलने और निशानदेही दोबारा कराने के निर्देश दिए हैं। एसडीएम कार्यालय में प्रदर्शन के दौरान किसानों ने नक्शे सहित कुछ कागजात जलाने का भी प्रयास किया, लेकिन तहसीलदार ने तत्काल हस्तक्षेप कर कागजों को छीन लिया और स्थिति को नियंत्रित किया। प्रशासन ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि रास्ता सजरे के अनुसार ही निकाला जाएगा। यदि कहीं अतिक्रमण पाया गया तो उसे



तुड़वाया जाएगा। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि सरकारी रास्ते पर कब्जा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और अवैध निर्माण मिलने पर तत्काल ध्वस्तीकरण किया जाएगा। तहसीलदार के आश्वासन के बाद फिलहाल धरना समाप्त कर दिया गया है, लेकिन ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उचित कार्रवाई नहीं हुई तो 10 जून को तहसील में बडे स्तर पर धरना दिया जाएगा।

## किसानों ने किया बिजलीघर पर धरना प्रदर्शन

**चरथावल।** भाकियू कार्यकर्ताओं व किसानों ने बिजली की विभिन्न समस्याओं को लेकर भाकियू ब्लाक अध्यक्ष संजय त्यागी के नेतृत्व में बिजलीघर पर धरना प्रदर्शन किया। बिजली की समस्याओं की सुनवाई न होने व किसी भी अधिकारी के धरनास्थल पर न आने से नाराज कार्यकर्ताओं ने बिजलीघर के सामने सड़क पर करीब आधे घण्टे का जाम लगाया। सूचना पर पहुंचे ऊर्जा निगम के एसडीओ आशीष कुमार ने समस्या का समाधान कराने का आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया।

शुक्रवार को बिजली की विभिन्न समस्याओं को लेकर कार्यकर्ताओं व किसानों के साथ बिजलीघर पर धरने पर बैठे भाकियू ब्लाक अध्यक्ष संजय त्यागी ने बताया कि ऊर्जा निगम के कर्मचारियों द्वारा किसानों का शोषण किया जा रहा है। उनकी लापरवाही के कारण जर्जर व लटकी हुई ढीली तारों के टकराने से उठी चिंगारी से आग लगने से किसानों की फसल कई बार जलकर नष्ट हो चुकी है। वही जर्जर व लटकी तारों के कारण खेतों में काम करते समय किसानों को करंट लगने का भय बना रहता है।

वही चरथावल देहात के अंसारी मुहल्ले में सड़क के बीच में ट्रांसफार्मर रखा हुआ है। जिससे हर समय किसी घटना होने का भय बना रहता है। कई बार शिकायत के बाद भी उसे नही हटाया गया। वही मीटर द्वारा गलत बिलिंग की समस्या से आम आदमी जूझ रहा है। आरोप है कि ऊर्जा निगम के अधिकारी व कर्मचारी छापेमारी के दौरान सीधे घर में घुस जाते है जहां बहू बेटी पता नही अपने घर में किस अवस्था मे है। चोरी पकड़े जाने पर कार्रवाई करने की बजाए सुविधाशुल्क लेकर आरोपित को छोड़ दिया जाता है।किसानों का कहना है कि बिजली विभाग उनकी शिकायतों को लगातार अनसुना कर रहा है। बिजली कटौती के चलते खेतों में सिंचाई नहीं हो पा रही,जिससे फसलें सूख रही हैं।किसानों ने ब्लाक अध्यक्ष संजय त्यागी के नेतृत्व में बिजलीघर पर धरना दिया और गांव में लगे जर्जर पोल, ढीले तारों को बदलवाने की मांग की।लेकिन कई घण्टे तक भी धरनास्थल पर किसी भी अधिकारी के न पहुंचने से नाराज भाकियू कार्यकर्ताओं व किसानों ने बिजलीघर के सामने सड़क पर जाम लगा दिया। जिससे यातायात बंद होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम की सूचना पर पुलिस बल के साथ पहुंचे ऊर्जा निगम के एसडीओ आशीष



कुमार ने किसानों की समस्याओं को सुनकर उनके शीघ्र निस्तारण कराने का आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया। इस मौके पर संजीव चौधरी, मुरसलीन, सलीम अंसारी, नूर अहमद,धर्मेंद्र कुमार, दीपक कुमार,बबलू त्यागी, महकार राणा,आकिल राणा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## एसडी इंटर कॉलेज में छात्रों ने शिक्षकों संग किया पौधारोपण

**मुजफ्फरनगर।** एसडी इंटर कॉलेज में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक प्रभारी डा. रणवीर सिंह उपस्थित रहे तथा विद्यालय से कार्यवाहक प्रधानाचार्य सोहनपाल व प्रवक्ता अंगेजी कुंदन कुमार, भंवर सिंह, राजकुमार, गुलफान अली व छात्र व छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के पौधे जैसे हार श्रंगार, नीबू, नीम, व औषधीय पौधे फलदार फूलदार कुल 21 पौधे लगाये गये।



## एसडीएम ने ईदगाह की देखी साफ सफाई की व्यवस्था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कस्बे और क्षेत्र में ईद की नमाज को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। नगर पंचायत बुढाना की ओर से ईदगाह में साफ-सफाई का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। ईद की नमाज को लेकर सरकार और प्रशासन भी अलर्ट है। ईद की नमाज को लेकर सरकार और प्रशासन का सख्त निर्देश है कि ईद की नमाज ईदगाह और मस्जिदों में ही होगी। सड़कों पर नमाज नहीं पढ़ी जाएगी। इसको लेकर जगह-जगह पुलिसकर्मियों की भी तैनाती की गई है और साथ ही ईदगाह पर मजदूर लगाकर सफाई व्यवस्था का कार्य कराया जा रहा है। ईद की नमाज की तैयारियों को लेकर लोग उत्साहित हैं। नगर पंचायत की ओर से ईदगाह पर साफ सफाई के साथ-साथ वहां नमाजियों के लिए सफे भी बनवाई जा रही हैं। दूसरी ओर बुढ़ाना पुलिस ईद के त्योहार



को लेकर अलर्ट है। ईद की नमाज के लिए सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। पुलिस की मोबाइल टीमों का भी गठन किया गया है। पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी धर्मगुरुओं के भी संपर्क में हैं। किसी भी कीमत पर नई परंपरा नहीं पड़ने देने के निर्देश स्थानीय अधिकारियों को दिए गए हैं। यहां एसडीएम राजकुमार भारती, सीओ गजेंद्र पाल सिंह और नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक सतीश पंवार ने पशुओं के अवशेष दबाने के लिए खोदे गये ग्ढ्ढों, ईदगाह मे साफ सफाई व बेरिकेटिंग आदि स्थलों का भी निरीक्षण किया।

## पेड़ पौधों से होने वाले फायदों के बारे में बताया

**बुढ़ाना।** विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर तहसील क्षेत्र के ग्राम मंदवाड़ा में युवा प्रगतिशील किसान तैमूर अली राणा ने अपने कृषि फार्म हाऊस पर विश्व पर्यावरण दिवस मनाते हुए काफी ग्रामीणों को पेड पौधों से होने वाले फायदों के बारे मे बताया और उनको जागरूक करने के लिए उनके ही हाथों से पौधों का रोपण भी कराया और कहा कि पौधे लगाना कई तरह से फायदेमंद होता है। इससे पर्यावरण शुद्ध होता है। ऑक्सीजन मिलती है और कुछ पौधों को विशेष रूप से धार्मिक महत्व भी प्राप्त है। पौधे कार्बन डाइ ऑक्साइड को अवशोषित करते हैं और ऑक्सीजन छोड़ते हैं। जिससे हवा शुद्ध होती है। पौधे हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं जो सांस लेने के लिए आवश्यक है। पौधे जानवरों, पक्षियों और अन्य वन्यजीवों के लिए आश्रय प्रदान करते हैं। यहां धानुका प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के नेशनल मार्केटिंग ऑफिसर सुबोध गुप्ता, मनु बहादुर, अंशुल वाजपेई, सोनू बालियान, हर्षित तिवारी, विकास कुमार के अलावा इस्पाक अहमद, जुल्फिकार अहमद, जावेद अहमद, नजाकत अहमद, इरशाद राणा और मुजफ्फर अहमद सहित अन्य काफी किसान भी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### बारातियों पर हमला, तीन घायल

**मीरापुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम स्याली में बारात से लौटते समय बारातियों पर कुछ स्थानीय युवकों ने हमला कर दिया। इस हमले में दो युवक और एक महिला घायल हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, सौराज सिंह पुत्र बहादुर निवासी झुन्नापुरिया मलियाना, थाना टीपी नगर मेरठ के बेटे की बारात ग्राम स्याली थाना रामराज में आयी थी। विदाई के बाद जब बाराती वापस लौट रहे थे, तभी गांव के कुछ युवकों ने एक कार को रास्ते में रोक लिया। कार में महिलाएं और बच्चे भी सवार थे। आरोप है कि युवकों ने बिना किसी कारण गाली-गलौच शुरू कर दी और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में बारात में शामिल अंकित, विनीत और कविता गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, हमले का विरोध करने पर झुन्नापुरिया निवासी शुभम पुत्र बिंदर, भूरा पुत्र महेश, गगन पुत्र महेश और काले पुत्र देवसहाय को जान से मारने की धमकी दी गई और आरोपी मौके से फरार हो गए। सौराज सिंह की शिकायत पर थाना रामराज पुलिस ने चारों नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस घटना की छानबीन में जुट गई है और आरोपियों की तलाश जारी है। गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस सतर्कता बरत रही है।

### गंगा दशहरे पर विशाल भंडारे का आयोजन

**मीरापुर।** सिद्धपीठ गंगा मंदिर खानवाला पर गंगा दशहरे के अवसर पर हवन व पूजन कर गंगा जी की विशेष आरती उतारी गई तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। गंगा दशहरा के अवसर पर गंगा मंदिर में गंगा मां की पुष्प आदि से सजावट की गई तथा मंदिर परिसर में हवन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त एडीजे नीरज कुमार संगल ने पूजा अर्चना कराई। पूजा अर्चना के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर सुशील कुमार शुक्ल, तेजपाल वर्मा, धनश्याम दास अग्रवाल, अचल कुमार एडवोकेट, अरविन्द कुमार, हरिशंकर शर्मा, सुभाष चंद रस्तौगी, कृष्ण मोहन शर्मा आदि सक्रिय रहे।

### भैंसे ने मचाया उत्पात, कई घायल कई पुलिसकर्मी व लोगों की संयुक्त कार्रवाई से काबू पाया

**खतौली।** बकरा ईद के मौके पर कुर्बानी के लिए ले जाए जा रहे एक भैंसे ने गुरुवार की देर रात कोतवाली के सामने अचानक बेकाबू होकर जमकर उत्पात मचाया। भैंसे ने कई राहगीरों को टक्कर मार दी, जिससे अफरा-तफरी मच गई। घायल लोग गम्भीर घायल हो गए थे। घँटों बाद भैसे पर काबू पाया गया। घटना के दौरान भैंसा इतना उग्र हो गया कि उसे काबू में करना मुश्किल हो गया। किसी तरह भैंसे को खरीदकर लाने वाले युवकों ने दौड़-भाग कर उसे जीटी रोड किनारे एक सरकारी हैंडपंप से बांधकर काबू में किया, लेकिन गुस्से में भरा भैंसा तब भी शांत नहीं हुआ। उसने नल के चारों ओर घूम-घूमकर उत्पात मचाना जारी रखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तुरंत भीड़ को तितर-बितर किया और भैंसे के मालिक को जमकर फटकार लगाई। स्थानीय लोगों की मदद से भैंसे को वाहन में चढ़ाया गया। इस दौरान मौके पर एलआईसी एनिमल संस्था के कर्मचारी भी पहुंचे। संस्था के प्रतिनिधियों ने पुलिस से भैंसे की जान बचाने की मांग की और उसके मालिक के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करने की मांग की। एलआईसी एनिमल के संस्थापक पुनीत अरोड़ा ने इस संबंध में मेनका गांधी को शिकायती पत्र भेजते हुए कार्रवाई की मांग की है।

### निर्जला एकादशी पर लगाई गयी शरबत की छबील

**भोपा।** निर्जला इकादशी के अवसर पर कावड मार्ग गंगनहर पर ठंडे मीठे शरबत की छबील लगाकर राहगीरों की प्यास बूझाई वही देहरादून रित्रिकेश हरिद्वार घूमने जा रहे पर्यटको ने भी छबील का जमकर आनंद लिया । शुक्रवार दोपहर के समय बेलडा गंगनहर कांवड मार्ग पर अंजय पाल, सुरेन्द्र मास्टर, पंकज लाला, कुलदीप पाल, देवांश शर्मा, आशु, चौधरी अमर पाल, फुरकान, अंकुर सैनी, अकित प्रजापति, हितेश राणा, हर्ष राणा, चिराग, अभिनव पाल, विकास चौधरी, अक्षित पाल, आदि ग्रामीणो ने शिविर लगाकर मीठा शर्बत वितरण किया

जिसमे राहगीरो ने जमकर शर्बत का लाभ उठाया भीषण गर्मी के चलते स्कूल कॉलेज की छुट्टी होने के कारण परिवार सहित घूमने के लिए उत्तराखंड मसूरी आदि जगह पर गंगनहर कांवड मार्ग से होते हुए अपनी मजिल तक पहुंच रहे है जिससे गंगनहर कांवड मार्ग पर अच्छी खासी भीड देखी जा सकती है। वही बेलडा के ग्रामीणो ने निर्जला एकादशी पर शिविर लगाकर आने जाने वाले राहगीरो छबील लगाकर मीठा शर्बत वितरण किया।

### देर शाम शराब के ठेकों पर हुई छापेमारी से मचा हड़कंप

खतौली। शुक्रवार देर शाम आबकारी विभाग ने क्षेत्र में शराब के ठेकों पर कार्रवाई करते हुए एक के बाद एक कई शराब के ठेकों पर छापेमारी की। आबकारी इंस्पेक्टर बिंद्रेश कुमार के नेतृत्व में यह कार्रवाई कस्बे के बुढाना तिराहा, रोडवेज, फुलत अढा और गंगनहर स्थित शराब के ठेकों पर की गई। छापेमारी के दौरान टीम ने ओवररेटिंग और नकली शराब की गहनता से जांच की। इस दौरान कई अहम दस्तावेजों की भी पड़ताल की गई। इंस्पेक्टर बिंद्रेश और जीत सिंह सिपाही ने मौके पर मौजूद सेल्समैन और ठेका संचालकों को सख्त दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि आगे से ओवररेटिंग या नकली शराब बेचने की शिकायत मिली, तो सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस अचानक हुई कार्रवाई से ठेका संचालकों में हड़कंप मच गया। कुछ स्थानों पर टीम के पहुंचते ही अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला। आबकारी विभाग की यह छापेमारी करीब कई घंटे तक चली।

## लुहसाना में निर्जला एकादशी पर लगाई छबील

**बुढ़ाना।** तहसील क्षेत्र के गांव लुहसाना मे स्थित अनुज राठी एडवोकेट के फार्म हाउस पर आज शुक्रवार के दिन निर्जला एकादशी के शुभ अवसर भीषण गर्मी मे ठंडे मीठे शरबत की छबील लगाकर आते जाते राहगीरों को ठंडा मीठा शरबत वितरित किया गया। मिली जानकारी के अनुसार निर्जला एकादशी पर गांव लुहसाना मे मीठे ठंडे शरबत की छबील लगाई गई। अनुज राठी एडवोकेट ने अपने फार्म हाऊस पर मीठे ठंडे शर्बत की छबील लगाकर पुण्य कमाया। सड़क के किनारे लगी छबील पर आते जाते लोग ठंडा मीठा शरबत पीते हुए नजर आए। यहां पर राहग. ीरों को रोक-रोककर ठंडा मीठा शरबत पिलाया गया। एकादशी को



लेकर कुछ महिलाओं ने व्रत भी रखा। इस संबंध में अनुज राठी एडवोकेट ने बताया कि निर्जला एकादशी पर प्यासे को पानी पिलाना ही सबसे बड़ा धर्म है। शास्त्रों के अनुसार एकादशी का पुण्य समस्त तीर्थों और दानों से अधिक है। केवल एक दिन मनुष्य निर्जल रहने से पापों से मुक्त हो जाता है। इस दौरान अनुज राठी एडवोकेट का परिवार भी नजर आया।

## निर्जला एकादशी पर छबील लगाकर शरबत पिलाया

**बुढ़ाना।** निर्जला एकादशी के शुभ अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी तहसील बुढ़ाना क्षेत्र के गांव टाण्डा माजरा के निवासियों ने बुढ़ाना में स्थित खतौली तिराहे पर एक बड़ी सी छबील लगाकर भीषण गर्मी में आते जाते हजारों प्यासे राहगीरों को ठंडा मीठा शरबत पिलाया और सभी से शुभाषीश प्राप्त कर धर्म लाभ उठाया। सभी राहगीरों ने मीठे शरबत की बहुत ही प्रशंसा की। इस अवसर पर यहां मुख्य रूप से भारतीय बेरोजगार पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सोनू कुमार, जिला उपाध्यक्ष दीपक कुमार, रोकी गुर्जर, अनुज पंवार, उदय सिंह, कृष्णपाल सिंह, अंकुर कुमार, आर्यन पंवार, यश कुमार और देव कुमार आदि ग्रामीणों का महत्वपूर्ण योगदान देखने को मिला।

## आवारा कुत्तों का आतंक, दो राहगीरों को काटा

**( नसीम कुरैशी )**

**बुढ़ाना।** स्थानीय ईदगाह के समीप रहने वाले व्यापारी नेता राजेश संगल वाली गली में आवारा कुत्तों ने शुक्रवार की सुबह आते जाते दो राहगीरों को काट खाया। शनिवार की सुबह इस मार्ग से हजारों लोग ईदगाह में नमाज पढ़ने जाने के लिए गुजरेंगे ऐसे में ये सभी आवारा कुत्ते किसी व्यक्ति को भी अपना निशाना बना सकते हैं। कस्बे का ऐसा कोई मोहल्ला या गली नहीं है जहां आवारा कुत्ते ना हों। कस्बे की सड़कों से लेकर छोटे से छोटे गली मोहल्लों में इनका आतंक चल रहा है। जो हर दिन हर मोहल्ले-गली में किसी न किसी को काटते जरुर हैं। लगातार आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। इसके बाद भी संबंधित अधिकारियों द्वारा इस ओर जरा सा भी ध्यान नहीं दिया रहा है जिसकी वजह से डाग बाइट के मामले बढ़ने के साथ ही इनकी संख्या भी तेज गति से बढ़ती ही जा रही है। यदि इन्हें पकड़ा नहीं गया और इनकी संख्या नियंत्रण के लिए कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया तो यह कस्बेवासियों के लिए एक बड़ी समस्या बनकर सामने आएगा। वैसे अभी भी यह डागबाइट करते हुए लोगों को परेशान ही करने का काम कर रहे हैं। कस्बे की गलियां मोहल्लों में आवारा कुत्तों का झुंड देखा जा सकता है। कई चौक-चौराहें में कुत्तों का झुंड आक्रमक होता है जो बाइक सवार, पैदल राहगीर या चार पहिया वाहनों के पीछे दौड़ते हैं इसकी वजह से कई बार चालक दुर्घटना का शिकार भी होते हैं। यह हाल बुढ़ाना कस्बे का ही नहीं है बल्कि ग्रामीण अंचल में भी है। लगातार बढ़ रहे कुत्तों के हमले को लेकर लोगों में रोष है। डाग बाइट के मामले बढ़ते ही जा रहे है। यदि जल्द ही इनके नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाया गया तो स्थिति और भी बिगड़ सकती है और इनका आवारा आतंक और भी ज्यादा बढ़ सकता है। बुढ़ाना कस्बे की सीएचसी में तो कुत्तों के काटे हुए लोग रोजाना आते हैं और रेबीज का इंजेक्शन लगवाते हैं।

## रजवाहे में पानी नहीं आने पर किसानों ने किया हंगामा

**मोरना।** राजबाहे में तीन माह से पानी नहीं आने पर किसानों ने जमकर हंगामा किया। मौके पर पहुंची अधिकारियों की टीम ने समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है। राजबाहे मे पानी न आने की समस्या को लेकर शुक्रवार को क्षेत्र के गांव मलपुरा निवासी राहुल त्यागी,ओमपाल सिंह, आजाद सिंह, गौरव, रामपाल, युसुफपुर के रवि, प्रदीप कुमार, विनीत,अरविंद, जोगेंद्र सिंह,बालेन्द्र सिंह, गांव किशनपुर निवासी साजिद, अनाब,कल्लू आदि दर्जनों किसान चीनी मिल मोरना की स्थित राजबाहे पर पहुंचे और हंगामा शुरू कर



दिया। सूचना के बाद सिंचाई विभाग के अवर अभियंता विरेन्द्र सिंह व सींचपाल, देवदत्त, रोबिन सिंह, जिलेदार किशन गोपाल आदि पहूँचे। किसानों ने अधिकारियों के सामने भी जमकर हंगामा करते हुए आरोप लगाया है कि तीन माह से राजबाहे में पानी नहीं आया है। सफाई नहीं होने के कारण राजबाहे का पानी खेतों तक पानी नहीं पहुंच पाता है। सिंचाई प्रभावित होने से सैकड़ो किसानों की फसल प्रभावित हो रही है। अधिकारियों टीम ने उच्चाधिकारियो से बात कर किसानों को समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। साथ ही बताया कि पांच किलोमीटर दूर राजबाहे का गेट भी टूटा हुआ है जिससे एक बड़ी समस्या उत्पन्न हो रही है उसे भी ठीक कराया जायेगा। अधिकारियों के आश्वासन पर किसान वापस लौट गए थे।

## वरदान बनी प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष यादव एस ठाकुर के कुशल नेतृत्व में भारत सरकार की सामाजिक सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत क्षेत्र मुजफ्फरनगर की शाखा सिक्का के ग्राहक सुरेशो पुत्र पदम द्वारा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना प्राप्त की गई, सुरेशो पुत्र पदम की बीमारी के चलते निधन हो गया जिससे उनके नॉमिनी कुलदीप कुमार को बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक यूसुफ़ ख़ान एवं शाखा सिक्का के शाखा प्रबंधक अनूप श्रीवास्तव द्वारा 200000 का चेक प्रदान किया गया

साथ ही बैंक क्षेत्र मुजफ्फरनगर शाखा जसाला के ग्राहक पूनम देवी पत्नी संजीव द्वारा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना प्राप्त की गई थी पूनम देवी पत्नी संजीव की गंभीर बीमारी के




चलते निधन हो गया जिससे उनके नामिनी संजीव को बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक यूसुफ़ ख़ान एवं शाखा जसाला के शाखा प्रबंधक सुधीर काम्बोज द्वारा 200000 का चेक प्रदान किया गया जिससे उनके परिवार को आर्थिक सहायता प्राप्त हुई। इसी क्रम में क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा शाखा सिक्का के ग्राहकों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के लाभों की जानकारी प्रदान की गई एवं लोगों को अधिक से अधिक योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु आवाहन किया गया।

## धूमधाम से मना निर्जला एकादशी का पर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहपुर।** कस्बे मे निर्जला एकादशी का पर्व श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया। लोगों ने निर्जला व्रत रखकर भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना की। गुप्ता हॉस्पिटल के सामने समा. जसेवी सत्येंद्र पाल और मुकेश पाल के सौजन्य से छबील लगाई गई। और राहगीरों को मीठा शर्बत पिलाया गया। इस दौरान भाजपा नेता एवं समाजसेवी अरविंद पाल ने राहगीरों को शरबत पिलाकर धर्म लाभ उठाया। इस अवसर पर युवा समाजसेवी प्रदीप पाल, नितिन पाल, मुकेश पाल, सुरेन्द्र सैनी, छोटा आदि मौजूद रहे। बसी रोड पर मीठे शरबत की छबील लगाई। इस मौके पर पीयूष जैन, दीपक गोयल, विनीत शर्मा, पर्व जैन, हंस शर्मा आदि का मुख्य रूप से सहयोग रहा। शाहपुर कस्बा चौकी पर थाना प्रभारी जय सिंह भाटी के नेतृत्व में पुलिस बल ने छबील लगाकर सैकड़ो राहगीरों की मीठे शरबत से प्यास बुझाई। थाने के एसएसआई



बालिस्टर त्यागी, कस्बा पुलिस चौकी प्रभारी राहुल कुमार, पत्रकार पीयूष शर्मा के साथ साथ सभी पुलिस कर्मियों का सहयोग रहा।

राहुल मेडिकल स्टोर पर लगाई गई मीठे शरबत की छबील। इस दौरान महेंद्र बाबू, सतेंद्र सैनी, सचिन सैनी, अंकित सैनी, राहुल सैनी, कार्तिक सैनी, आकाश सैनी, आदेश कुमार, सुहेल।

बुढ़ाना रोड पर मीठे शरबत का वितरण किया गया। इस दौरान मनीष गर्ग, आशु पाल, अनिल, दीपक सैनी, अरहान सिद्दीकी, नकुल पाल, नीटू, नीरज सैनी, अमित मित्तल, शुभम प्रजा. पति, सभासद मनोज अरोड़ा, रिया ब्यूटीपालर, सनी अरोड़ा, शालू अरोड़ा, रवि अरोड़ा आदि उपस्थित रहे।

## भूमिया खेता का 8वां स्थापना दिवस मनाया

**बुढ़ाना।** तहसील क्षेत्र के गांव मदीनपुर खिजरपुर मे भूमिया खेता का आठवां स्थापना दिवस समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से और बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान बैंड बाजे के साथ पूरे गांव का भ्रमण भी किया गया। इसके अलावा भूमिया पर हवन यज्ञ का भी आयोजन किया गया ओर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर यहां मुख्य रूप से टोनी कुमार, सुद. ेश कुमार, मास्टर प्रवेश, सोमपाल सिंह, पूरण सिंह, ओम सिंह, राजीव कुमार, अमरपाल सिंह, सावन कुमार, मंदिर के महाराज श्याम बहादुर यादव और डाक्टर आदेश कुमार सहित अनेक श्रदालुओं की उपस्थिति देखने को मिली।

## रोहाना मिल में निर्जला एकादशी पर शरबत बांटा

**मुजफ्फरनगर।** निर्जला एकादशी के शुभ अवसर पर इण्डियन पोटाश लिमिटेड की शुगर यूनिट द्वारा प्रातः 10:00 बजे से मु0 नगर- सहारनपुर रोड पर मीठा शरबत बॉटने का आयोजन किया गया। मुजफ्फरनगर से सहारनपुर जाने वाले मार्ग पर पैदल, साईकल सवार, मोटरसाईकल सवार, कार व बसों को रोककर उनमे यात्रा कर रहे लोगो को मीठा शरबत पिलाया गया।

मीठे शरबत का शुभारम्भ इकाई प्रमुख लोकेश कुमार के द्वारा किया गया। उक्त आयोजन मे रामबीर लल्लर विभागाध्यक्ष(यांत्रिकी), श्री आर0के0 तिवारी वरिष्ठ प्रबन्धक(मा.संसा/विधिक), नरेश



कुमार रस्तौगी चीफ इंन्जी (सिविल), प्रमोद आनन्द चीफ इंजी0 (इलैक्ट्रीकल), प्रमोद कृष्ण त्रिपाठी सहा0 प्रबन्धकविक्रय), पंकज शर्मा, कपिल देव, विकास, मनोज व रणपाल आदि कर्मचारियों द्वारा भी मीठे शरबत बॉटने में अपना योगदान दिया ।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
एस.एन. राना

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# रसोई गैस के चक्कर में पीने का पानी भी गंवा बैठे क्षेत्रवासी

## गैस पाइपलाइन बिछाते पानी की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त चेयरमैन व ईओ ने मौके पर आकर मशीन को किया सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के बीच आईजीएल कंपनी द्वारा गैंस पाईप लाईन बिछाते समय नगर पालिका की मुख्य पाईप लाईन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया, जिससे पूरे शहर की जलापूर्ति बाधित हो गई और भीषण गर्मी में बिना पानी के हाहाकार मच गया। सूचना पर पहुंचे नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल और ईओ विनोद कुमार सोलंकी ने पाईप लाईन डालने वाले मशीन को जब्त करते हुए सील करा दिया है। पाईप लाईन टूटने से पूरे शहर में लगी करीब 47 ट्यूबवैलों को बंद करना पडे। पाईप लाईन में फाल्ट इतना बडा है कि इसके लिए दिल्ली से सामान मंगवाया जाएगा।

पिछले लंबे समय से शहर में आईजीएल कंपनी द्वारा गैंस पाईप लाईन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। शुक्रवार को भी कंपनी के कर्मचारियों द्वारा शहर के कैराना रोड स्थित नौकुआ रोड चौराहे पर पाईन लाईन बिछाने के लिए नगर पालिका की बिना अनुमति के गडढा खोदा गया। इस दौरान कंपनी के कर्मचारियों की लापरवाही के चलते नगर पालिका की मैन पाईप लाईन क्षतिग्रस्त हो गई।



जिससे पूरे शहर की जलापूर्ति बाधित हो गई और भीषण गर्मी में सवेरे से ही लोगों के घरों में पानी न पहुंचने से हाहाकार मच गया। मामले की सूचना जैसे ही नगर पालिका के अधिकारियों को हुई तो उन्होने पूरे शहर में लगे सभी 47 टयूवैलों को बंद कराया और जल्द से जल्द क्षतिग्रस्त पाईप लाईन को ठीक करने का काम शुरू किया, लेकिन फाल्ट इतना बडा था कि पाईप लाईन को ठीक करने के लिए दिल्ली से सामान मंगवाया गया। सूचना पर चेयरमैन अरविन्द संगल, ईओ विनोद कुमार सोलंकी भी मौके पर पहुंचे और उन्होने कंपनी के कर्मचारियों की लापरवाही पाए जाने पर आईजीएल कंपनी की गैस लाईन बिछाने वाले मशीन को सीज कर दिया है। चेयरमैन अरविन्द संगल ने बताया कि कंपनी को नोटिस जारी किया गया है। साथ ही ठेकेदार के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराकर कानूनी कार्यवाही कराई जाएगी।

## कादिर हसन बने भाकियू युवा मोर्चा के जिला सचिव

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** क्षेत्र के गांव बलवा निवासी कादिर हसन को भाकियू हाईकमान के निर्देश पर युवा मोर्चा का जिला सचिव मनोनीत किया गया है। शुक्रवार को भाकियू हाईकमान के निर्देश पर युवा जिलाध्यक्ष मोहित शर्मा ने शामली क्षेत्र के गांव बलवा निवासी कादिर हसन पुत्र हासिम को जिला सचिव के पद पर मनोनीत किया। आशा व्यक्त की कि स्व चौधरी महेन्द्र सिंह टिकैत की नीतियों को आगे बढाकर किसान हित में लडाई लडने का आहवान किया। इस दौरान कादिर हसन का फूल मालाओं से स्वागत किया गया।

## मूल्य से अधिक कीमत वसूलने का आरोप

**ऊन।** तहसील में स्टांप वेंडर स्टांप की कीमत से अधिक धनराशि वसूल कर रहे हैं इस संबंध में पीड़ित लोगों ने उप जिला अधिकारी को शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। तहसील में स्टाफ वेंडर स्टांप की कीमत से अधिक धनराशि वसूल रहे हैं कस्बा निवासी दीपक कुमार पुत्र राममेहर ने 29 मई को 74700 का स्टांप स्टांप वेंडर से खरीदा था जिसमें स्टांप वेंडर द्वारा 75200 लिए गए। इस संबंध में दीपक कुमार के नेतृत्व में एसडीएम संदीप त्रिपाठी से शिकायत की है, जिसमें अंकुश, सुरेंद्र ,सुधीर ,प्रदीप, सत्येंद्र रहे।

# किसानों को एकजुट करने खोड़समा पहुंचे राकेश टिकैत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने शुक्रवार को क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों में जनसभाएं कर किसानों से संगठन को मजबूत करने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसान अगर संगठित रहेंगे तो कोई भी सरकार उनकी अनदेखी नहीं कर सकती। खोड़समा, टोडा, सकोती, कमालपुर समेत कई गांवों में हुई सभाओं में किसानों की भारी भीड़ उमड़ी। खोड़समा गांव में आयोजित कार्यक्रम नवाब राणा के आवास पर हुआ, जिसकी अध्यक्षता करनैल सिंह ने और संचालन मास्टर जाहिद ने किया। सभा को संबोधित करते हुए राकेश टिकैत ने कहा कि किसान ही देश की रीढ़ हैं, लेकिन सरकारें बार-बार किसानों के हितों को नजरअंदाज कर रही हैं। उन्होंने कहा कि अगर सरकार कोई भी किसान विरोधी बिल लाएगी, तो उसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। टिकैत ने कहा, हम किसी राजनीतिक पार्टी के विरोधी नहीं हैं, हम उनके विरोधी हैं जो किसानों के खिलाफ काम करते हैं। हमने कांग्रेस के खिलाफ भी छत्तीसगढ़ में तीन साल तक धरना दिया था। अगर भाजपा भी किसानों की अनदेखी करेगी, तो उसका भी विरोध होगा। सभा में उन्होंने एक दिलचस्प उदाहरण देते हुए कहा, किसान दिनभर मेहनत कर दूध निकालते हैं और उसे बाजार में 40 रूपए लीटर बेचते हैं, लेकिन जब घर में कोई मेहमान आता है, तो बाजार से 50 रूपए की कोल्ड ड्रिंक लाकर पिलाते हैं। अब वक्त आ गया है कि हम अपनी चीजों को महत्व दें। मेहमानों को कोल्ड ड्रिंक की जगह अपने घर का दूध और लस्सी पिलाएं। इससे खर्च भी कम होगा और अपनी उपज का सम्मान भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत करना आज की सबसे बड़ी जरूरत है। बंटे हुए किसान का कोई सुनवाई नहीं करता, लेकिन जब किसान एकजुट होता है तो सरकारें भी झुकती हैं। टिकैत ने किसानों से अपील की कि वे अपने हक की लड़ाई को समझें और गांव-गांव में संगठन को मजबूत करें। सभा के दौरान चौधरी राकेश टिकैत के साथ कई प्रमुख किसान नेता व गणमान्य मौजूद रहे। इनमें कुलदीप पंवार, मास्टर जाहिद, नवाब राणा खोड़समा, विनोद प्रधान, जाबांज प्रधान, जुनेद, शौकीन, शहादत, नाजिम, मास्टर सुन्दरलाल कमालपुर प्रमुख रूप से शामिल रहे।



### सभा में उठी ग्रामीण मुद्दों की भी आवाज

जनसभा में किसानों ने बिजली की अनियमित आपूर्ति, खेतों में आवारा पशुओं का आतंक और खाद-बीज की कालाबाजारी जैसे मुद्दे भी उठाए। टिकैत ने इन समस्याओं को लेकर जल्द ही जिला स्तर पर आंदोलन छेड़ने की चेतावनी दी।

# ईद की तैयारियां पूर्ण, सुरक्षा व सफाई व्यवस्था चाक-चौबंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** ईद उल अजहा के पर्व को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा और साफ-सफाई की व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं।

शुक्रवार को ईद उल अजहा पर्व के अवसर पर शहर के कैराना रोड स्थित ईदगाह में साफ सफाई की गई। नगर पालिका के ईओ विनोद कुमार सोलंकी, सफाई इंस्पेक्टर आदेश सैनी ने मौके पर पहुंचकर सफाई नायकों को साफ सफाई के निर्देश दिए। इसके साथ ही शहर की प्रमुख मस्जिदों के बाहर से साफ सफाई कराई गई। ईद के मौके पर कुर्बानी के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह या असामाजिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए जिलेभर में पुलिस बल लगातार भ्रमणशील रहेगा। खासकर मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की गई है। डीएम और एसपी ने जिलेवासियों से अपील की है कि ईद उल अजहा के अवसर पर प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न करें और कुर्बानी के बाद बचे अवशेषों को सुरक्षित स्थान पर दबाएं, जिससे स्वच्छता बनी रहे और किसी को असुविधा न हो।






नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश पाल कश्यप ईदगाह में सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए।

## कुर्बानी का त्योहार आज, चेयरमैन सुरेशपाल ने लिया ईदगाह की साफ सफाई का जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** ईद उल अजहा को लेकर मुस्लिम समाज में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है, वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष ने ईदगाह पर पहुंचकर सफाई व्यवस्था और सुरक्षा का जायजा लिया। ईदगाह में ईद की नमाज सुबह सात बजे मौलाना अकरम अदा कराएंगे। कस्बे में ईदगाह के अलावा शाही जामा मस्जिद नीला रोजा में साढ़े साथ बजे तथा मोहल्ला शहमुबारिक में 8 बजे ईद की नमाज अदा की जाएगी। शुक्रवार को नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश पाल कश्यप ने ईदगाह पर पहुंचकर साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। मेरठ करनाल हाईवे स्थित ईदगाह परिसर में पक्के चबूतरे के अलावा बाकी कच्चे ऊंचे नीचे परिसर में मिट्टी भराव कराकर भूमि को समतल करा दिया गया है। जिसे नमाजियों के बैठने में सुविधा मिल सकेगी। सभासद पति असलम कुरैशी, इकराम सिद्दीकी और सभासद अनुज गुप्ता, नगर पंचायत कर्मी ईदगाह परिसर पर पहुंचे थे और अधीनस्थ कर्मियों को ईदगाह परिसर पर सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया। थाना अध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने शर्मा ने बताया कि थाना क्षेत्र की 14 ईदगाह और 6 मस्जिदों में ईद उल जुहा की नमाज को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद कर दी गई है। शांति समिति की बैठक और व्यक्तिगत तौर पर मुलाकात कर कुर्बानी के लिए स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। किसी भी प्रकार से गड़बड़ी करने वाले को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस और प्रशासन ने संपूर्ण व्यवस्था कर ली है।

## ईद उल अजहा का त्योहार सौहार्द सुख शांति के साथ मनाएं: मौलाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** उत्तर प्रदेश के जनपद शामली में ईद उल अजहा (बकरीद) का त्योहार 7 जून 2025 को शनिवार के दिन मनाया जाएगा। शिया धर्म के मोलाना ऑन मोहम्मद के अनुसार मस्जिद ए मुस्तफवी में सुबह 9:00 बजे नमाज अदा की जाएगी। शुक्रवार को जुम्मा पढ़ाने के दौरान मोलाना ने बयान में कहा कि कुर्बानी करते समय विशेष ध्यान रखें कुर्बानी खुले स्थान पर न की जाए। इसके लिए पर्दे का इंतजाम करना आवश्यक है। कुर्बानी का खून नालियों में नहीं बहाया जाना चाहिए कुर्बानी करते समय सफाई व्यवस्था का ध्यान रखें कुर्बानी का जो अवशेष है उनको मिट्टी में दफन किया जाए। इसके बाद कहा कि ईद-उल-अजहा, जिसे बकरीद और कुर्बानी की ईद भी कहा जाता है, इस्लाम धर्म का यह एक अहम त्योहार है।

## एक नजर

### डीएम व एसपी ने लिया घाट पर व्यवस्थाओं का जायजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गंगा दशहरा के पावन अवसर पर गुरूवार देर रात्रि पानीपत यमुना ब्रिज घाट ग्राम पंचायत मवी में डीएम अरविन्द कुमार चौहान, एसपी राम सेवक गौतम ने पहुंचकर घाट पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित को दिशा निर्देश दिए। इसके उपरांत डीएम अरविन्द कुमार चौहान, एसपी रामसेवक गौतम, सीडीओ विनय कुमार तिवारी, एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज ने गंगा आरती में भाग लिया।

### समरकैंप में बच्चों ने सीखे गुर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सत्यनारायण इंटर कॉलेज में चल रहे समर कैम्प में बच्चों को सम्बोधित करते हुए प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा एवं कैम्प संचालिका छवि शर्मा ने कहा कि कैम्प में नियमित रूप से बच्चों को योगाभ्यास, बैडमिन्टन, फुटबॉल, गीत - संगीत आदि के साथ - साथ पाक कला और रचनात्मक कार्यों के बारे में भी सिखाया जा रहा है और बच्चे इनको आनन्द के साथ सीख रहे हैं। आज विशेष रूप से बच्चों को रचनात्मक कार्य और योगाभ्यास सिखाए गए। रचनात्मक कार्यों में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के पेपर वर्क सीखे और योगाभ्यास में बच्चों को वज्रासन सिखाया गया। उसके लाभों से बच्चों को परिचित कराया गया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### रंजिश के चलते की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला काजीवाडा निवासी हसीन पुत्र नसीफ व उसका भाई जीशान गत गुरूवार को मुम्बई में कार्य कर अपने घर लौटे थे। आरोप है कि इसी दौरान मौहल्ले के ही नवाजिश, फरीद, नवेद, नवाब, बालू, उवेश, आविश आदि ने पुरानी रंजिश के चलते दोनों भाईयों के साथ झगडा शुरू कर दिया। जिसमें जीशान ने तो मौके से भागकर अपनी जान बचाई, जबकि हसीन पर लाठी डंडों से हमला बोल दिया, जिसमें उसके सिर पर गंभीर चोट लगने से 12 टांके आए है। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वही पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की गई है।

### छोटे साहिबजादे के शहीदी दिवस पर लगाई छबील

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**झिंझाना।** मेरठ करनाल हाईवे ग्राम बाबा बूढ़ा साहिब गुरुद्वारा पर छोटे साहिबजादे के शहीदी दिवस पर सेवकों ने छबील लगाकर यात्रियों को मीठा पानी पिलाया। गुरुद्वारे के सेवादारों ने पूरे दिन राहगीरों को पानी पिलाकर प्यास बुझाई। मेरठ करनाल हाईवे स्थित बाबा बूढ़ा साहिब गुरुद्वारा पर छोटे साहिबजादे के शहीदी दिवस पर बाबा पम्मा सिंह के नेतृत्व में सभी सेवकों ने मीठे व ठंडे पानी की छबील लगाकर दिनभर आने जाने वाले सभी यात्रियों को मीठा पानी पिला कर धर्म लाभ कमाया। जिससे लोगों ने ठंडा व मीठा पानी पीकर गर्मी से भी राहत ली और यात्री अपने गंतव्य की ओर बढ़ गए। सेवकों में मुख्य रूप से शेर सिंह, कुलबीर सिंह, रमन सिंह, जोगिंदर सिंह, राहुल बिंदल, कर्ण सिंह, देविंदर, निंदर सिंह आदि ने योगदान दिया।

### दरें निर्धारित की गई

**शामली।** उत्तर प्रदेश स्टाम्प (सम्पत्ति का मूल्यांकन) नियमावली, 1997 एवं तत्सम्बन्धित उत्तर प्रदेश स्टाम्प (सम्पत्ति का मूल्यांकन) (द्वितीय संधोधन) नियमावली, 2013 व (तृतीय संशोधन) नियमावली, 2015 के नियम- 4 (1) के अन्तर्गत प्रचलित कलेक्टर वार्षिक मूल्यांकन सूची को पुनरीक्षित/व्यवहारिक रेशनलाइज करने हेतु जनपद के समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, उप निबंधक से प्रस्ताव प्राप्त किए गए। अरविन्द कुमार चौहान, जिलाधिकारी कलेक्टर, शामली ने बताया कि जनपद के अधिकारियों से सम्यक विचारोपरान्त उत्तर प्रदेश (सम्पत्ति का मूल्यांकन) नियमावली, 1997 यथासंशोधित 2013 व 2015 के अन्तर्गत जनपद शामली के उप निबंधक कार्यालय शामली, कैराना एवं ऊन की अचल सम्पत्ति का वार्षिक मूल्यांकन कराकर समस्त प्राविधानों सहित दरें निर्धारित कर 9/6/2025 से अग्रिम आदेशों तक जनपद में प्रभावी कर दी गई है।




शामली। विजयी मुद्रा में फोटो खिंचवाते हुए।

## अमित कुमार बने टैक्स बार एसो. के अध्यक्ष

**शामली।** शहर के कर अधिवक्ताओ द्वारा शामली टैक्स बार एसोसिएशन की नई टैक्स बार की घोषणा की, जिसमें अधिवक्ता अमित कुमार शर्मा को अध्यक्ष और अंकित जैन को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। शुक्रवार को शहर के कमला कालोनी स्थित अधिवक्ता अंकित जैन के निवास पर कर अधिवक्ताओं की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शामली टैक्स बार एसोसिएशन की नई टैक्स बार की घोषणा की गई। जिसमे वर्ष 2025 के लिए नव कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति के साथ किया गया। जिसमे अमित कुमार शर्मा एडवोकेट को अध्यक्ष, अंकित जैन एडवोकेट को उपाध्यक्ष, अनुज कुमार गोयल को उपाध्यक्ष, सचिन कुमार सैनी को महासचिव, विक्रांत भार्गव एडवोकेट को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। अध्यक्ष अमित कुमार शर्मा ने बताया गया कि कर अधिवक्ताओ के हितों की रक्षा के लिए निरंतर एसोसिएशन द्वारा कार्य किए जाएगे। बार और बैंच के मध्य मधुर संबंध स्थापित हो इसके लिए एसोसिएशन निरंतर कार्यशील रहेगी। इस अवसर पर बैठक का संचालन विक्रांत भार्गव एडवोकेट ने किया।

# कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, एक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** चौसाना बिडौली मार्ग पर खोड़समा के पास बाइक सवार को एक तेज रफ्तार कार ने पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार पिता व उसकी दो बेटियां घायल हो गई ।जिनमें से गंभीर घायल एक बेटी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।कार सवार टक्कर लगने के बाद मौके से फरार हो गया।घायलों का करनाल के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं मृत युवती के शव को परिजन चौसाना चौंकी लेकर पहुंचे । पुलिस ने परिजनों को समझाकर कार्यवाही का आश्वाशन देते हुए शव को। पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया।

शुक्रवार को दोपहर 1 बजे के करीब गांव मछरौली ,जिला सहारनपुर निवासी ब्रिजेश अपनी दो बेटियों निशिता व चेतना के साथ बाइक पर सवार होकर पानीपत रिश्तेदारी से वापस अपने गांव मछरौली लौट रहा था ।जैसे ही ब्रिजेश बिड़ौली मार्ग पर स्थित खोड़समा गांव के निकट पहुंचा तो पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी।टक्कर के बाद पिता व दोनों बेटियां सड़क पर जा गिरे और कार सवार मौके से फरार हो गया।जिनमें से एक युवती निशिता ने मौके पर ही दम तोड दिया। राहगीरों ने पुलिस व परिजनों को सूचना दी जिसके बाद घायलों को करनाल अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं मृत युवती के शव को परिजन चौसाना चौंकी लेकर पहुंचे।चौसाना पुलिस के कार्यवाही के आश्वासन के पश्चात युवती के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। परिजनों द्वारा तहरीर देकर कार चालक के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की गई है।



## एसडीएम व थानाध्यक्ष के कहने पर धरना स्थगित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** तहसील परिसर में थाना भवन झिंझाना मार्ग के निर्माण हेतु ,विद्युत विभाग के उत्पीड़न के खिलाफ, पशु चिकित्सालय पर डॉक्टर व फार्मासिस्ट की तैनाती, क्षेत्र में रोडवेज बसो का संचालन तथा ऊन में राजकीय डिग्री कॉलेज की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन पिछले 5 दिनों से चल रहा था। शुक्रवार को उप जिलाधिकारी संदीप त्रिपाठी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों तथा थाना अध्यक्ष झिंझाना को बुलाकर धरने पर बैठे लोगों के साथ वार्ता कराई जिसमें कुछ मुद्दों पर सहमति बन गई इसके बाद सभी अधिकारी धरने पर बैठे लोगों के बीच पहुंचे जिसमें एक्सईएन सौरभ पाठक ने कस्बे के लोगों पर दर्ज मुकदमे तथा जुर्माने में सम्मानजनक हल करने का आश्वासन दिया तथा घटी घटना की निंदा की । उप जिला अधिकारी ने संदीप त्रिपाठी ने झिंझाना थाना भवन मार्ग को बनवाने के लिए तथा अन्य मांगों के लिए एक हफ्ते का समय मांगा जिससे कि मांगों को हल कराया जा सके उन्होंने धरने पर बैठे लोगों से धरना समाप्त करने की अपील की। इसके बाद धरने पर बैठे लोगों ने उप जिला अधिकारी के आश्वासन पर धरने को 23 जून तक स्थगित करने की घोषणा की तथा मांगे पूरी न होने पर 23 जून से धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी।धरना प्रदर्शन में जन उत्थान सेवा समिति के अध्यक्ष सुखपाल भार्गव ,भास्कर चौधरी, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप चौधरी ,पूर्व अध्यक्ष आदि रहे।

# खोखरी नदी किनारे भारी टायर फैक्ट्री पर एनजीटी सख्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** शामली जिले के सकौती गांव में खोखरी नदी के पास बन रही एक भारी क्षमता वाली टायर पायरोलिसिस फैक्ट्री पर राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने सख्त रुख अपनाया है। एनजीटी की प्रधान पीठ ने डॉ. अमित कुमार द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए फैक्ट्री निर्माण को लेकर गंभीर पर्यावरणीय सवाल उठाए हैं और सभी संबंधित विभागों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

यह फैक्ट्री एमध्एस अडिदेवा कार्बन एलएलपी द्वारा 230 मीट्रिक टन प्रतिदिन की क्षमता के साथ बनाई जा रही है, जो खोखरी नदी से महज 40 मीटर की दूरी पर स्थित है। याचिका में कहा गया है कि फैक्ट्री का निर्माण पर्यावरण मानकों और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की दिशा-निर्देशों के खिलाफ है। गाइडलाइन के अनुसार, ऐसे पायरोलिसिस प्लांट्स केवल अधिसूचित औद्योगिक क्षेत्रों में ही लगाए जा सकते हैं, लेकिन यह प्लांट न तो औद्योगिक क्षेत्र में आता है और न ही इसकी कोई सार्वजनिक जनसुनवाई कराई गई।



याचिकाकर्ता अमित कुमार ने दावा किया कि यह निर्माण कार्य न केवल खोखरी नदी को दूषित कर सकता है, बल्कि आसपास के मंदिर, स्कूल और रिहायशी इलाकों के लोगों के स्वास्थ्य पर भी गंभीर असर डाल सकता है। उल्लेखनीय है कि खोखरी नदी के संरक्षण के लिए एनजीटी पहले ही आदेश जारी कर चुका है (मामला संख्या 201/2024), और अब उसी के किनारे भारी प्रदूषण फैलाने वाली फैक्ट्री शुरू करने की तैयारी की जा रही है।

एनजीटी की प्रधान पीठ जिसमें अध्यक्ष जस्टिस प्रकाश वास्तव और विशेषज्ञ सदस्य डॉ. ए. सेंथिल वेल शामिल हैं, ने स्पष्ट कहा कि मामला

## पर्यावरणीय मंजूरी पर उठे सवाल

पर्यावरणीय मानकों की अवहेलना से जुड़ा गंभीर विषय है। पीठ ने उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से यह जवाब मांगा है कि बिना सिटिंग क्राइटेरिया की जांच के आखिर इस फैक्ट्री को कंसेंट टू एस्टैब्लिश कैसे जारी कर दिया गया। एनजीटी ने सभी संबंधित विभागों को नोटिस जारी करते हुए अगली सुनवाई की तारीख 2 सितंबर 2025 तय की है और निर्देश दिया है कि सभी पक्ष समय पर अपना जवाब दाखिल करें। यदि यह साबित होता है कि फैक्ट्री पर्यावरणीय नियमों की अनदेखी करके बनाई जा रही है, तो निर्माण कार्य पर रोक के साथ जिम्मेदार अधिकारियों पर कानूनी कार्रवाई भी हो सकती है।

अडिदेव कार्बन फैक्ट्री में पीपीओ प्लांट है, जिसमें आठ इंडस्ट्रीज शामिल हैं, लेकिन अभी कोई यूनिट चालू नहीं की गई है। एनजीटी का नोटिस मिला है, जिसकी जांच की जा रही है। नियमों का उल्लंघन पाया गया तो उचित कार्रवाई होगी।

**कुंवर संतोष,**
**प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, शामली**

........................................

वहीं, फैक्ट्री संचालक मनीष अग्रवाल से संपर्क का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन रिसीव नहीं हुआ। व्हाट्सएप पर भी संदेश भेजा गया, पर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।

# यमुना नदी मे डूबे युवक का शव 24 घंटे बाद मिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** शुक्रवार को घटनास्थल से डेढ़ सौ मीटर आगे बने कुंड मे युवक का शव मिला पुलिस ने पंचनामा में भरकर शव को परिजनों को सौंप दिया।

बृहस्पतिवार को हुकम सिंह पुत्र बृजपाल सिंह निवासी अहमदगढ़ अपने दो साथियों के साथ हरि पुत्र सज्जन सिंह व जिंधु पुत्र सेवाराम निवासी अहमदगढ़ के साथ रुपिंदर सिंह पुत्र जोगा सिंह निवासी कर्ली डेरा मजरा यूसुफपुर चोतरा के यहां पर अपने दो साथियो के साथ मजदूरी करने के लिए गया था। युवक मजदूरी खत्म करके अपने साथियों से बोला कि आप मजदूरी के पैसे ले लो तब तक में दशहरे के पर्व पर यमुना नदी में एक डुबकी लगाकर आता हूं। लेकिन काफी समय हो जाने के बाद वापस न आने पर साथियों ने यमुना नदी पर पहुंचकर उसकी तलाश की लेकिन वह नहीं मिला वहां पर उसके कपड़े व चप्पल मिले। साथियों ने युवक की काफी तलाश करने के बाद। पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर गोताखोर को बुलाया गोताखोर ने युवक की तलाश शुरू की। गोत्ताखोरो ने ग्रामीणों की मदद से 24 घंटे के बाद घटना स्थल से डेढ़ सौ मीटर आगे बने कुंड से युवक के शव को बरामद कर लिया। जैसे इसकी सूचना गांव में पहुंची तो गांव के लोगों का तांता उसके घर पर लगना शुरू हो गया गांव में गम का माहौल है परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। युवक की तीन वर्ष पहले ही शादी हुई थी जो अपने पीछे अपनी पत्नी व दो लड़कियों को रोता बिलखता छोड़ गया।

# चेयरमैन ने लिपिक रविन्द्र कुमार को किया सस्पेंड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नगरपालिका परिषद कैराना के अध्यक्ष शमशाद अहमद ने पालिका के सफाई विभाग में तैनात सफाई लिपिक रविन्द्र कुमार को निलंबित कर दिया है।

कार्य के प्रति उदासीनता व लापरवाही बरतने के आरोप में उनके खिलाफ कार्यवाही की गई है। जलकल विभाग के लिपिक तासीम अली को सफाई विभाग का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। नपा अध्यक्ष की कार्यवाही से पालि. का कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

विगत चार जून को नपा चेयरमैन शमशाद अहमद की ओर से एक निलंबन आदेश जारी किया गया है। बताया कि नगर के बाशिंदों व सभासदों के द्वारा प्रतिदिन उनके कैम्प कार्यालय पर पहुंचकर कस्बे के विभिन्न मोहल्लों-गलियों आदि की सफाई न होने की शिकायत की गई। उक्त कार्य के सम्बंध में उन्होंने पालिका के सफाई लिपिक रविन्द्र कुमार को कई बार मौके पर पहुंचकर साफ-सफाई करवाने व निरीक्षण करने के मौखिक निर्देश दिए गए, परन्तु लिपिक के द्वारा उनके निर्देशों का अनुपालन नही किया गया। बरसात के मौसम के दृष्टिगत नगर के छोटे-बड़े नालों व नालियों की सफाई कराने का कार्य समय से पूर्ण नही किया गया, जिसके चलते नगर में हो रहे जलभराव से पालिका की छवि धूमिल हो रही है। चेतावनी दिए जाने एवं सचेत करने के बावजूद सफाई लिपिक ने अपनी कार्यशैली में कोई सुधार नही किया। लिपिक के द्वारा कार्यालय में बैठकर राजनीति करने के अलावा कोई कार्य नही किया गया। शिकायतों के मद्देनजर एवं निर्देशों की अवहेलना किए जाने का दोषी पाए जाने पर सफाई लिपिक रविन्द्र कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। वहीं, नगरपालिका में तैनात जलकल लिपिक तासीम अली को सफाई विभाग का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। निलंबन की अवधि के दौरान लिपिक को प्रतिदिन पालिका के कर कार्यालय में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए है।

## कस्बा कैराना में ईद-उल-अजहा की नमाज का वक्त

ईदगाह-6:15 बजे
जामा मस्जिद- 6:45 बजे
मदरसा इशा-अतुल-इस्लाम . 9:00 बजे
मस्जिद रहमतुल्लाह दरबार खुर्द . 6:15 बजे
मस्जिद दरबार- 6:20 बजे
मस्जिद रशीदिया (निज्द तालाब). 6:20 बजे
मस्जिद तकिया वाली (निज्द भारत टेंट)- 6:20 बजे
मस्जिद गली- 6:30 बजे
मस्जिद मक्की- 6:20 बजे
मस्जिद सराय - 6:30 बजे
मस्जिद एमपी वाली- 6:30 बजे
मस्जिद जामि- अतुल-इमाम रहमतुल्लाह इस्लामिया (चीनी मिल, कांधला रोड)- 7:00 बजे
मस्जिद शामली बस स्टैंड- 6:20 बजे

# पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी ने सुनी आमजन की समस्या



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कैराना संसदीय क्षेत्र के पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी ने कैंप कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनी। संबंधित विभाग के अधिका. रियों से वार्ता कर जल्द से जल्द संज्ञान लेकर निस्तारण करने पर जोर दिया।

कैराना लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी ने शामली में स्थित कैंप कार्यालय पर पहुंचकर जनता से मुलाकात उनकी समस्याओं को सुनते हुए समाधान का भरोसा दिलाया। वहीं संबंधित विभाग के अधिकारियों को फोन कर समस्याओं से अवगत कराया। वहीं संज्ञान लेकर निस्तारण करने के लिए जोर दिया। क्षेत्रवासियों को सदैव निष्पक्ष व जनता के बीच रहकर चौबीस घंटे कार्य करने का आश्वाशन दिया। उन्होंने कहा कि वह ऐसा कोई भी काम नहीं करेंगे, जिससे उनकी प्रतिष्ठा पर आंच आए। कैराना विधानसभा से पूर्व भाजपा प्रत्याशी अनिल चौहान से आगामी जिलापंचायत चुनाव व वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए कैराना सीट पर भारतीय जनता पार्टी की मजबूती से कार्य कर सफलता के लिए खूब विचार मंथन हुआ। इस दौरान भाजपा कंडेला मंडल अध्यक्ष नेत्रपाल सिंह चौहान एडवोकेट, भाजपा कैराना मंडल अध्यक्ष आलोक मित्तल, प्रताप चौधरी, आलोक चौधरी आदि समर्थक मौजूद रहें।

# बाल संस्कार शिविर का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के जैन धर्मशाला में चल रहे आठ दिवसीय बाल संस्कार शिविर का समापन हो गया। शिविर में जैन समाज के बच्चों को भगवान महावीर से जुडे संस्कार सिखाए गए।



शुक्रवार को शहर के जैन स्थानक मंदिर में पिछले 8 दिनों से चल रहे बाल संस्कार शिविर का समापन हो गया। यह शिविर 30 मई को प्रारंभ किया गया था। जिसमें 40 से अधिक बच्चों ने प्रतिभाग किया। यह बच्चे 7 साल से 15 साल तक के बीच रहे।

शिविर में बच्चों को ज्ञान और धर्म के संस्कार सिखाए गए। शिविर में एसएस जैन सभा के प्रधान नानक जैन, महामंत्री अभिषेक जैन, कोषाध्यक्ष नितिन जैन का विशेष सहयोग रहा। संस्था की ओर से शि. विर में भाग लेने वाले सभी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिसमें पुस्तके, टी-शर्ट, बैंग प्रदान किए गए। शिविर में बच्चों को पढाने वाली जैन समाज की महिलाओं को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर रीतु जैन, अनुराग जैन, राजीव जैन, निखिल जैन, विपुल जैन, रूचि जैन, दीपाक्षी जैन आदि मौजूद रहे।

## युवक की बाइक संगम घाट से गायब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** कस्बा गढ़ी पुख्ता में स्थित गंदेवड़ा संगम घाट पर नहाने आए एक युवक की बाइक रहस्यमय परिस्थितियों में गायब हो गई। घटना के बाद पीड़ित ने काफी तलाश की लेकिन जब वाहन का कोई सुराग नहीं मिला, तो मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित देव कुमार पुत्र कृष्णपाल निवासी गढ़ी पुखष्ता ने तहरीर में बताया कि वह शुक्रवार को अपने परिवार समेत संगम घाट पर बाइक स्प्लेंडर प्लस, ब्लैक, से स्नान करने गया था। बाइक को घाट के पास खड़ा कर वह स्नान के लिए चला गया। कुछ देर बाद जब वह वापस लौटा तो बाइक वहां से गायब थी। देव कुमार ने काफी तलाशा, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी।



# अधिकारियों ने पीएसी बल के साथ किया पैदल मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** ईद-उल-अजहा को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस अधिकारी हर गतिविधियों पर कड़ी नजर रख रहे हैं। शुक्रवार को एसडीएम निधि भारद्वाज व कोतवाली प्रभारी धमेन्द्र सिंह ने पीएसी बल के साथ नगर के मुख्यमार्ग व बाजारों में ईद पर्व के मद्देनजर पैदल भ्रमण किया। उन्होंने मुख्य चौक बाजार सहित विभिन्न बाजारों व मौहल्लों में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान व्यापारियों से वार्ता कर उनकी समस्याएं भी जानी गई। एसडीएम ने लोगों से ईद पर्व को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की।

## एक नजर

### चोर ने चुराया ट्यूबवैल से सामान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नगर के मौहल्ला आलकलां निवासी उस्मान ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर। आरोप हैं कि उसकी कृषि भूमि ग्राम झाड़खेड़ी में स्थित है। जिसमें एक ट्यूबव का कमरा बना हुआ है। जिसमें वह अपने खेत का समस्त सामान रखता है। गुरुवार की रात्रि वह अपने खेत के कमरे का ताला लगाकर घर आ गया था। जिसके बाद देर रात्रि अज्ञात चोर ने खेत पर बने कमरे के गेट का ताला तोडकर कमरे से एक बैंटरी वाली स्प्रे मशीन,एक मोटर वाली स्प्रे मशीन,चारा मशीन का मोटर,करीब 06 मीटर लम्बा केबल,2 फावडे,दंती व पिलास आदि सामान चोरी कर लिया हैं। जब पीड़ित किसान सुबह अपने खेत पर कार्य करने पहुंचा तो देखा कि कमरे से उपरोक्त सामान गायब है। तो उक्त किसान ने सामान को आसपास तलाश किया,मगर उक्त सामान का कोई सुराग नहीं लगा। पीड़ित किसान ने कोतवाली पुलिस को अज्ञात चोर के विरूद्ध तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की हैं।

### चार किलो तांबा व औजार सहित दो चोर गिरफ्तार



**चौसाना।** चौसाना पुलिस को चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने में एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने शुक्रवार को चेकिंग अभियान के दौरान दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चार किलो जला हुआ तांबा, एक प्लास, एक दराती, एक बसाका और चोरी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। ज्ञात हो कि बीती 31 मई की रात ग्राम दथैड़ा निवासी विरेन्द्र कुमार सहित आठ ग्रामीणों के ट्यूबवेलों से विद्युत तार चोरी कर लिए गए थे। इस मामले में विरेन्द्र कुमार की तहरीर पर थाना झिंझाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। चौकी प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम सावन पुत्र कल्लू उर्फ कालू और आकाश पुत्र ओमपाल हैं, जो ग्राम अब्दालनगर द्धउल्हैनीत्रः थाना झिंझाना के निवासी हैं। अभियुक्त सावन का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है, जिसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट और अन्य धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। चौकी प्रभारी ने कहा कि क्षेत्र में चोरी की घटनाओं में शामिल अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

### एक अभियुक्त गिरफ्तार

शामली। पुलिस अधीक्षक शामली रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्तिध्वाहन चौकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी थानाभवन के कुशल नेतृत्व में थाना बाबरी पुलिस द्वारा 1 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है, जिसके कब्जे से 1 अवैध चाकू बरामद हुआ है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बाबरी पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त रामगोपाल पुत्र पीतम सिंह निवासी ग्राम भन्दौडा थाना बाबरी जनपद शामली है।

### एक अभियुक्त को सुनाई सजा

**शामली।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप शामली पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही व पैरवी के क्रम में 1 मामले में 1 अभियुक्त को माननीय न्यायालय द्वारा सुनाई सजा व 500/- रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। वर्ष 2003 में अभियुक्त काला पुत्र लिला निवासी गोगवान थाना कैराना जनपद शामली के विरुद्ध थाना कैराना पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। न्यायालय सीजेएम कैराना, शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को दोषी पाते हुए न्यायालय उठने तक की सजा व 500/- रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर 7 दिवस अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

### अवशेष दबाने के लिए पालिका ने खुदवाए गड्ढे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** ईद-उल-अजहा के पर्व पर अवशेष दबाने हेतु नगरपालिका ने विभिन्न स्थानों पर गड्ढे खुदवाए हैं। पालिका प्रशासन ने अवशेष खुले में न फेंकने की अपील की है। ईद-उल-अजहा के पर्व पर तीन दिनों तक मवेशियों की कुर्बानी का सिलसिला चलता है। कुर्बानी के बाद लोग इधर-उधर अवशेष न फेंके, इसके लिए नगरपालिका की ओर से कदम उठाया गया है। शुक्रवार को पालिकाध्यक्ष शमशाद अहमद के निर्देशन में पालिका के सफाई नायकों की देखरेख में भूरा रोड,कांधला रोड व खुरगान रोड सहित स्थानों पर जेसीबी मशीन से गड्ढे खुदवाए गए हैं। इन गड्ढों में मवेशियों की कुर्बानी किए जाने के बाद अवशेषों को दबाया जाएगा। सफाई लिपिक ने बताया कि अवशेषों के लिए गड्ढे खुदवा दिए गए हैं। उन्होंने अवशेषों को इधर-उधर नहीं फेंकने की भी अपील की है।

### ब्लॉक प्रमुख ने किया पौधारोपण

**स्योहारा।** ग्राम पंचायत रामपुर दुल्ली स्थित सरकारी स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ब्लाक प्रमुख उज्ज्वल चौहान, बीडीओ रामकुमार सिंह, ग्राम प्रधान अंकज चौधरी के नेतृत्व में पौध लगाए गये। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख उज्जवल सिंह चौहान ने कहा कि वृक्ष हमें जीवन देते हैं और हमें इनकी हिफाजत करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग के पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया गया। शासन की इस योजना के अंतर्गत समस्त विभागों द्वारा पौधारोपण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए और अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाये रखने के लिए पौधे लगाना बहुत जरूरी है। पेड़, पौधों के माध्यम से प्रकृति सभी प्राणियों पर अनंत उपकार करती है। इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के छायादार वृक्षों यथा नीम, सागौन जामुन, अमरूद, गुलमोहर, पीपल, बरगद आदि रोपित कर उनकी देखभाल का सभी द्वारा संकल्प लिया गया। पेड़ों से हमें ऑक्सीजन मिलता है और हमारा शरीर स्वस्थ रहता है।

# ईदगाह का निरीक्षण करके परखी व्यवस्था, दिए निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** ईद-उल-अजहा पर्व की तैयारियों के दृष्टिगत एसडीएम व सीओ ने ईदगाह मैदान का निरीक्षण किया। उन्होंने मातहतों को ईद-उल-अजहा की नमाज के सम्बंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। कल शनिवार को नगर एवं क्षेत्र में मनाए जाने वाले ईद-उल-अजहा के पर्व को शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराने हेतु पुलिस-प्रशासन पूरी तरह सजग नजर आ रहा है। इसी के मद्देनजर शुक्रवार को एसडीएम निधि भारद्वाज व सीओ श्यामसिंह कस्बे के ईदगाह मैदान पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने ईद-उल-अजहा के पर्व को लेकर नगरपालिका की ओर से की गई तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने साफ-सफाई आदि की व्यवस्था की जांच की। अफसरों ने आसपास के लोगों से भी बातचीत की। साथ ही, पालिका प्रशासन को पेयजलापूर्ति हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं, स्थानीय लोगो ने सीओ से मार्ग पर हुए अतिक्रमण को हटवाने की मांग की। इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह भी मौजूद रहे।

# डीएम ने बीडीओ व एडीओ पंचायत को लिया आड़ेहाथों

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** विकास खण्ड शामली के अन्तर्गत आने वाली ग्राम पंचायत फतेहपुर के पंचायत रिसोर्स सेंटर में आयोजित ग्राम चौपाल में पहुंचने पर जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान को मौके पर सही ढंग से ग्राम चौपाल का आयोजन ना कराने साथ ही खण्ड विकास अधिकारी शामली व एडीओ पंचायत द्वारा गांव की विकास पुस्तिका उपलब्ध ना कराए जाने पर दोनों को कड़ी फटकार लगाते हुए जिलाधिकारी ने दोनों का वेतन रोकने के निर्देश दिए साथ ही ग्राम सचिव को सस्पेंड करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जिला. धिकारी ने आयोजित चौपाल में सीडीपीओ, एबीएसए, आपूर्ति विभाग से कोई भी अधिकारी उपस्थित नहीं पाए जाने पर इन सभी का भी वेतन रोकने का निर्देश दिए।



आयोजित चौपाल के दौरान ग्रामवासी द्वारा जिलाधिकारी के समक्ष पेंशन, आवास,राशन कार्ड,आदि समस्या बताई गई जिसके समय से निस्तारण हेतु सभी संबंधित को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी, जिला विकास अधिकारी सत्य राम यादव, खण्ड विकास अधिकारी शामली,एडीओ पंचायत,ग्राम प्रधान आदि ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# राकेश टिकैत ने क्रिकेट टूर्नामेंट का किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** क्षेत्र के ग्राम केरटू में एकता क्रिकेट टूर्नामेंट में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने प्रतियोगिता का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने युवाओं को कोल्ड ड्रिंक छोड़ दूध पीने का संदेश भी दिया।





झिंझाना क्षेत्र के गांव केरटू में एकता टूर्नामेंट के उद्घाटन अवसर पर पहुंचे भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकट ने कहा कि खेल कोई भी हो उसे खेल भावना से खेलना चाहिए। खेल से शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास भी होता है। उन्होंने कोल्ड ड्रिंक के बढ़ते चलन पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि आजकल के युवाओं में कोल्ड ड्रिंक का चलन देखते-देखते अधिक बढ़ गया है, जबकि हमारे दौर के युवाओं में दूध पीने की प्रथा थी। मैं युवाओं से यही कहना चाहूंगा कि कोल्ड ड्रिंक छोड़कर दूध की तरफ लौट आए, जिससे शरीर स्वस्थ्य बना रहता है। खेल मैदान की मांग पर उन्होंने युवाओं से कहा कि आप जिलाधिक. ारी को खेल मैदान के लिए चिठी लिखे, मैं भी प्रयास करूंगा कि जल्द ही खेल मैदान बनवाया जाए। इस मौके पर मास्टर जाहिद हसन शहदीन सरपंच अली शेर प्रधान सरदार गुरप्रीत सिंह नवाब कुरैशी, अशोक फोगाट, भूरा, शाहद अली, अरविंद कुमार आदि उपस्थित रहे। क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजक मुनव्वर अली ने बताया कि यह टूर्नामेंट 22 जून तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रदेश स्तर की टीमें भाग लेंगी।

## जल्द दूर होगी जलापूर्ति की समस्या

**बढ़ापुर।** नगर की जलापूर्ति दुरुस्त व सुचारू करने के लिए मौहल्ला पठानान में नए ट्यूबवेल का कार्य त्वरित गति से किया जा रहा है लेकिन अभी भी कस्बे के कई मौहल्लो में जलापूर्ति ठीक से नहीं हो पा रही है। नगर में पिछले कई दिनों से तकनीकी खराबी के चलते पेयजल आपूर्ति ठीक नहीं हो पा रही है। यद्यपि अध्यक्ष डॉ. दिलशाद की देखरेख में तकनीकी खराबी को ठीक करने के लिए दिन रात काम चल रहा है, जिसके परिणामस्वरूप कस्बे के काफी हिस्से को पानी की आपूर्ति की जा रही है। लेकिन मौहल्ला नौमी, पठानान, ठाकुरान आदि में अभी भी पेयजल आपूर्ति दुरुस्त नहीं हो पा रही है। इन मौहल्ले के लोग काफी परेशानी का सामना कर रहे है। इस सम्बंध मे अध्यक्ष डॉ. दिलशाद ने बताया कि ईदगाह के पास स्थित ट्यूबवेल की तकनीकी खराबी को दूर किया जा चुका है।

# वाटर वर्क्स परिसर में पौधारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगर पालिका ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में नगर पालिका चेयरपर्सन ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वाटर वर्क्स परिसर में पौधारोपण किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार लोगों को प्रकृति और पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से हर साल **5** जून को मनाए जाने वाले विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगीना में पौधे लगाकर नगर को हरा भरा रखने की जिम्मेदारों ने शपथ ली।

नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती ताहिरा खलील ने गुरुवार की सुबह विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद नगीना व वाटर वर्क्स कंपाउंड में पौधारोपण किया। प्रदूषण के खिलाफ और पर्यावरण स्वच्छता के लिए संदेश देते हुए चेयरपर्सन ने जनता से अपील करते हुए कहा कि इस पावन कार्य में सहभागी बनें और अपनी मां के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए प्रकृति की सेवा करें। उन्होंने कहा कि यह अभियान मातृ सम्मान और पर्यावरण संरक्षण को समर्पित है, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति को अपनी माता के नाम पर एक पौध लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस अवसर पर पौधों को बचाने के लिए भी विभिन्न जानकारियां दी गईं। चेयरपर्सन ने कहा कि अगर ऑक्सीजन चाहिए तो हमें पौधे लगाने होंगे।

समाज में हर वर्ग के लोगों को पौधारोपण करने के लिए आगे आना होगा। पौधा लगाने मात्र से जिम्मेदारी पूरी नहीं होती बल्कि पौधे को बच्चे की तरह पालना भी पड़ेगा। हर व्यक्ति एक पौधा लगाए और उस पौधे को जिंदा रखें। अगर सभी लोग पौधारोपण करने लगे तो हमारे चारों तरफ स्वच्छ पर्यावरण होगा और हमारी उम्र भी बढ़ जाएंगी। उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को रोकने का आह्वान करते हुए कपड़े की थैलियों के इस्तेमाल पर जोर दिया। नगर पालिका ने इस अवसर पर नागरिकों को कपड़े की थैलियों के बारे में जानकारी दी गई।

इस अवसर पर चेयरपर्सन ताहिरा खलील, अधिशासी अधिकारी संदीप सक्सेना, सभासदगण बदर मुनीम, संजीवदत्त शर्मा उर्फ गोपाल, मो.शानू, कपिल पंवार, नगर पालिका स्टाफ से इकतेदार आलम जैदी, सफाई निरीक्षक धीरज राय वर्मा, तेजपाल सिंह, मुनीर आलम, मौ. असलम, संदीप कुमार, नितिन सैनी, अहकाम अहमद, रोहित कुमार, शेख जमशेद, दिनेश कुमार, नरेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## ईदगाह कमेटी की बैठक

**स्योहारा।** ईदगाह कमेटी की बैठक जनरल सेक्रेटरी डॉ. तारिक रजा के आवास पर आयोजित हुई। बैठक में ईदगाह की साफ सफाई, सफबन्दी आदि पर चर्चा की गई। ईद की नमाज ईदगाह में सुबह सात बजे अदा की जाएगी। इस मौके पर शहर इमाम मौलाना कामिल कासमी ने शहर वासियों से अपील करते हुए कहा खुले में कुर्बानी न करें, कुर्बानी के अवशेष पोलोथिन में बांधकर नगर पालिका के वाहन में ही डालें। साथ ही नमाज के लिए वक्त से पहले ईदगाह पहुंचे।

# भाकियू ने लगाए छायादार व पर्यावरण हितैषी पौधे

**नहटौर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारतीय किसान यूनियन सामाजिक के राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य ओमेंद्र सिंह के नेतृत्व में नहटौर क्षेत्र में पौधारोपण किया गया। स्थानीय कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों के सहयोग से छायादार व पर्यावरण हितैषी पौधों का रोपण किया गया, जिनमें प्रमुख रूप से नीम, जामुन और अमरूद के पौधे शामिल थे। पर्यावरण का संतुलन बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। यह केवल एक दिवस का कार्य नहीं, बल्कि एक जीवनशैली का हिस्सा बन जाना चाहिए। अगर हर नागरिक एक पौधा लगाए और उसकी देखभाल करे, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए हम एक बेहतर वातावरण छोड़ सकते हैं। कार्यक्रम में विशम्बर सिंह, नेपाल सिंह, जयपाल सिंह, जितेंद्र सिंह, तुषार चौधरी, देवेंद्र सिंह, मूलचंद सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे और सभी ने यह संकल्प लिया कि वे सिर्फ पौधे नहीं लगाएंगे, बल्कि उनके संरक्षण का भी दायित्व निभाएंगे।

# नकली पेंट की बाल्टियां की बरामद

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** मेन बाजार में एक दुकान पर प्रतिष्ठित कंपनी के प्रतिनिधियों ने पुलिस को साथ लेकर छापामार वहां से नकली पेंट की अनेकों बाल्टियां बरामद की।

दिल्ली से आये एक प्रतिष्ठिति कंपनी के प्रतिनिधि हेमंत भाटी स्थानीय पुलिस को साथ लेकर नगर की शालू मार्केट स्थित एक पेंट्स की दुकान पर छापा मारा। इस दौरान दुकान से पेंट की करीब 16 बाल्टियां जब्त की गईं। हेमंत भाटी के मुताबिक सभी बरामद बाल्टियों में नकली पेंट भरा हुआ था। पिछले काफी समय से उक्त दुकान पर कंपनी के नाम से नकली पेंट बेचे जाने की सूचना मिल रही थी। कार्रवाई के दौरान दुकानदार मौके से फरार हो गया। जबकि वहां पर मौजूद एक युवक को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। पुलिस



के मुताबिक हेमंत भाटी की तहरीर पर अली पेंट्स के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। बरामद पेंट के सैंपल को जांच के लिए भेजा जाएगा। जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगा

# वांछित आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने की घेराबंदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** लखनौती गोलीकांड में वांछित हिस्ट्रीशीटर अचिन त्यागी की गिरफ्तारी के लिए कोर्ट परिसर छावनी में तब्दील रहा। उसकी घेराबंदी के लिए रास्तों पर भी जगह-जगह पुलिस तैनात की गई थी। लेकिन उसके बावजूद वह पुलिस की पकड़ में नहीं आ सका। पुलिस को सूचना मिली थी कि लखनौती में फायरिंग करने का मुख्य आरोपी खेड़ी आसा निवासी अचिन त्यागी शुक्रवार को अदालत में सरेंडर करने वाला है। जिसके चलते अधिकारियों ने उसकी गिरफ्तार के लिए कोर्ट परिसर और उसके आसपास भारी पुलिस बल तैनात किया था। नागल से लेकर देवबंद कोर्ट तक पुलिस उसका इंतजार करती रही। लेकिन भनक लगने के कारण वह कोर्ट में सरेंडर नहीं कर सका। बता दें, कि 31 मई को अचिन त्यागी ने साथियों के साथ मिलकर अपनी बुआ संगीता के घर पर फायरिंग की थी। जिसमें एक गोली उसके फूफा संजय त्यागी की जांघ में लगी थी। इसमें वह घायल हो गया था। मामला रुपये के लेनदेन का बताया गया था। घायल संजय के भाई सत्यवान ने अचिन और उसके कई साथियों के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कई टीमें लगने के बावजूद पुलिस अभी तक एक ही आरोपी मोनू उर्फ वितुल की गिरफ्तारी कर सकी है। जबकि मुख्य आरोपी समेत उसके साथी अभी फरार हैं। हालांकि पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# वातावरण को दूषित होने से बचाएं: सईद

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** हर घर, हर आंगन में कम से कम एक पेड़ आवश्यक लगाये। ताकि ग्लोबल वार्मिंग को रोककर वातावरण को प्रदूषित होने से बचाया जा सके।

विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाने के उपरांत जामिया तिब्बिया मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के सचिव डा. अनवर सईद ने उक्त विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सभी को हर घर, हर स्थान पर पौधारोपण करना चाहिए ताकि आने वाले समय में वातावरण को दूषित होने से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि आज देश ही नहीं दुनिया में पेड-पौधों का कटान होने के कारण ग्लोबल वार्मिंग बढ़ रही है। जिस कारण वातावरण प्रदूषित हो रहा है। उन्होने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के इस भाग दौड़ की जिन्दगी में हमें प्रतिदिन योग करना चाहिए जिससे मनुष्य स्वस्थ रहे। इस मौके पर स्टाफ को शपथ दिलाते हुए कहा कि हम सभी प्रतिज्ञा करते है कि अपने दैनिक जीवन में हर संभव बदलाव लाने के लिए कम से कम एक पेड़ अवश्य लगायेंगे। उन्होंने कहा कि हम अपने परिवार, मित्रों एवं अन्य लोगों को पर्यावरण के अनुकूल आदतें और व्यवहार के महत्व के विषय में सतत रूप से प्रेरित करेंगें। इस मौके पर डा. अहतेशामुल हक सिद्दीकी, डा. मौहम्मद फसी, डा. मौहम्मद आजम उस्मानी, डा. मुजम्मिल, डा. जावेद आलम, डा. कुदसिया जेहरा सय्यद मौहम्मद अथर, जमशीद अनवर आदि चिकित्सक शामिल रहे।

## कर्म के अनुसार ही मिलता है फल

**नहटौर।** मौहल्ला छापेग्रान मे आयोजित शिव मंदिर प्रबंध समिति के तत्वाधान में श्री भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास ने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में ईर्ष्या, छल, कपट व द्वेष की भावना नहीं रखनी चाहिए यह भावना विनाश का कारण होती है मनुष्य को अपने जीवन में कभी किसी का बुरा नहीं सोचना चाहिए। हमेशा जरूरतमंद व्यक्तियों की मदद करनी चाहिए, किसी की मदद करने से हमेशा अच्छा फल मिलता है। उन्होंने बताया मनुष्य को जीवन को सार्थक बनाने में हमेशा अच्छे कर्म करने चाहिए। दूसरे दिन कथा की पूजा सुनील सैनी पत्नी उषा देवी ने धार्मिक अनुष्ठान क्रियाओं के साथ पूजा अर्चना कराई। राजेश्वरी, सुनील सैनी, सभासद सरवन सैनी, उदय राज प्रधान, चंद्रसेन, दीपक, अर्जुन, डॉ. सौरभ, ममता देवी, पूजा देवी आदि रहे।

# पत्नी के हत्यारोपी को अदालत ने सुनाई आजीवन करावास की सजा

**देवबन्द।** दहेज उत्पीड़न एवं पत्नी की गला दबाकर हत्यारोपी पति को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने आजीवन करावास की सजा सुनाई।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता देवीदयाल शर्मा ने बताया कि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विनित कुमार वासवानी की अदालत में थाना बड़गांव क्षेत्र के गांव शिमलाना संजू पर अपनी पत्नी ज्योति की दहेज उत्पीड़न कर गला दबाकर हत्या करने का आरोप की सुनवाई की गई। बताया कि संजू का विवाह वर्ष 2018 में जनपद मेरठ की सरधना निवासी मांगेराम की पुत्री ज्योति के साथ हुई थी। बताया कि पति पर आरोप था कि विवाह के बाद से ही ज्योति के ससुराल वाले उसे दहेज के लिए परेशान करते थे। जिसके चलते 24 अप्रैल 2020 में ज्योति के पति ने मारपीट करते हुए ज्योति का गला दबाकर उसकी हत्या करदी। घटना के बाद मृतका के भाई अक्षय ने थाना बड़गांव में आईपीसी की धारा 498ए, 304बी एवं दहेज प्रतिषेध अधिनियम में मामला दर्ज कराया। बताया कि पोस्टमार्टम में मौत का कारण भी गला दबाकर हत्या करना बताया गया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विनित कुमार वासवानी ने अभियोजन पक्ष और बचाव पक्ष की दलीलों को सुनने के बाद संजू को अपनी पत्नी ज्योति को दहेज उत्पीड़न के चलते गला दबाकर हत्या करने का दोषी ठहराते हुए सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

# राहगीरों को पिलाया ठंडा शरबत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** गर्मी से निजात दिलाने के लिए व्यापारियों ने छबील लगाकर राहगीरो को ठंडा शरबत व पानी वित. रित किया।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल देवबंद इकाई ने निर्जला एकादशी के उपलक्ष में मेंन बाजार रेलवे रोड पर ठंडा पानी शरबत पिलाकर राहागीरों, व्यापारियों, जनता की सेवा की. इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक राज सिंघल ने कहा की आज निर्जला एकादशी हिंदू समाज का बहुत ही महत्वपूर्ण पर्व है जिस पर ठंडा शरबत पिलाकर गर्मी के इस महीने में पुण्य लाभ के साथ-साथ जनता जनार्दन की सेवा की जाती है उन्होंने नगर इकाई को इस पुनीत कार्य के लिए बधाई दी.

इस आयोजन में मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष अश्वनी मित्तल



कोषाध्यक्ष वरयाम खान उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक अनुज गर्ग अखिल जैन राकेश मित्तल विजय गिरधर डॉ सुखपाल सिंह भाजपा नगर अध्यक्ष अरुण गुप्ता पवन धीमान अजय गर्ग आदि व्यापारी शामिल रहे।

# पर्यावरण दिवस पर संस्था ने की अनूठी पहल



**देवबन्द।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारतीय विकास परिषद ने एक अनूठी पहल करते हुए सिंदूर ऑपरेशन की नायिकाओं कर्नल सोफिया कुरैशी व विंग कमांडर व्योमिका सिंह के नाम पर विभिन्न प्रजातियों के छायादार एवं फलदार पौधे लगाए गए। भारतीय विकास परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में संस्था की अध्यक्षा सुमन सिंघल ने वृक्षारोपण करने के उपरांत पेड़ो के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पेड़ जीवन का अभिन्न अंग है। इसलिए हमें वृक्ष लगाकर उनकी देखबाल करनी चाहिए। तनुजा कपूर और पूजा गर्ग ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में चंदनबाला, वर्षा, श्वेता, मीनू, अर्चना, गीता, रीता, रेखा, अनुराधा, सिल्की, पूनम, डॉ. कांता, पिंकी आदि महिलाएं शामिल रही।

# ईद-उल-अजहा की नमाज़ शनिवार को होगी अदा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** ईद-उल-अजहा की नमाज ईदगाह समेत नगर की प्रमुख मस्जिदों में शनिवार को अदा की जाएगी। शुक्रवार को ईदगाह समेत नगर की प्रमुख मस्जिदों में साफ-सफाई का अभियान युद्धस्तर पर किया गया। ईदगाह कमेटी ने ईदगाह पहुंच वहां की जा रही साफ-सफाई का जायजा लिया।

ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष डा. अनवर सईद व सचिव अनस सिद्दीकी ने ईदगाह में की जा रही साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान ईदगाह में नमाज के लिए सफो के लिए निशान बनावाएं गए। डा. अनवर सईद ने बताया कि ईदगाह में सुबह 6.15 पर ईद की नमाज अदा की जाएगी। उन्होंने लोगों से समय से ईदगाह पहुंचने और ईदगाह परिसर में ही नमाज अदा करने का आह्वान



किया। कहा कि शासन-प्रशासन की गाइडलाइन के अनुसार ईदगाह परिसर के बाहर सड़कों पर नमाज अदा नहीं करने दी जाएगी। उन्होंने शासन प्रशासन की गाइड लाइन का पालन करने का भी आह्वान किया। इस दौरान ईदगाह प्रबंधक सुहेल सिद्दीकी, मौलाना दिलशाद कासमी, फहीम सिद्दीकी, कलीम हाशमी और मोहम्मद आमिल आदि मौजूद रहे।

# गाजा की तबाही व बरबादी का अमेरिका जिम्मेदार: मदनी

**देवबन्द।** जमीयत उलमा-ए-हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि गाजा में विनाश और बरबादी का असल जिम्मेदार अमेरिका है। वह चाहता है कि गाजा को मानव मुक्त करके यहां यहूदियों को बसाया जाए।

मौलाना अरशद मदनी ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि इजराइल और हमास के बीच तत्काल व्यापक और स्थायी युद्ध विराम, मानवीय सहायता की तुरंत पहुंच और गाजा में मूल अधिकारों की बहाली के संबंध में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के 15 में से 14 सदस्यों के युद्ध-विराम और मानवी सहायता से संबंधित महत्वपूर्ण प्रस्ताव के समर्थन में वोट देने के बावजूद अमेरिका के वीटो पावर प्रयोग करने के कारण सुरक्षा परिषद् यह प्रस्ताव पारित करने में विफल रहा। इससे साफ है कि गाजा की तबाही व बरबादी में अमेरिका का हाथ है और फिलिस्तीन में अरबों के नरसंहार में वह नंबर एक का भागीदार है। वह चाहता है कि गाजा में यहूदियों को बसाया जाए। उन्होंने कहा कि हमारा यह मानना है कि एक स्वतंत्र और संप्रभु देश की स्थापना ही फिलिस्तीन मुद्दे का स्थायी समाधान है। इन अकल्पनीय और खतरनाक परिस्थितियों में अमेरिका और उसके राष्ट्रपति के क्रूर इजराइल का अनुचित समर्थन अत्यंत शर्मनाक और निंदनीय है। मौलाना मदनी ने कहा कि अमेरिका, इजराइल और वह सभी देश जो हमास का पूर्ण उन्मूलन चाहते हैं आज भी बुरी तरह विफल हैं। इस परिदृश्य को बाकी रखने के लिए गाजा के लगभग एक लाख शहीदों ने अपना खून दिया है।

# डीआईजी ने किया जेल का औचक निरीक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** कारागार के डीआईजी सुभाष चंद शाक्य ने जेल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल बैरक, मेस, शस्त्रागार का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जेल डीआईजी सुभाष चंद शाक्य देवबंद स्टेट हाइवे स्थित उपकारागार पहुंचे। अचानक जेल डीआइजी को देख जेल अधिकारी और कर्मी भौचक रह गए। सुभाष चंद शाक्य ने जेल का निरीक्षण करते हुए वहां बंद बंदियों और कैदियों से भी बातचीत की। जेल में साफ-सफाई आदि पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। जेलर महेंद्रपाल पाल सिंह ने बताया कि डीआईजी ने जेल परिसर की नवनिर्मित बाउंड्री वाल का निरीक्षण कर उसे उपकारागार प्रशासन के हवाले किया। साथ ही उन्होंने निरीक्षण पर संतोष जाहिर करते हुए वह सहारनपुर स्थित कारागार के निरीक्षण को रवाना हुए

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, देवबन्द जनपद सहारनपुर।

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद देवबन्द में निम्नलिखित सूची में दिए गए साक्ष्यों के आधार पर उनके सामने अंकित संपत्ति संख्या पर अपना बतौर स्वामी दर्ज करने हेतू प्रार्थना पत्र दिये हैं। उक्त के नामांतरण की कार्यवाही हेतू सूचना जारी की जाती है। यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित इस नोटिस के प्रकाशन के तीस दिन (30 दिन) के अंदर कार्यालय नगर पालिका परिषद देवबन्द में किसी भी कार्य दिवस में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

| क्र0 स0 | नाम दाखिल कराने वाले का नाम | कर पंजिका में दर्ज नाम | मौहल्ला/सम्पत्ति सं0 |
|---|---|---|---|
| 1. | विनय कुमार पुत्र स्व. राधेश्याम | राधेश्याम पुत्र सुमेर चन्द | दुध्धा-257 |
| 2. | विनय कुमार पुत्र स्व. राधेश्याम | निर्मला पत्नी राधेश्याम, 1/5 राधेश्याम पुत्र सुमेर चन्द 3/5 ऋचा मित्तल पत्नी विनय कुमार 1/5 | सरायपीरजादगान -373 |
| 3. | विनय कुमार पुत्र राधेश्याम | राधेश्याम पुत्र सुमेर चन्द | मण्डी-665 |
| 4. | हूर बानो पत्नी जहीर अहमद | हाजी मौ. इस्लाम पुत्र हा. मौ. अकबर | बेरून कोटला -559 |
| 5. | नगमा पत्नी शमशुद्दीन | शमशुद्दीन पुत्र खालिद | खानकाह -681 |
| 6. | मीरा पत्नी ध्रुवनन्दन गिरी | प्रेमलता पुत्री रामजीलाल | कायस्थवाडा-क-471 |
| 7. | कृष्ण कुमार पुत्र द्वारका प्रसाद | लाल द्वारका प्रसाद पुत्र तारा चन्द | बाजार कलां -49 |
| 8. | नुसरत जहां पत्नी मौ. आसिफ | विक्रेता चंदर मोहन विज्र बहैसियत अधिकृत अधिकारी पंजाब नैशनल बैंक सर्किल शास्त्रा सेन्टर सहारनपुर | भुल्लनशाह -576/ए |
| 9. | अथर पुत्र मौ. बदर | कैसर आलम पुत्र फय्याज हसन | रविदास मार्ग-724 |
| 10. | शलभ अग्रवाल पुत्र आत्माराम रविता पत्नी शलभ अग्रवाल | रेखा रानी पत्नी सुरेन्द्र कुमार पुत्री आत्माराम, संजय कुमार पुत्र त्रिलोक चन्द | सडक रेल-नया |
| 11. | सिराज अनवर पुत्र नसीम अहमद | जरीन पत्नी फजलुर्रहमान | पठानपुरा-क-1517 |
| 12. | शशि कौर पत्नी ऋषिपाल | कली राम पुत्र घसीटा | सराय मालियान-890 |
| 13. | रूकसाना पत्नी शाहिद | शाहिद पुत्र नूर मौहम्मद | पठानपुरा-क-2001 |
| 14. | नवेद आलम पुत्र जावेद आलम | निगहत प्रवीन पत्नी शमशाद अहमद, मौ. साबिर पुत्र जमील अहमद, जाहिद हसन पुत्र निसार, अब्दुल मुत्तालिब पुत्र अमीर आलम, मौ. साबिर पुत्र जमील अहमद | बडजियाउलहक-326, 326/1, 326/2, 326/3 |
| 15. | मुरसलीम पुत्र अब्दुल कय्यूम | कय्यूम पुत्र नजरा | पठानपुरा-ख-943 |
| 16. | अमित चौधरी पुत्र ओमपाल | विभोर, सुमित पुत्रगण सत्यनारायण शर्मा | दुध्धा-27/1 |
| 17. | शबनम पत्नी दाउद अहमद नासिर | इन्द्रपाल सिंह सेठी, सत्येन्द्र सिंह सेठी पुत्रगण अजीत | किला-42 |
| 18. | सोनिया पत्नी अमित चौधरी | राजकुमार, प्रदीप कुमार व उमेश कुमार पुत्रगण जादोराम | लहसवाडा-1026 |
| 19. | मनव्वर आलम पुत्र शफीक अहमद | फरमान पुत्र जाबिर | लहसवाडा-760 |
| 20. | मौ. जमशेद पुत्र महबूब हसन, जैनब साबरी पत्नी मौहम्मद जमशेद | रईसा पत्नी महमूद हसन | पठानपुरा-क-1885 |
| 21. | राजेश कुमार पुत्र ओमप्रकाश | उषा रानी पत्नी राजेश कुमार, यशोदा रानी पत्नी संजय कुमार | मण्डी-548 |
| 22. | यशोदा रानी पत्नी संजय कुमार | उषा रानी पत्नी राजेश कुमार, यशोदा रानी पत्नी संजय कुमार | छिम्पीवाडा-763 |
| 23. | राजेश कुमार पुत्र ओमप्रकाश | राजेश, संजय पुत्र ओमप्रकाश | गुज्जरवाडा-320/1 |
| 24. | राजेश कुमार पुत्र ओमप्रकाश | संजय कुमार पुत्र ओमप्रकाश, यशोदा रानी पत्नी संजय कुमार | सडक रेल -नया |
| 25. | सुषमा बंसल पत्नी उमेश बंसल, उमेश बंसल पुत्र वेद प्रकाश | विमलेश कुमार कपिल पुत्र हरिचन्द | जोशीवाडा-134 |
| 26. | रीना पत्नी अनिल कुमार, लक्की मेहरा व अक्षय मेहरा पुत्रगण स्व. अनिल कुमार | कृष्ण देवी पत्नी राधेश्याम | रविदास मार्ग-900 |

## शोएब अली बने आसपा के ग्राम उपाध्यक्ष

**नजीबाबाद।** मुबारकपुर कल्हेड़ी निवासी सैयद शोएब अली को आजाद समाज पार्टी का ग्राम उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। यह जानकारी ग्राम अध्यक्ष अहसान अंसारी उर्फ जानू ने दी है।

## अंजुमन हसूल ए अदब की ओर से नशिस्त

**नगीना।** अंजुमन हसूल ए अदब नगीना की ओर से तरहई व गैर तरहई नशिस्त का आयोजन नगर के मुहल्ला शाहजहीर स्थित जावेद अहमद के निवास स्थान पर किया गया। नशिस्त की सदारत उमरद्दीन सहर ने की जबकि निजामत मुहम्मद शाहिद नगीनवी ने की। नशिस्त के आगाज में मौलवी इकरार अहमद, साहिल मेवा नवादी ने बारगाहे रिसालत में नाते पाक का नजराना पेश किया। गजलियात के दौर में शायरों ने अपने अपने कलाम पेश किए। देर रात तक चली इस नशिस्त में शायरों ने वाहवाही लूटी। अंजुमन ने इत्तेफाक राय से यह तय किया कि अंजुमन की ओर से तरहई नशिस्तों का सिलसिला 1998 से जारी था, जो अब मसरूफियात के पैशे नजर खत्म कर दिया गया।

## खेत में मिले फिशिंग कैट के शावक

**नहटौर।** गांव झारखंडी निवासी मोनू कुमार के गन्ने के खेत में चार शावक दिखाई दिए। ग्रामीण पहले चारों शावकों को गुलदार के शावक समझ बैठे। मौके पर कई ग्रामीण पहुंच गए। वन विभाग को सूचना दी गई। चारों शावको को फिशिंग कैट होने की पुष्टि की, जिस पर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। बताया जाता है कि इस क्षेत्र में गुलदार दिखाई देने से किसानों में दहशत का माहौल बना हुआ है। इसी वजह से फिशिंग कैट के शावकों को ग्रामीण गुलदार के शावक समझ बैठे।

# शेरबाज पठान ने सुनी ई-रिक्शा चालकों की समस्याएं

## यातायात नियमों का पालन जरूरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**चांदपुर।** बास्टा रोड स्थित मुगल गार्डन में ई रिक्शा वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें यातायात नियमों का पालन करने के साथ ही नाबालिग और विकलांगों के ई रिक्शा न चलाने की बात कही गई।

ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर रवि नैन ने कहा कि परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन अनिवार्य कर दिया गया है जिसके अनुपालन में अब ई रिक्शा चालकों को भी बिना रजिस्टर्ड ई रिक्शा सड़क पर दौड़ाने नहीं दिया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता ई रिक्शा वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष मेराजुल इस्लाम ने की जबकि संचालन




बिजनौर रिक्शा यूनियन महामंत्री नानक खेड़ा ने किया।

इस मौके पर बैठक मे मुख्य अतिथि ई रिक्शा वेलफेयर एसोसिएशन के संरक्षक चेयपर्सन पति कांग्रेस नेता शेरबाज पठान व ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर रवि नैन, मो. हकम सिंह भी अपने ट्रैफिक पुलिस दल के साथ उपस्थित रहे। इस बैठक मे दर्जनों ई रिक्शा संचालकों ने अपनी परेशानियां ट्रैफिक पुलिस और चेयरपर्सन पति शेरबाज पठान के समक्ष रखते हुए अपनी समस्याओं के समाधान करने का अनुरोध किया। शेरबाज पठान ने कहा कि हम सभी को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। यातायात नियमों का पालन करने से बहुत सारी दुर्घटनाएं होने से बच जाती हैं। उन्होंने गरीब, बेसहारा परिवारों का पालन करने वाले ई-रिक्शा चालकों के प्रति नरम रवैया अपनाने का अनुरोध भी किया। बैठक में ट्रैफिक पुलिस द्वारा ई रिक्शा चाल. कों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए कि अब शहर में या शहर के बाहरी मार्गों पर कोई नाबालिग, विकलांग ई रिक्शा नहीं चलाएगा। इसके अलावा ई रिक्शा में कोई भी चालक ज्यादा सवारी नहीं बैठाएगा।

ई रिक्शा संगठन के अध्यक्ष मेरा. जुल इस्लाम ने भी दो टूक रिक्शा चालकों को चेतावनी देते हुए कहा कि कोई भी ई-रिक्शा चालक बिना नंबर प्लेट की ई-रिक्शा न चलाये, पकड़े जाने पर हमसे सिफारिश नहीं करे, नंबर प्लेट की ई रिक्शा खरीद कर चलाए। बैठक में दीपक गर्ग, मेराजुल इस्लाम, अर्जुन सिंह, रईस अहमद, सुरेंद्र सिंह, मोहम्मद इस्माइल, वरिष्ठ समाज सेवी मोहम्मद इलियास कुरैशी सहित दर्जनों ई रिक्शा संचालक मौजूद रहे।

## तीन घायल

**नगीना।** सवारियों से भरे एक थ्री व्हीलर के अचानक पलट जाने के कारण दो महिलाओं सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को सीएचसी नगीना लाया गया, जहां से उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

थ्री व्हीलर चालक उस्मान अहमद नगीना से सवारी भरकर धामपुर की ओर जा रहा था। राष्ट्रीय राजमार्ग पर गोयल पब्लिक स्कूल के मोड पर पहुंचने पर थ्री व्हीलर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे उसमें सवार राशिद (30 वर्ष) पुत्र तुफैल अहमद निवासी मझेड़ा शकरू, रिंकी देवी (26) वर्ष पत्नी नीरज कुमार निवासी ग्राम सैदखेड़ी व प्रियंका (26 वर्ष) पत्नी हृदेश सिंह निवासी ग्राम शादीपुर थाना नगीना देहात गंभीर रुप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी नगीना पहुंचाया गया, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उनको जिला अस्पताल बिजनौर के लिए रेफर कर दिया गया।

# भाकियू का सहकारी समिति में प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

**अफजलगढ़।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) कार्यकर्ताओं ने किसान सहकारी समिति के कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया तथा समिति के एमडी व सहकारी बैंक प्रबंधक के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रेषित एक ज्ञापन सौंपा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कासमपुरगढ़ी बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड के अफजलगढ़ स्थित कार्यालय परिसर में भारतीय किसान यूनियन टिकैत के ब्लॉक अध्यक्ष मदन सिंह राणा के नेतृत्व में दर्जनों की संख्या में एकत्र किसानों ने तीन सूत्रीय मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी समिति के माध्यम से किसानों को तीन प्रतिशत दर से वितरित कर्ज पर नियम विरूद्ध सात प्रतिशत दर से ब्याज वसूली पर तत्काल रोक लगाने की मांग कर रहे थे। आंदोलनकारी किसानों का कहना था कि 20 जून तक किसानों की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो जनपद मुख्यालय पर बड़ा आन्दोलन किया जायेगा। ब्लाक अध्यक्ष मदन सिंह राणा बताया कि किसान सेवा समिति कासमपुर गढ़ी के अन्तर्गत जिला सहकारी बैंक में लगभग 5800 कृषक खाता धारक हैं, जिनसे 500 रूपए प्रति खाता धारक से अवैध वसूली की जाती है। जिसकी बैंक द्वारा कोई रसीद नहीं दी गई। इसके पश्चात किसानों से 3% के बजाय बढ़ाकर 7% ब्याज वसूला जा रहा है। सहकारी समिति के एमडी लोवेश कुमार और सहकारी बैंक शाखा प्रबंधक दीक्षित शर्मा के माध्यम से एक तीन सूत्रीय मांग पत्र मुख्यमंत्री के नाम सौंपा।



इस अवसर पर भाकियू कार्यकर्ता व पदाधिकारियों शैलेन्द्र चौहान, रमेश सिंह शेखावत मंडल महासचिव मुरादाबाद भाकियू, विजेंद्र सिंह, हरि सिंह, देवेंद्र कौशिक, वसीम गुर्जर, महबूब खान, मौहम्मद शाहिद, पूरन सिंह, मलखान सिंह, सुरेंद्र सिंह, सुखदेव सिंह, चरण सिंह, सरजीत सिंह, मौहम्मद अशरफ, मिल्खा सिंह आदि भारी संख्याओं भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शरबत पिलाया

**अफजलगढ़।** भीषण गर्मी के चलते ग्राम भूतपुरी के युवाओं ने राहगीरों को शरबत रूह अफजा पिला कर पुण्य कमाया। श्रीमती रेनू चौहान के नेतृत्व में भूतपुरी के युवाओं परिक्षित चौहान, उमेश कुमार, विनोद कुमार, मोनू, रिंकू, चेतन कुमार आदि ने राष्ट्रीय राजमार्ग 734 लाइन स्थित रामगंगा पल के समीप छबील लगाकर दुपहिया वाहनों, टेंपो बस आदि यात्री वाहनों व राहगीरों को रोक-रोक कर भीषण गर्मी में शरबत पिलाया।

दैनिक शाह टाइम्स
समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें 9837487334

# भगदड़ मामले में बढ़ेगी आरसीबी की मुश्किल

## विजय यात्रा के लिए फैंस को दिया न्योता, न्योते में फ्री पास का भी जिक्र

**बेंगलुरु, वार्ता।** बेंगलुरु भगदड़ मामले में आईपीएल फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। फ्रेंचाइजी का एक सोशल मीडिया पोस्ट उनके लिए मुसीबत बन सकता है, जिसमें आरसीबी ने प्रशंसकों को विजय यात्रा के लिए न्योता दिया था और फ्री पास का भी जिक्र किया था। आरसीबी के खिलाफ पहले ही कब्बन पार्क पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज हो चुकी है। इसमें डीएनए (इवेंट मैनेजमेंट कंपनी) और कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) की प्रशासनिक समिति और अन्य के खिलाफ भी शिकायत दर्ज कराई गई है। बुधवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की आईपीएल 2025 की खिताबी जीत का जश्न उस वक्त मातम में बदल गया जब चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर पहुंचे प्रशंसकों के बीच भगदड़ मच गई। इस घटना में 11 लोगों की मौत हो गई और 50 से ज्यादा घायल हो गए। अब सोशल मीडिया पर आरसीबी का वह पोस्ट चर्चा का विषय बन गया है जिसमें फ्रेंचाइजी की तरफ से प्रशंसकों को विजय यात्रा में शामिल होने के लिए न्योता दिया गया था। चार जून यानी बुधवार को आरसीबी ने 'एक्स' पर विक्ट्री परेड या विजय यात्रा के आयोजन का एलान किया था। इस पोस्ट में लिखा है कि आरसीबी विजय परेड, आज शाम 5 बजे। विजय परेड के बाद चिन्नास्वामी स्टेडियम में जश्न मनाया जाएगा। हम सभी प्रशंसकों से अनुरोध करते हैं कि वे पुलिस और अन्य अधिकारियों द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करें, ताकि सभी लोग शांतिपूर्वक रोड शो का आनंद ले सकें। चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई और 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए। इस घटना पर आईपीएल 2025 की विजेता आरसीबी ने बुधवार को दुख जताया था और पोस्ट जारी किया था। फ्रेंचाइजी ने लिखा कि हम मीडिया रिपोर्टों के माध्यम से सामने आई दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं से बहुत दुखी हैं, जिसमें टीम के आज दोपहर आगमन की प्रत्याशा में पूरे बेंगलुरु में लोगों की भीड़ जुटने की बात कही गई है। सभी की सुरक्षा और भलाई हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है। आरसीबी लोगों की दुखद मौत पर शोक व्यक्त करती है और प्रभावित परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करती है।

## वर्ल्डकप जीतने पर भी रोड शो नहीं करना चाहिए: गौतम गंभीर

### ऐसे आयोजन में हादसों का खतरा, लोगों की जान सबसे ज्यादा कीमती है



**मुंबई, वार्ता।** टीम इंडिया के कोच गौतम गंभीर ने कहा है कि वर्ल्ड कप जीतने पर भी रोड शो नहीं करना चाहिए। ऐसे आयोजन में हादसों का खतरा है क्योंकि लोगों की जान सबसे ज्यादा कीमती है। मैं 2007 वर्ल्ड कप जीत के बाद भी नहीं चाहता था कि रोड शो हो। इंग्लैंड दौरे पर रवाना होने से पहले गुरुवार को मुंबई में हुई प्रेस कान्फ्रेंस में गंभीर ने कहा कि बेंगलुरु में रोड शो के दौरान हुए हादसे ने दुखी किया। मैं घटना के लिए किसी को भी जिम्मेदार नहीं ठहराता। इस तरह के माहौल में लापरवाही और हादसों की आशंका बहुत ज्यादा बढ़ जाती है, इसलिए इनसे बचना चाहिए। बुधवार को बेंगलुरु में आरसीबी के विक्ट्री सेलिब्रेशन के दौरान भगदड़ मचने से 11 लोगों की मौत हो गई थी।



## टीम इंडिया इंग्लैंड के लिए रवाना

**दोनों टीमों के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी 20 जून से पहला मुकाबला**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम इंग्लैंड के लिए रवाना हो चुकी है। टीम इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। इस सीरीज से दोनों टीमों के आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 साइकिल की शुरुआत होगी। टीम के कुछ खिलाड़ी और हेड कोच गौतम गंभीर 6 जून को मुंबई एयरपोर्ट से इंग्लैंड के लिए रवाना हुए। इस दौरे के लिए 25 साल के शुभमन गिल को भारतीय टेस्ट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को उप-कप्तान बनाया गया है। रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद टीम का यह पहला दौरा होगा। लीड्स में 20 जून को खेला जाएगा पहला टेस्ट भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैच खेले जाएंगे। पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में शुरू होगा, जबकि अंतिम टेस्ट 31 जुलाई से लंदन के द ओवल में खेला जाएगा। भारत 2007 के बाद इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज नहीं जीत सका है। ऐसे में टीम की नजर सीरीज जीतने पर होगी। नई ट्रॉफी की घोषणा इस बार भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के विजेता को एक नई ट्रॉफी दी जाएगी, जो सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन के नाम पर होगी। यह दोनों दिग्गज खिलाड़ियों के सम्मान में एक नई पहल है।



### आईपीएल में उम्दा खेले भारत के टी-20 वर्ल्ड चैंपियन

## सूर्या प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट तो अर्शदीप टॉप विकेट टेकर

**विराट कोहली ने 8 फिफ्टी लगाई, रोहित मुंबई से इम्पैक्ट प्लेयर बने**

**नई दिल्ली, वार्ता।** 73 दिन चले आईपीएल में 2024 का टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाले सभी 15 प्लेयर्स ने हिस्सा लिया। वर्ल्ड चैंपियन टीम के बैटर्स में सूर्यकुमार यादव टॉप स्कोरर रहे, वे प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी बने। आरसीबी के विराट कोहली ने सबसे ज्यादा 8 फिफ्टी लगाईं। वहीं लेफ्ट आर्म पेसर अर्शदीप सिंह ने सबसे ज्यादा विकेट लिए। हार्दिक पांड्या बेस्ट आलराउंडर रहे।

टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा मुंबई इंडियंस से इम्पैक्ट प्लेयर बनकर खेले। उन्होंने 15 मुकाबलों में बैटिंग की और 149.28 के स्ट्राइक रेट से 4 फिफ्टी लगाईं। रोहित शुरुआती मैचों में कुछ खास नहीं कर सके, लेकिन बाद के मुकाबलों में अपनी बैटिंग से मुंबई को मुकाबले जिताए। उन्होंने एलिमिनेटर में 81 रन बनाकर टीम को क्वालिफायर-2 तक पहुंचाया था। ओपनर विराट कोहली लगातार 18वें सीजन आरसीबी से खेले। उन्होंने 8 फिफ्टी लगाकर 657 रन बनाए। कोहली की खास बात यह रही कि उन्होंने टूर्नामेंट में जब भी फिफ्टी लगाई, आरसीबी को जीत मिली। विराट ने फाइनल में भी 43 रन की अहम पारी खेली और टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाने की नींव रखी। कोहली ने आईपीएल के लगातार तीसरे सीजन में 600 प्लस रन बनाए। लखनऊ सुपरजायंट्स के कप्तान और विकेटकीपर ऋषभ पंत के लिए टूर्नामेंट कुछ खास नहीं रहा। उनकी कप्तानी में टीम प्लेऑफ में जगह नहीं बना सकी। वे खुद भी बैटिंग में फ्लाप रहे। पंत ने शुरुआती 13 मैचों में महज 1 फिफ्टी लगाकर 149 रन बनाए। हालांकि, आखिरी मैच में बेंगलुरु के खिलाफ 118 रन की पारी खेल दी। इसके बावजूद उनकी टीम हार गई। मुंबई इंडियंस के मिडिल आर्डर बैटर सूर्यकुमार यादव ने टूर्नामेंट में 16 मैच खेले और हर मुकाबले में 25 से ज्यादा रन बनाए। यह आईपीएल और टी-20 क्रिकेट में रिकॉर्ड है। सूर्या ने 5 फिफ्टी और 167.91 के स्ट्राइक रेट की मदद से 717 रन बनाए। जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का अवार्ड मिला। वे इस अवार्ड का जीतने वाले 5वें ही भारतीय बने। आलराउंडर शिवम दुबे चेन्नई सुपर किंग्स से खेले। वर्ल्ड कप में उन्होंने अहम मौकों पर कई उपयोगी पारियां खेली थीं, लेकिन आईपीएल में वे 1 ही फिफ्टी लगा सके। वे हार्ड हिटिंग के लिए पहचाने जाते हैं, लेकिन 132.22 के स्ट्राइक रेट से 357 रन ही बना पाए। उनकी टीम भी 10वें नंबर पर रहीं। मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या वर्ल्ड चैंपियन टीम से बेस्ट आलराउंडर साबित हुए। उन्होंने 15 मुकाबलों में फिनिशर की पोजिशन संभाली और 163 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 224 रन बना दिए। इतना ही नहीं, उन्होंने गेंदबाजी में 14 विकेट भी लिए। इनमें एक बार पारी में 5 विकेट शामिल है। उन्होंने अपनी कप्तानी में मुंबई को लगातार 6 मुकाबले जिताकर प्लेऑफ में पहुंचाया। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने बेहतरीन लीडरशिप से अपनी टीम को 5वें नंबर पर फिनिश करवाया। वे इंजरी के कारण 2 मैच नहीं खेल सके, जिस कारण टीम प्लेऑफ में जगह नहीं बना सकी। अक्षर ने 157 प्लस के स्ट्राइक रेट से 263 रन भी बनाए, लेकिन गेंदबाजी में वे 5 ही विकेट ले सके। रवींद्र जडेजा को चेन्नई सुपर किंग्स से कुछ मैचों में नंबर-4 पर बैटिंग करने का मौका मिला।

इनमें उन्होंने 301 रन बना दिए, लेकिन उनका स्ट्राइक रेट 135 तक ही पहुंचा। जडेजा लेफ्ट आर्म स्पिनर हैं, लेकिन 14 मुकाबलों में 10 विकेट ही ले सके हैं। दिल्ली कैपिटल्स से खेले चाइनामैन स्पिनर कुलदीप यादव ने 14 मैचों में महज 7.07 की इकोनामी से रन खर्च किए।

## भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज सचिन एंडरसन ट्रॉफी के नाम से जानी जाएगी

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज 20 जून से होगा। इसके लिए भारतीय टीम रवाना हो चुकी है। इससे पहले पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के नाम में बदलाव किया गया है। इसको अब तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी के नाम से जाना जाएगा। इससे पहले दोनों टीमों के बीच खेली जाने वाली यह सीरीज पदौटी ट्रॉफी के नाम से जानी जाती थी। एक समाचार एजेंसी ने ने बीबीसी की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी का अनावरण 20 जून को हेडिंग्ले में शुरू होने वाली सीरीज से पहले किया जाएगा। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने हालांकि इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। इससे पहले ब्रिटेन में इंग्लैंड और भारत के बीच टेस्ट सीरीज को पटौदी ट्रॉफी के लिए खेला जाता था। इसका नाम इफ्तिखार अली खान पटौदी और उनके बेटे मंसूर अली खान पटौदी के नाम पर रखा गया था। मार्च में ईसीबी ने पटौदी परिवार को लिखा था कि वे ट्रॉफी को रिटायर करना चाहते हैं। भारतीय टीम के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर 15,921 रन के साथ टेस्ट इतिहास में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। 52 वर्षीय पूर्व खिलाड़ी ने 1989 से 2013 के बीच 200 टेस्ट खेले। उन्होंने टेस्ट और वनडे प्रारूपों में अनगिनत रिकार्ड अपने नाम किए। वहीं, एंडरसन 704 विकेट के साथ इंग्लैंड के सर्वकालिक सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज के साथ टेस्ट क्रिकेट में सबसे सफल तेज गेंदबाज हैं। दोनों दिग्गजों ने 14 टेस्ट मैचों में एक-दूसरे का सामना किया जिसमें एंडरसन ने तेंदुलकर को नौ बार आउट किया है। यह किसी गेंदबाज द्वारा इस भारतीय को सबसे ज्यादा बार आउट करने का रिकार्ड है। भारतीय टीम पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर जाएगी। इस सीरीज का पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में खेला जाएगा। वहीं, दूसरा टेस्ट दो जुलाई से बर्मिंघम में खेला जाएगा। तीसरा टेस्ट 10 जुलाई से लार्ड्स में खेला जाएगा, जबकि चैथा टेस्ट मैनचेस्टर में 23 जुलाई से खेला जाएगा। पांचवां टेस्ट 31 जुलाई से लंदन के ओवल में खेला जाएगा। इस सीरीज के साथ ही भारत के नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र (2025-27) की शुरुआत भी हो जाएगी। पांच मैचों की सीरीज के लिए भारतीय टीमरू शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर/उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नीतीश, जडेजा, ध्रुव (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल, बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसि) कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप और कुलदीप । पहले टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम: बेन स्टोक्स (कप्तान), शोएब बशीर, जैकब बेथेल, हैरी ब्रुक, ब्राइडन कार्स, सैम कुक, जैक क्राउली, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, ओली पोप, जो रूट, जेमी स्मिथ, जोश टंग, क्रिस वोक्स।

## पीयूष चावला ने क्रिकेट को कहा अलविदा



**नई दिल्ली, वार्ता।** करीब दो दशक लंबे करियर के बाद लेग स्पिनर पीयूष चावला ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया है। चावला ने आज सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए अपने संन्यास लेने के फैसले की जानकारी दी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा कि दो दशक से अधिक समय तक मैदान पर रहने के बाद अब समय आ गया है कि मैं इस खूबसूरत खेल को अलविदा कहूं। वह 2007 में टी-20 विश्वकप और 2011 एकदिवसीय विश्वकप की विजेता टीम का हिस्सा रहे। उन्होंने कहा कि यह उनके जीवन का आशीर्वाद है इसकी यादें हमेशा उनके दिल में बनी रहेंगी। उन्होंने कहा कि ऊपर वाले की कृपा से मैं इतने लंबे समय तक क्रिकेट खेल सका। यह सफर कभी बेहद चुनौतीपूर्ण रहा, तो कभी बेहद सुकून देने वाला, लेकिन इसके हर पल ने मुझे बहुत कुछ सिखाया और बहुत कुछ दिया। ये वो यादें हैं जो ताउम्र मेरे साथ रहेंगी। मुझे हमेशा से लगता रहा है कि हर चीज का एक सही समय होता है। और आज वही पल है, जब मुझे लगा कि अब निर्णय लेना चाहिए। पीयूष चावला ने भारत के लिए तीन टेस्ट, 25 एकदिवसीय और सात टी-20 मैच खेले।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### नीरज चोपड़ा पेरिस डायमंड लीग में लेंगे भाग

**नई दिल्ली, वार्ता।** मौजूदा भाला फेंक विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा 20 जून को स्टेड सेबेस्टियन-चार्लीटी में होने वाली पेरिस डायमंड लीग 2025 में भाग लेंगे। नीरज आठ साल बाद पेरिस डायमंड लीग में वापसी करेंगे। वर्ष 2017 में वह इस स्पर्धा में 84-67 मीटर के थ्रो के साथ पांचवें स्थान पर रहे थे। जर्मनी के जोहान्स वेटर ने 88-74 मीटर का थ्रो कर इस स्पर्धा को जीता था। नीरज के 2024 संस्करण में भाग लेने की उम्मीद थी, लेकिन पेरिस ओलंपिक की तैयारी के मद्देनजर वह इस स्पर्धा में भाग नहीं ले सके। मई में दोहा डायमंड लीग में चोपड़ा ने 90-23 मीटर दूर भाला फेंक कर अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोडा था। नीरज का सबसे हालिया प्रदर्शन 23 मई को पोलैंड के चोरजो में जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल में हुआ था। नीरज ने टोक्यो 2020 ओलंपिक चैंपियन में दूसरे स्थान पर रहने के लिए अपने अंतिम प्रयास में 84-14 मीटर भाला फेंक कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। नीरज ने अप्रैल में दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में पोच आमंत्रण स्पर्धा जीतकर अपने 2025 एथलेटिक्स सत्र की शुरुआत की थी। उन्होंने 84-52 मीटर थ्रो किया था। वह 24 जून को चेकिया में होने वाली गोल्डन स्पाइक एथलेटिक्स स्पर्धा की प्रवेश सूची में भी शामिल हैं और पांच जुलाई को बेंगलुरु में उद्घाटन में नीरज क्लासिक में मुख्य भूमिका निभाएंगे। डायमंड लीग सीरीज के अंत में सबसे अधिक अंक प्राप्त करने वाले शीर्ष भाला फेंक एथलीट 27-28 अगस्त को ज्यूरिख में होने वाले 2025 डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगे।

### यू मुंबा और जयपुर गोवा व कोलकाता के बीच होगी सेमीफाइनल की जंग

**अहमदाबाद, वार्ता।** ड्रीम यूटीटी जूनियर्स के पहले सत्र के नॉकआउट चरण सेमीफाइनल में यू मुंबा और जयपुर पैट्रियट्स, डेम्पो गोवा चैलेंजर्स और कोलकाता थंडरब्लेड्स फाइनल में जगह बनाने के लिए भिड़ेंगी। अहमदाबाद के ईकेए एरिना में रविवार को दोनों सेमीफाइनल मैच खेलें जायेंगे। लीग चरण में शानदार प्रदर्शन करने वाली यू मुंबा और जयपुर पैट्रियट्स, डेम्पो गोवा चैलेंजर्स और कोलकाता थंडरब्लेड्स ने ड्रीम यूटीटी जूनियर्स के सेमीफाइनल में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया है।

यू मुंबा टीटी के प्रतीक तुलसानी और अनन्या मुरलीधर ने लीग चरण में 29 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। चौथे स्थान पर रहने वाली जयपुर पैट्रियट्स का सामना यू मुंबा से होगा। जयपुर पैट्रियट्स के त्रिशाल सुरपुरेड्डी और श्रेया धर ने 25 अंकों के साथ अपना सेमीफाइनल स्थान सुरक्षित किया। दूसरे सेमीफाइनल में डेम्पो गोवा चैलेंजर्स के साहिल रावत और आर्या रेडकर, जो 28 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे, तीसरे स्थान पर रहने वाली कोलकाता थंडरब्लेड्स से भिड़ेंगे। ऋत्विक गुप्ता और स्वरा करमारकर ने थंडरब्लेड्स के लिए 26 अंक अर्जित किए।

## वर्ल्ड नंबर- 1 आर्यना सबालेंका पहली बार फ्रेंच ओपन के फाइनल में पहुंची



**पेरिस, वार्ता।** वर्ल्ड नंबर-1 आर्यना सबालेंका फ्रेंच ओपन के फाइनल में पहुंच गई हैं। उन्होंने गुरुवार को खेले गए विमेंस सिगल्स के सेमीफाइनल मुकाबले में चार बार की चैंपियन इगा स्वियातेक को 7.6(1), 4.6, 6.0 हराया। सबालेंका पहली बार इस ग्रैंड स्लैम के खिताबी मुकाबले में पहुंची हैं। वहीं, उनका कुल छठा ग्रैंड स्लैम फाइनल है। फाइनल में सबालेंका का सामना वर्ल्ड नंबर-2 अमेरिकी खिलाड़ी कोको गाफ से होगा। ये दोनों खिलाड़ी पहली बार किसी विमेंस ग्रैंड स्लैम फाइनल में एक-दूसरे से भिड़ेंगी। गौफ ने बाइसन को हराया कोको गौफ ने फ्रेंच वाइल्ड कार्ड लोइस बाइसन को 6-1, 6-2 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। गौफ भी पहली बार फ्रेंच ओपन के फाइनल में पहुंची हैं। 21 साल की अमेरिकी खिलाड़ी ने ओपन (2023) के बाद से दूसरा ग्रैंड स्लैम फाइनल खेलेंगी। सबालेंका ने क्वार्टर फाइनल में झेंग को हराया था सबालेंका ने मंगलवार को क्वार्टर फाइनल मुकाबले में पेरिस ओलिंपिक चैंपियन किनवेन झेंग को 7-6(3), 6-3 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंची थीं। चार बार की फ्रेंच ओपन विजेता इगा स्वियातेक ने यूक्रेन की एलीना को 6-1, 7-5 से हराया था। मेंस सिगल्स के सेमीफाइनल आज मेंस सिगल्स के सेमीफाइनल मुकाबले आज रात में खेले जाएंगे। पहले मुकाबले में डिफेंडिंग चैंपियन कार्लोस अल्काराज का सामना इटली के लोरेंजो से होगा।

**डिफेंडिंग चैंपियन स्वियातेक को हराकर किया बाहर, खिताबी मुकाबले में कोको गॉफ से भिड़ेंगी**

## वेई यी को हराकर नॉर्वे शतरंज के अंतिम दौर में डी गुकेश

**तेज आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए गुकेश ने जीतकर गेम में पूरे अंक लिए**

**नॉर्वे, वार्ता।** नॉर्वे शतरंज 2025 के नौवें दौर के मुकाबले में विश्व चैंपियन गुकेश डी ने चीन के वेई यी को हराकर टूर्नामेंट के खिताबी दौर में जगह बना ली है। नॉर्वे शतरंज 2025 के नौवें दौर में भारत के गुकेश डी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए चीन के नंबर वन वेई यी को हराकर टूर्नामेंट के अंतिम दौर में प्रवेश कर लिया है।

गुकेश ने वेई यी की एक महत्वपूर्ण शुरुआती गलती का फायदा उठाकर बढ़त हासिल की। तेज आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए गुकेश डी ने मुकाबले को जीतकर गेम में पूरे अंक हासिल किये। गुकेश 14-5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं जबकि कार्लसन उनसे आधा अंक आगे है। वहीं एक अन्य मैच में दुनिया के नंबर वन मैग्नस कार्लसन और अमेरिका के फैबियानो कारुआना का मुकाबला हुआ। मुकाबले में एक समय ऐसा लगा रहा था कि कार्लसन हार जायेंगे, लेकिन उन्होंने हराने की स्थिति से वापसी करते हुए कारुआना को हराकर पूरे अंक हासिल किये। हिकारू नाकामुरा और अर्जुन एरिगैसी के बीच का खेल बराबरी पर समाप्त हुआ। हिकारू नाकामुरा ने आर्मगेडन गेम में जीत हासिल की और महत्वपूर्ण अतिरिक्त अंक प्राप्त किये। अंतिम दौर में गुकेश का मुकाबला कारूआना से, जबकि कार्लसन का मुकाबला भारत के एक अन्य खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी से होगा।




## न्यूजीलैंड ने रॉब वाल्टर को टीम का मुख्य कोच किया नियुक्त

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड क्रिकेट ने गुरुवार को रॉब वाल्टर को राष्ट्रीय पुरुष टीम के तीनों प्रारूपों के लिए मुख्य कोच नियुक्त किया है।

जून के मध्य से कार्यभार ग्रहण करने वाले वाल्टर को गैरी स्टीड के जाने के बाद यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। जुलाई में उनके साथ टीम जिम्बाब्वे दौरे पर जायेगी। उनका अनुबंध 2028 के आखिर में न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया में होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप तक चलेगा। वाल्टर इस वर्ष अप्रैल तक दक्षिण अफीका की सफेद टीमों की देखरेख कर चुके हैं। उनके कार्यकाल में दक्षिण अफ्रीका ने 2024 में अपने पहले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप फाइनल में पहुंचकर इतिहास रच दिया, जहां वे बारबाडोस में भारत से हार के बाद उपविजेता रहे। उन्होंने लगातार आठ मैचों की जीत दर्ज की।

# जिला पंचायत कार्यालय में डीएम का निरीक्षण



शाह टाइम्स ब्यूरे

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल द्वारा अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अभिलेखों एवं सीसीटीवी कैमरा रिकॉर्डिंग को भी देखा गया। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कार्यालय में ड्रेस कोड में उपस्थित हों। कार्यालय के कुल 33 कर्मचारियों में से 15 कर्मचारी अनुपस्थित मिले। अधिकारियों से संबंधित कोई पंजिका नहीं मिली। अपर मुख्य अधिकारी अनुपस्थित पाए गए। जिलाधिकारी द्वारा साफ सफाई एवं स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए गए तथा कार्यालय व्यवस्थित न पाए जाने पर सख्त नाराजगी व्यक्त की। टैक्स अधिकारी सतेंद्र को फील्ड में होना बताया गया जबकि इस संबंध में कोई पंजिका नहीं पाई गई।

## शिकायतों के निस्तारण में लापरवाह दिखे अधिकारी, 26 को नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल द्वारा आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों में असंतुष्ट फीडबैक तथा निस्तारण के समय शिकायतकर्ता से सम्पर्क न किये जाने के संबंध में जनपद के 26 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने 3 दिवस के अंदर संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर माह जून का वेतन रोकने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अधीक्षक पीएचसी एवं सीएचसी गंगोह, अधीक्षक पीएचसी एवं सीएचसी नानौता, सचिव सहारनपुर विकास प्राधिकरण, खण्ड विकास अधिकारी गंगोह, खण्ड विकास अधिकारी सढौली कदीम, अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लोनिवि, खान निरीक्षक, बंदोबस्त अधिकारी चकबन्दी, परियोजना अधिकारी डूडा, सहायक विकास अधिकारी पंचायत बलियाखेडी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत नकुड़, सहायक विकास अधिकारी पंचायत सरसावा, सहायक विकास अधिकारी पंचायत रामपुर मनिहारान, सहायक विकास अधिकारी पंचायत मुजफ्फराबाद, सहायक विकास अधिकारी पंचायत नानौता, पूर्ति निरीक्षक बेहट, जिला प्रोबेशन अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, उप जिलाधिकारी बेहट, सहायक श्रमायुक्त, अधिशासी अभियन्ता विद्युतध्नोडल आईजीआरएस, जिला समाज कल्याण अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत छुटमलपुर, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी एवं तहसीलदार रामपुर मनिहारान का वेतन रोकने के निर्देश दिए गये। जिलाधिकारी श्री बंसल ने कहा कि आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि शिकायत के निस्तारण के समय शिकायतकर्ता से फीडबैक भी लिया जाए।

# मौलाना सईदी को पेश की ताजियत



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** मदरसा मजा. हिर उलूम के नाजिम ए आला मौलाना मौहम्मद सईदी के इंतकाल पर एक ताजियती मजलिस में कुरआन की तिलावत कर उनके लिए दुआएं मगफिरत की गयी।

जुमे की नमाज के बाद जामा मस्जिद में आयोजित शोकसभा में गहरे रंजोगम का इजहार किया। मौलाना मुफ्ती मकसूद ने कहा कि उनकी शख्सियत इलमी व तदरीसी महारत की हामिल थी और तवाजो व सादगी का पैकर थे और उनकी जिंदगी तलबा के लिए मशअले राह (प्रेरणा श्रोत) थी। इस मौके पर जमीयत उलेमा हिंद सहारनपुर के नायब सदर मौलाना मौहम्मद फरीद मजाहिरी, एडवोकेट इन्तखाब आजाद, डा शाहकार खान,हाजी शाहिद जुबैरी, हाजी नवाब अनसारी ने भी उनके इन्तकाल से इल्मी दुनिया में जो खला पैदा हुआ है, वो मुद्दतों पुर नहीं हो सकेगा। अल्लाह रब्बुल इज्जत उनकी मगफिरत फरमाए। बाद अजा तमाम हाजरीन ने हजरत मौलाना मौहम्मद सईदी व डॉ मौहम्मद मोहसिन साहब को कुरान ए पाक पढ़कर इसाले सवाब पहुंचाया। इस मजलिस में हाजी मौहम्मद अकबर खान, इफ्तिखार अहमद, बिलाल अहमद, हाजी शमशेर हसन, हाजी मौहम्मद आलम, आलिम बक्शी, मास्टर महमूद, बहार खान, हाफिज मौहम्मद फैसल, हाफिज मौहम्मद इनाम, मौहम्मद नईम, रईस अहमद, मकबूल अहमद आदि काफी संख्या में लोगों ने शिरकत की। अध्यक्षता जामा मस्जिद के प्रबंधक मौलवी फरीद मजाहिरी ने की और दुआ मदरसा मजाहिर उलूम के सदर मुफ्ती व जामा मस्जिद कलां के प्रवक्ता मुफ्ती मकसूद ने कराई।

# उत्कृष्ट कार्यों के लिए राजेश जैन सम्मानित



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार ने नागरिक सुरक्षा कोर के माध्यम से शासन प्रशासन को निरंतर उत्कृष्ट और सराहनीय सहयोग देने हेतु जैन समाज के अध्यक्ष तथा चीफ वार्डन सिविल डिफेंस राजेश कुमार जैन को उ. प्र.शासन प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया।

विशेष सचिव उ. प्र. शासन मनोज कुमार राय ने जारी पत्र में कहा कि शासनादेशानुसार, गठित स्क्रीनिंग समिति की संस्तुति पर यह सम्यक निर्णय लिया गया। इस समाचार को जानकर सम्पूर्ण जैन समाज मे हर्ष की लहर दौड़ गयी, जैन बाग स्थित कार्यलय में राजेश कुमार जैन को बधाई देने के लिए समाज के अनेक श्रेष्ठीगण उपस्थित हुए। जैन समाज के संरक्षक व पूर्व महानगर भाजपा अध्यक्ष राकेश जैन, आवास विकास के चौधरी संदीप जैन, महामंत्री संजीव जैन, सहारनपुर कास्ट एकाउंटेंटस चैप्टर के पूर्व अध्यक्ष व्रती श्रावक अनिल जैन, जैन समाज के संरक्षक कुलभूषण जैन उपाध्यक्ष विपिन जैन, चौधरी अनुज जैन उप चौधरी संदीप जैन प्रवीन जैन प्रदीप जैन संजय जैन मनोज जैन पार्षद गौरव जैन, श्रवण जैन टी टी जैन विनय जैन राजा जैन आयुष जैन सचिन जैन दीपक जैन सुधीर जैन अविनाश नाती जैन वैभव जैन मानसिंह जैन शहीद जैन समाज के कई लोगों ने अभिनंदन कर बधाई दी।

वही इस उपलब्धि पर राज्य मन्त्री जसवंत सैनी, नगर विधायक राजीव गुम्बर, मुकेश चौधरी, पूर्व सांसद राघव लखनपाल, प्रदीप चौधरी, भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई समाज से भी महेंद्र तनेजा पूर्व मंत्री सरफराज खान समेत नागरिक सुरक्षा के समस्त वार्डस, पत्रकार और अनेक संस्थाओ के प्रति. निधियों ने भी अपनी शुभकामनाएं दी है।

## कुरबानी के लिए पशुओं की खरीद्दारी

**गंगोह।** इंदुल अजहा के त्यौहार को लेकर पशु पैठ में जमकर कुर्बानी के लिए बकरों, बकरी व भैंसों की खरीद फरोख्त हुई। जबकि प्रतिबन्धित पशुओं गोवंश व ऊंट की बिक्री पूरी तरह प्रतिबन्धित रही।

कोतवाली प्रभारी पीयूष दीक्षित द्वारा बडे सवेरे से ही मंडी स्थल की नाकेबंदी करते हुए पुलिस की तैनाती कर दी गई थी। इसके अलावा पैंठ संचालकों को भी प्रतिबन्धित गोवंश व ऊंट आदि की बिक्री की बिक्री व खरीद न होने की चेतावनी दे दी गई थी। शांति समिति की बैठक में भी मदरसा संचालकों, मुतवल्ली व मौलानाओं और जनप्रतिनिधियों द्वारा भी प्रतिबन्धित पशुओं गाय, बैल व ऊंट की कुर्बानी पर रोक लगाई गई।

# विधायक आशु मलिक ने बिजली अफसरों को कराया निरीक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी से देहात विधायक आशु मलिक ने आज बिजली अफसरों के साथ निगम क्षेत्र की आउटर कालोनियों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से वार्ता कर शीघ्र ही जर्जर तारों व पोल की समस्याओं के निदान का आश्वासन दिया।

बता दे कि आशु मलिक ने नगर निगम में शामिल 32 गांव और आउटर की कॉलोनी एकता कॉलोनी इनाम कॉलोनी काजीवाला जैनब कॉलोनी मजिद कॉलोनी हबीबगढ़ रसूलपुर रमजानपुर दानिश कॉलोनी गणपति कॉलोनी कैलाश विहार आदि में पोल न होने के कारण जर्जर विद्युत तारों तथा उसने होने वाले हादसों के



मुद्दे को न केवल विधानसभा में प्रमुखता के साथ उठाया था, बल्कि विधानसभा याचिका समिति की ऊर्जा विभाग संबंधी बैठक में यह मामला रखा था।

इसके परिणाम स्वरूप आज क्षेत्र में जायजा लेने के लिये बिजली अफसर पहुंचे। जहां देहात विधायक आशु ने काजीवाला इनाम कॉलोनी एकता कॉलोनी जैनब कॉलोनी का निरीक्षण कराकर वस्तुस्थिति से अवगत कराया। विभागीय अधिकारियों ने विधायक को जल्दी एस्टीमेट बनाकर जर्जर तार और पोल लगाकर समस्या समाधान का आश्वा. सन दिया। इस दौरान पार्षद गुलशेर और मोहतसीम के अलावा सपा जिलाध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद, महानगर अध्यक्ष नवाब अंसारी आदि मौजूद रहे।

# हरिद्वार में 10 से होगा भाकियू का राष्ट्रीय अधिवेशन: गौतम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** भारतीय किसान यूनियन अ. का राष्ट्रीय अधिवेशन हरिद्वार में 10 से 12 जून तक होगा जिसमें यूनियन को राजनीतिक दल बनाने पर विचार किया जायेगा।

किसानों की पंचायत में यूनियन के राष्ट्रीय सचिव डा. राजेश गौतम ने बताया कि देश व प्रदेश में जिस तरह भाजपा की सरकारों द्वारा किसान मजदूर का उत्पीड़न किया जा रहा है, यह सरकार किसान और मजदूरों का उत्पादन रोकने में पूरी तरह नाकाम हो रही है।

कांग्रेस व चौधरी चरण सिंह व वीपी सिंह की सरकारों को छोड़कर अन्य किसी भी सरकार ने किसानों के फायदे के बारे में नहीं सोचा इसमें केवल किसान ही नहीं है बल्कि मजदूर दलित और मुसलमान के वोट लेकर उनका शोषण भी करते रहे। उन्होंने कहा भाजपा की सरकारों ने भारत में केवल हिंदू मुसलमानों को लडाने का काम किया है, जबकि भाजपा की सरकारों के द्वारा देशवा. सियों के हित में उनके सभी मुद्दों को दरकिनार किया जाता रहा है, भाजपा की सरकार देश के विकास कार्यों में भी विफल साबित हो रही है यही कारण है कि भारत को आज इंदिरा गांधी लाल बहादुर शास्त्री चौधरी चरण सिंह भारत रत्न बाबा भीमराव अंबेडकर साहब लोह पुरुष सरदार पटेल, और एपीजे अब्दुल कलाम जैसे नेताओं के विचारों पर चलकर देश को आगे बढ़ना होगा। बैठक की अध्यक्षता चौधरी शाजिद नंबरदार ने की।

# आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने दिनेश गोयल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की केंद्रीय कार्यकारिणी की समिति आयोजित 309वीं बैठक में दिनेश गोयल को राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस दौरान सहारनपुर चैप्टर से कृष्ण राजीव सिंघल को केंद्रीय कार्यकारिणी में सदस्यों के रूप में शामिल किया गया।

आईआईए भवन में केंद्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें सर्वसम्मति से दो वर्ष के लिए दिनेश गोयल को राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में वर्ष 2025-2026 के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव केन्द्रीय कार्यकारिणी सदस्य (सीईसी) के 21 सदस्यों द्वारा करते हुए वर्ष 2025-2026 के लिए आईआईए का




राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल को मनोनीत किया गया। वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल जिनका कार्यकाल 30 जून को समाप्त होने वाला है। उनके द्वारा सर्वप्रथम वर्ष 2025-2026 के लिए दिनेश गोयल को आईआईए का राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर मनोनित होने पर बधाई देते हुए बताया कि दिनेश गोयल आईआईए के विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं। इनमें से महासचिव, उपाध्यक्ष एवं बरेली चौप्टर स्तर पर भी विभिन्न पदों पर कार्यरत रहे हैं। इसके अलावा उन्होंनें बताया कि 6 केन्द्रीय कार्यकारिणी सदस्यों को भी केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति में शामिल किया गया हैं जिसमें आईआईए सहारनपुर चौप्टर से कृष्ण राजीव सिंघल को भी केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति में सदस्य के रूप में शामिल किया गया। केन्द्रीय कार्यकारिणी बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा वर्ष 2025-26 के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल एवं 6 केन्द्रीय कार्यकारिणी सदस्यों के मनोनीत होने पर सभी का फूल माला पहनाकर स्वागत एवं अभिनन्दन किया। केन्द्रीय कार्यकारिणी बैठक में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रामजी सुनेजा, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद मिगलानी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजीव अरोड़ा, नवनियुक्त केन्द्रीय कार्यकारिणी सदस्य कृष्ण राजीव सिंघल, विशेष आमंत्रित सदस्य आर. के. धवन, एस. कुमार अरोड़ा, एफएसएसएआई वर्किंग ग्रुप चेयरमैन संजय बजाज के अतिरिक्त फॉर्मर प्रेसिडेंट संजय कौल, फॉर्मर प्रेसिडेंट जी.सी. चतुर्वेदी, फॉर्मर प्रेसिडेंट अनिल गुप्ता, राष्ट्रीय फॉर्मर प्रेसिडेंट मनीश गोयल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अवधेश कुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष चेतन देव भल्ला, विकास खन्ना, अदनान दानिश सिद्धकी सहित अनेक सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## स्थापना दिवस मनाया

शाह टाइम्स संवाददाता

**गंगोह।** जय हिंद सामाजिक संस्था ने संस्था के 14 वर्ष पूर्ण करने पर विश्व शांति एवं जनकल्याण हेतु यज्ञ आयोजित कर स्थापना दिवस मनाया।

संस्था के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन गणेश चौक स्थित वी केयर हास्पिटल में किया गया। इस अवसर पर जन कल्याण के लिए यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ के यजमान डा. रविकांत सैनी व पुरोहित पं. अनिल शर्मा रहे। मंत्रोच्चार के बीच सदस्यों ने आहुतियां दी। यज्ञ की पूर्ण आहुति में सभी सदस्य मौजूद रहे। इसके बाद जन कल्याण के लिए प्रार्थना की गई। वक्ताओं ने संस्था के 14 वर्षों के सफर के बारे में जानकारी दी कि इस समय में संस्था ने क्या किया। जिस प्रकार जन सेवा के लिए सदस्य चौदह वर्ष से जुटे हैं उसी प्रकार इसी ऊर्जा से मानव सेवा में लगे रहने की सभी साथियो से अपील की।

# ईश्वर खोलते हैं कल्याण का मार्ग: प्रियदर्शिनी



शाह टाइम्स संवाददाता

**साढौली कदीम।** शिव मंदिर में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में बुद्धवार को वृंदावन जन्म स्थली से पधारे कथा व्यास मीरा प्रियदर्शिनी ने कहा कि यदि हम ईश्वर से सभी के कल्याण की कामना करते है तो ईश्वर हमारे कल्याण के लिए भी पर्याप्त मार्ग खोलता है यदि हम ईश्वर से अपने कल्याण के लिए कामना करते है तो वह हमारे स्वार्थ की भावना को उजागर करता है।

उन्होने कहा कि लालच के वंश की जाने वाली भक्ति में शक्ति नही होती है। निरलोभ भाव से की गयी भक्ति में शक्ति होती है हमें अपनी भावी पीढी को आध्यात्मिक ज्ञान से अवगत कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि मनुष्य को किसी भी कार्य को करने से पहले अच्छी तरह सोच विचार कर लेना चाहिए हमें अपने हित के लिए ऐसा कोई भी कार्य कदापि नही करना चाहिए जिससे दूसरों का अहित होता हो। हमें सुख व दु:ख दोनों परिस्थितियों में भगवान का समान स्मरण करना चाहिए। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी सचिन शर्मा, प्रधान शेखर राणा, बाबू प्रेमचंद कश्यप, पंडित कृष्णकांत शर्मा, हरपाल सिंह, रजनीश बाबू, पंडित गोखले महाराज, गोलू शर्मा आदि की उपस्थिति रही।

## रौद्र रूप दिखा रही सूरज की तपिश

**गंगोह।** जहां गर्मी इस समय अपना असली रूप दिखा रही है। नगर के मेन रोड तो क्या आम गलियां भी इससे अछूती नही रह गई है। ऐसे में बाजारों में फैला अतिक्रमण व बदन झुलसाती गर्मी लोगों के लिए परेशानी का सबब बन रहा है।

गर्मी के कारण लोगों को ना घर में आराम मिल रहा है और ना ही बाहर। सूरज की तेज किरणों की तपस से बढ़ती तेज गर्मी से लोगों का तन पसीने से तर होने लगा है। गर्मी के चलते आम लोगों का बुरा हाल है। प्रात: से ही शरीर झुलसा देने वाली गर्मी शुरू हो जाती है। लोगों को चिन्ता सता रही है कि बढ़ रही गर्मी से निजात कब मिलेगी। मानसून के कही तक नजर नही आ रहा। वही बाजारों में अतिक्रमण भी खरीदारी के लिए जी का जंजाल बन गया है। नगर में अतिक्रमण नासूर बना हुआ है।

# सीसी रोड निर्माण न होने से क्षेत्रवासियों में रोष

शाह टाइम्स संवाददाता

**छुटमलपुर।** नगर पंचायत के वार्ड नंबर 11, कमालपुर रोड, शांति नगर में 100 मीटर लंबी सीसी रोड के निर्माण न होने से मोहल्लेवासियों में रोष व्याप्त है।

स्थानीय निवासी राजपाल सुमित कांबोज राजकिशोर, राजू, मंजू गर्ग, नरेंद्र, रानी, प्रदीप गुप्ता, और बबली ने बताया कि बारिश में रास्ते पर पानी भरने से वे घरों से बाहर भी नहीं निकल पाते। कई बार नगर पंचायत चेयरमैन शमा परवीन और अधिशासी अधिकारी कमलकांत राजवंशी को शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई।

वार्ड 11 की सभासद प्रियंका कंबोज ने कहा कि उन्होंने चेयरमैन को बार-बार इस समस्या से अवगत कराया, लेकिन उनकी अनदेखी जारी है। हताश होकर सभासद और



स्थानीय जनता ने अब मीडिया का सहारा लिया है, ताकि उनकी समस्या उच्च अधिकारियों तक पहुंचे। प्रियंका ने बताया कि रास्ते की बदहाल स्थिति से बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है।

नगर पंचायत छुटमलपुर में विकास कार्यों को लेकर पहले भी सवाल उठ चुके हैं। हाल ही में सभासदों ने जिलाधिकारी और मंडलायुक्त को ज्ञापन सौंपकर चेयरमैन और अधिशासी अधिकारी पर पारदर्शिता और गुणवत्ता की कमी के आरोप लगाए थे। क्षेत्र की जनता अब खुद मुखर होकर चेयरमैन के विकास के दावों की हकीकत उजागर कर रही है।

मोहल्लेवासियों ने चेता. वनी दी है कि यदि जल्द ही सीसी रोड का निर्माण शुरू नहीं हुआ, तो वे धरना-प्रदर्शन करेंगे। यह मामला छुटमलपुर नगर पंचायत को लगातार चर्चा में ला रहा है, जहां विकास कार्यों की अनदेखी से जनता का विश्वास डगमगा रहा है।

# कड़ी सुरक्षा के बीच कुख्यात सादर कोर्ट में पेश

**सहारनपुर।** राजस्थान की जयपुर जेल में बंद कुख्यात अपराधी सादर खान को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पेशी के लिए सहारनपुर लाया गया। उसने बुलेटप्रूफ जैकेट पहन रखी थी। उसकी सुरक्षा में भारी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात थे और कचहरी परिसर को सुरक्षा के लिहाज से पूरी तरह छावनी में तब्दील कर दिया गया था।

पेशी से पहले पूरे परिसर में सघन सुरक्षा जांच की गई और पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में रही। सादर खान पर जनपद में भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। इन्हीं मामलों में से एक की सुनवाई के लिए आज उसे न्यायालय में पेश किया गया। कड़ी सुरक्षा के बीच उसे कोर्ट रूम तक लाया गया। अधिवक्ता

**■ छावनी में तब्दील रहा कचहरी परिसर, पहना रखी थी बुलेटप्रूफ जैकेट**

अंकित सैनी ने जानकारी दी कि सादर खान राजस्थान के जयपुर जेल में बंद है और न्यायालय द्वारा उसे तलब किया गया था। उन्होंने बताया कि एक फाइल लोअर कोर्ट से सेशन कोर्ट में भेजी गई थी, जिसके लिए सादर खान को जयपुर जेल से तलब किया गया। अधिवक्ता ने यह भी कहा कि यह मामला थाना मिर्जापुर से संबंधित है और उन्होंने इसे एक झूठा मामला बताया, जो पुलिस द्वारा दर्ज किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पूरी सुनवाई प्रक्रिया न्यायालय के निर्देशानुसार चल रही है।

# कैडेट्स ने की पीटी परेड और योगाभ्यास

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** एनसीसी निद. ेशालय लखनऊ के अधीनस्थ मेरठ ग्रुप की 83 उप्र वाहिनी एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल नविन्दर सिंह मान, सेना मैडल के नेतृत्व में जनता इण्टर कालेज, नागल में 10 दिवसीय वार्षिक शिविर के छठे दिन एनसीसी कैडेट एवं स्टाफ ने सर्वप्रथम जमकर पी.टी. परेड, दौड़ तथा योगाभ्यास किया।

चीफ आफिसर ब्रिजेश पुण्डीर तथा सूबेदार आले की देखरेख में नालन्दा वर्ल्ड स्कूल, सहारनपुर में फायरिंग रेंज पर एनसीसी कैडेटे ने 22 राइफल से फायरिंग का अभ्यास किया साथ ही कैडेटों ने बाघा प्रशिक्षण का जमकर अभ्यास किया। सूबेदार विकास राणा एवं हवलदार जसवीर सिंह ने कैडेटों को सैक्सन फॉरमेसन की जानकारी दी। डिप्टी कैम्प कमाण्डेंट ले. कर्नल तनय



कोठियाल के कैम्प में प्रतिभागी कैडेटो की अनुसाशन के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने की सराहन कर उनका उत्साहावधन किया तथा उन्हें प्रतिदिन कुछ न कुछ नयी सीखलाई लेकर आत्मसात कराने का संकल्प दिलाया। कैम्प कमाण्डेंट कर्नल एन एस मान, सेना मेडल ने कैडेटों का बताया कि यहाँ से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद आपमें अच्छी आदतों के प्रति बदलाव आना चाहिए। ताकि समाज में एनसीसी के प्रति सम्मान की भावना स्वत: ही झलके। ले. सुधीर कुमार एवं हवलदार नरेन्द्र की देखरेख में कैडेटों को खो-खो, वालीबॉल एवं फुटबाल का अभ्यास कराया गया। तदोपरान्त प्रतिभाशाली कैडेटा का गेम्स प्रतियोगिता हेतु चयन किया जायेगा। कैम्प एडजुटैण्ट कैप्टन शिवकुमार कटारिया एवं कैप्टन सुभाष चन्द की देखरेख में सांस्कृतिक कार्यक्रम का अभ्यास किया गया। तदोपरान्त आईजीसी हेतु अच्छे कैडेटो का चयन किया जायेगा। सूबेदार मेजर सरदूल सिंह ने कैम्प कैडेटों को पुन: अन्त तक अनुशासन एवं धैर्य बनाये रखने पर बल दिया।

# दिन दहाड़े घर में चोरी

**चिलकाना।** पठेड चौकी क्षेत्र के ग्राम पठेड मुस्तकम उर्फ छोटी पठेड में अज्ञात चोर दिन दहाड़े ही एक घर को अपना निशाना बनाते हुए घर में रखा कीमती सामान जेवर व नगदी लेकर फरार हो गए हैं।

छोटी पठेड में नथमलपुर मार्ग पर अब्दुल कादिर पुत्र जाबिर का मकान है। बुधवार की दोपहर को लगभग एक बजे घर में कादिर की पत्नी अकेली थी, कादिर सुबह ही अपने काम पर चला गया था। कादिर की पत्नी दोपहर में घर का सारा काम निपटाने के बाद घर का ताला लगाकर पड़ौस में बैठने चली गई। अज्ञात चोर मौके का फायदा उठाकर बंद मकान की दीवार कूदकर घर में अंदर चले गए व अंदर बने कमरे का ताला तोड़कर कमरे में रखे सोने व चांदी के जेवरात व साढ़े छ: हजार रुपये उड़ाकर वहां से फरार हो गए।

पीड़ित कादिर ने पठेड चौकी पर तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की मांग की है। वहीं चौकी इंचार्ज रिंकू कुमार ने बताया है कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए अज्ञात चोरों की तलाश आरम्भ कर दी गई है जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

**नगदी व आभूषण उडाये**

**तीतरों।** कस्बा निवासी एक व्यक्ति के घर का ताला तोड़कर चोरों ने हजारों रुपए की नकदी तथा आभूषण चुरा लिए। पुलिस को दी तहरीर में मोहल्ला महाजनान निवासी जाकिर ने बताया कि वह हरियाणा के करनाल में मजदूरी करने के लिए गया था। वहां से आने के बाद जब वह अपने घर लौटा तो घर का ताला टूटा हुआ था तथा घर में रखा सामान इधर-उधर बिखरा हुआ था। चोरों ने घर में रखे आभूषण जिनमें सोने के कुंडल, अंगूठी, नाक की तिल्ली, चांदी का हार तथा बीस हजार की नकदी चुरा ली गई।

# बारूद के ढेर पर दुनिया

निसंदेह इस समय दुनिया बारूद के ढेर पर बैठी है। रूस-यूक्रेन युद्ध को तीन वर्ष से अधिक हो गए हैं, तो वहीं इजरायल और हमास संघर्ष भी अब दूसरे वर्ष की ओर बढ़ रहा है। लाखों लोग इससे बुरी तरह प्रभावित हो चुके हैं। युद्ध को रोकने की तमाम कोशिशें नाकाम होती दिखाई दे रही हैं। सच्चाई यही है कि युद्ध को रोकने लिए कोई गंभीर प्रयास होते दिखाई नहीं दे रहे हैं। बड़ी ताकतें युद्ध को रोकने के लिए कितनी गंभीर हैं, यह बुधवार को हुए सुरक्षा परिषद में इजरायल-हमास के बीच संघर्ष विराम को लेकर लाए गए प्रस्ताव को लेकर अमेरिका के वीटो से पता चल जाता है। इस प्रस्ताव का 14 सदस्यों ने समर्थन किया था। एक अमेरिकी ही था जिसने इस प्रस्ताव का न सिर्फ विरोध किया बल्कि अपनी वीटो पावर का इस्तेमाल किया। इस प्रस्ताव को दस गैर स्थायी सदस्यों ने पेश किया था जिसमें पाक भी शामिल है और जो अमेरिका ने कारण बताया वह भी हास्यास्पद ही कहा जाएगा। संयुक्त राष्ट्र में कार्यवाहक अमेरिकी राजदूत डोरोथी शिया ने इस पूरी प्रक्रिया पर कहा कि हम ऐसे किसी भी उपाय का समर्थन नहीं करेंगे जो हमास की निंदा करने में विफल हो। उन्होंने यह भी कहा कि यह प्रस्ताव जमीनी हकीकत को दर्शाने वाले युद्ध विराम तक पहुंचने के कूटनीतिक प्रस्ताव को कमजोर करेगा और हमास को बढ़ावा देगा। इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने अपने ट्विटर अकाउंट पर अमेरिका और डोनाल्ड ट्रम्प का शुक्रिया अदा किया और कहा कि दुनिया को दिखा दिया गया कि अमेरिका व इजरायल के बीच में कोई फर्क नहीं है और यह हमास के आतंकवादियों को नष्ट करने का एकमात्र तरीका है। जाहिर है जब बड़ी ताकतों का यह रवैया रहेगा, तो फिर युद्ध किस तरह रुकेंगे और जो लोगों के जानमाल की तबाही हो रही है उस पर कोई रोक नहीं लगेगी। इन दोनों युद्ध ने यह भी बता दिया है कि दुनिया की बड़ी ताकतों को किसी की तबाही व मरने-जीने से कोई फर्क नहीं पड़ता। वह हर हाल में युद्ध को हवा देना चाहते हैं, जिससे हथियारों का कारोबार फल-फूल सके। मतलब वह आपदा में पूरा अवसर देख रहे हैं और हथियार लॉबी मोटा मुनाफा कमा रही है। कोई भी समझ सकता है कि ऐसे में अगर भारत पाक के बीच छोटे स्तर पर सैन्य संघर्ष अगर बड़ा रूप ले लेता तो स्थिति कितनी भयावह हो सकती थी। इस संघर्ष में भारत ने जहां पाक को पूरी तरह सबक सिखाया, वहीं युद्ध को फैलने से भी रोका। जैसाकि कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा भी कि भारत युद्ध नहीं चाहता, लेकिन वह आतंकवाद को भी नहीं सहेगा। भारत ने दोनों काम किए। पाक को उसकी औकात बताई और अपनी कूटनीति के जरिये युद्ध को व्यापक स्तर पर फैलने भी नहीं दिया, लेकिन अभी कुछ नहीं कहा जा सकता, क्योंकि यह सबकुछ पाक पर निर्भर है। भारत ने साफ कर दिया है कि ऑपरेशन सिंदूर अस्थाई रूप से रोका गया, यदि पाक किसी तरह की हिमाकत करता है तो भारत फिर से कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र है।

## मोदी जी को सरेंडर करने की आदत है



एक तरफ गांधी की सोच है, तो दूसरी तरफ सावरकर और गोडसे की सोच, ये लड़ाई आज की नहीं, हजारों साल पुरानी है, संविधान में जो बातें लिखी गई हैं, वह बुद्ध के विचारों से निकली हैं,यही सोच है, जिसे आरएसएस खत्म करना चाहता है, इसलिए डरने की जरूरत नहीं है, हमें मिलकर संविधान और सच्चाई की रक्षा करनी है और बिहारियों के बिना संविधान को बचाया नहीं जा सकता, मोदी जी को सरेंडर करने की आदत है, मैं आरएसएस से लड़ता हूं और यह बात गहराई से कह रहा हूं कि जैसे ही थोड़ा दबाव पड़ता है, ये लोग तुरंत चिट्ठी लिखने लगते हैं ट्रम्प ने 11 बार कहा कि उन्होंने मोदी जी से सरेंडर करवा लिया, मोदी जी इसका खंडन भी नहीं कर पा रहे हैं, क्योंकि वो सच्चाई है।

**-राहुल गांधी**
**नेता प्रतिपक्ष, लोकसभा**

# खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की चुनौती






**योगेश कुमार गोयल**

खाद्य सुरक्षा को एक मानवाधिकार माना गया है, जिसके तहत सभी को सुरक्षित और पौष्टिक भोजन का उपभोग करने का अधिकार है। इसी के साथ खाद्य जनित बीमारियों के बोझ को कम करके खाद्य सुरक्षा के लिए वैश्विक प्रयासों को मजबूत करना भी अनिवार्य माना गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दूषित खानपान के कारण 200 से अधिक बीमारियां होती हैं और दुनियाभर में प्रतिवर्ष 10 में से 1 व्यक्ति दूषित भोजन के कारण बीमार पड़ता है।प्रतिवर्ष वायरस, बैक्टीरिया, परजीवी अथवा रासायनिक पदार्थों से दूषित भोजन खाने से करोड़ों लोग बीमार पड़ते हैं और लाखों लोग विभिन्न खाद्य जनित बीमारियों के शिकार होकर मर जाते हैं। अस्वास्थ्यकर भोजन के सेवन के कारण गरीबी से ग्रस्त तबके में बीमारियां होने का खतरा ज्यादा होता है। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा खाद्य सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने और खाद्य जनित बीमारियों को रोकने के लिए कार्रवाई को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस की स्थापना की गई। डब्ल्यूएचओ के अनुसार यह दिन सभी के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में आने वाली चुनौतियों पर विचार करने का अवसर प्रदान करता है, जिसमें सुरक्षित भोजन तक पहुंच की कमी, गरीबी और संघर्ष शामिल हैं। इस दिवस की स्थापना का उद्देश्य मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए खाद्य सुरक्षा की आवश्यकता को उजागर करना था। यह वैश्विक दिवस यह सुनिश्चित करने के प्रयासों को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण अवसर है कि मनुष्यों द्वारा खाया जाने वाला भोजन सुरक्षित है। लोगों के लिए यह जानना भी बहुत महत्वपूर्ण है कि कौनसे खाद्य पदार्थ सुरक्षित हैं और हमारे स्वास्थ्य को नुकसान नहीं पहुंचाते हैं क्योंकि हमारा भोजन ही सुरक्षित नहीं होगा तो हमारा स्वास्थ्य कैसे अच्छा रहेगा? संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 20 दिसम्बर 2018 को 7 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस घोषित करने और सुरक्षित भोजन के बहुत सारे लाभों पर प्रकाश डालने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया था। उसके बाद संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की दो एजेंसियों खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सहयोग से प्रतिवर्ष 7 जून को खाद्य सुरक्षा दिवस मनाया जाने लगा। 7 जून 2019 पहला खाद्य सुरक्षा दिवस खाद्य सुरक्षा, सभी का व्यवसाय विषय के साथ मनाया गया था। 3 अगस्त 2020 को विश्व स्वास्थ्य सभा ने खाद्य सुरक्षा मुद्दों और दुनिया में आवश्यक कार्रवाइयों के बारे में एक प्रस्ताव पारित किया और हर साल 7 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस घोषित कर दिया गया। प्रतिवर्ष एक खास विषय के साथ मनाए जाने वाले इस दिवस के आयोजन का उद्देश्य वैश्विक, राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और स्थानीय स्तर पर खाद्य जनित बीमारियों को रोकना तथा खाद्य सुरक्षा के लिए वैश्विक प्रयासों को मजबूत करना है। 2021 में विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस स्वस्थ कल के लिए आज सुरक्षित भोजन विषय के साथ, 2022 में सुरक्षित भोजन, बेहतर स्वास्थ्य, 2023 में खाद्य मानक जीवन बचाते हैं और 2024 में खाद्य सुरक्षा-अप्रत्याशित के लिए तैयार रहें विषय के साथ मनाया गया था। विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस 2025 का विषय है खाद्य सुरक्षारू क्रियाशील विज्ञान। यह विषय सुरक्षित भोजन सुनिश्चित करने में वैज्ञानिक ज्ञान की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए इस बात पर प्रकाश डालता है कि कैसे वैज्ञानिक साक्ष्य खाद्य सुरक्षा में प्रगति को आगे बढ़ाते हैं, विशेषज्ञ सलाह से लेकर निगरानी और वैश्विक सहयोग तक। यह विषय वैज्ञानिक ज्ञान को व्यवहार में लाने के महत्व को भी रेखांकित करते हुए इस बात पर जोर देता है कि भोजन तभी सुरक्षित हो सकता है, जब मार्गदर्शन और सलाह को अमल में लाया जाए। असुरक्षित भोजन कई निम्न और मध्यम आय वाली अर्थव्यवस्थाओं के विकास को भी बाधित करता है, जिससे श्रमिकों की विकलांगता, बीमारी और असामयिक मृत्यु के कारण उत्पादकता में करीब 110 बिलियन अमेरिकी डॉलर की हानि होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक खाद्य सुरक्षा को जलवायु संकट भी प्रभावित करता है और बढ़ता तापमान सुरक्षित खाद्य उत्पादन के लिए बड़ा खतरा बन रहा है। डब्ल्यूएचओ का कहना है कि खाद्य सुरक्षा घटनाओं का प्रबंधन करने के लिए तैयार रहने के लिए नीति निर्माताओं, खाद्य सुरक्षा अधिकारियों, किसानों और खाद्य व्यवसाय संचालकों के समर्पित प्रयासों की आवश्यकता है और उपभोक्ता भी इसमें सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं। खाद्य सुरक्षा का अर्थ है खाद्य पदार्थों में सुरक्षित, स्वीकार्य स्तर के खतरों का अभाव, जो उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र का मानना है कि खाद्य सुरक्षा हमारे समग्र स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती के लिए सबसे महत्वपूर्ण है तथा सुरक्षित भोजन का सेवन अच्छे स्वास्थ्य की सबसे महत्वपूर्ण गारंटी है। हमारे शरीर को सेहतमंद बनाए रखने में खानपान का रोल सबसे अहम होता है लेकिन लोगों की खानपान की बदलती आदतों और जरूरतों को देखते हुए अब बहुत सारी चीजों को बनाने और उगाने का तरीका भी बदल चुका है, जिनमें अब तरह-तरह के रसायन भी मिलाए जा रहे हैं। ऐसे में विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस मनाने का उद्देश्य प्रत्एक व्यक्ति को पौष्टिक और संतुलित भोजन प्रदान करना है, साथ ही खानपान से होने वाले खतरों को रोकना, मिलावटी चीजों का पता लगाना और इनके बारे में लोगों को जागरूक कर उन्हें सेहत के प्रति जागरूक बनाना है। असुरक्षित खाद्य पदार्थ विभिन्न बीमारियों का कारण बनते हैं और अन्य खराब स्वास्थ्य स्थितियों में योगदान करते हैं, जिसमें बिगड़ा हुआ विकास, सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी, संक्रामक अथवा गैर-संक्रामक रोग और मानसिक बीमारियां शामिल हैं। वैसे खाद्य जनित खतरे रासायनिक अथवा भौतिक प्रकृति के हो सकते हैं और प्राय: साधारण आंखों से दिखाई नहीं देते। दरअसल हमारे भोजन को उगाने, संसाधित करने, संग्रहीत करने, वितरित करने और तैयार करने के लिए कई लोग मिलकर काम करते हैं और इस प्रक्रिया में कई ऐसे चरण होते हैं, जहां हमारा भोजन असुरक्षित हो सकता है। विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस की शुरुआत का उद्देश्य यही रहा कि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हमारा भोजन खाने के लिए सुरक्षित है। इसीलिए जब खेत में भोजन उगाया जाता है, तब से लेकर जब तक यह हमारी थाली तक पहुंचता है, हमें पूरी तरह सावधान रहने की जरूरत है, क्योंकि दूषित भोजन के सेवन से खाद्य जनित बीमारियां होने की संभावना बहुत बढ़ जाती हैं, लेकिन चूंकि भोजन को हम तक पहुंचाने में कई लोग शामिल होते हैं, इसलिए इसे सुरक्षित रखना हमेशा इतना आसान नहीं होता। इसीलिए डब्ल्यूएचओ, एफएओ और खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) जैसे संगठन हमारे भोजन को सुरक्षित रखने के लिए कुछ नियम बनाते हैं। बहरहाल, विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस न केवल अच्छे और स्वच्छ भोजन की आदतों की वकालत करता है बल्कि उपभोक्ताओं को खाद्य सुरक्षा के बारे में शिक्षित करने और उन्हें खाद्य जनित बीमारियों को रोकने के लिए सावधानी बरतने के लिए प्रोत्साहित करने का भी अवसर प्रदान करता है। यह दिवस हमें भोजन को हम तक पहुंचाने में इस्तेमाल किए जाने वाले सुरक्षा उपायों पर अतिरिक्त ध्यान देने के लिए प्रेरित करता है, जिसका अर्थ है सभी के लिए बेहतर और स्वस्थ भोजन। दुनियाभर में जितने ज्यादा से ज्यादा लोग खाद्य सुरक्षा के बारे में जागरूक होंगे, तभी हम अपने भोजन को सुरक्षित रखने के लिए बेहतर कदम उठा सकेंगे और खराब खाने से पनपने वाले खतरे को पहचान और समझ सकेंगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मिसाइल डिफेंस रडार से बंद होंगी पाक की गीदड़ भभकियां

**ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों ने अपने स्वदेशी रूप से विकसित हथियारों और तकनीक की ताकत का प्रदर्शन किया। इस ऑपरेशन में भारत ने दुश्मन के मिसाइल और ड्रोन हमलों को सफलतापूर्वक विफल करने के लिए अपने स्वयं के मिसाइल सिस्टम, रडार और एंटी-ड्रोन हथियारों का इस्तेमाल किया। याद दिला दें कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि भारत अब पाकिस्तान की परमाणु हमले की धमकियों या ब्लैकमेल को महत्व नहीं देगा।**



**अक्षत श्रोत्री**

भारत की रक्षा क्षमताओं को बढ़ावा देने वाले एक बड़े विकास में, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन DRDO ने एक ऐसी तकनीक विकसित की है जो दुश्मन की परमाणु मिसाइलों को हवा में ही नष्ट कर सकती है। रिपोर्टों के अनुसार, भारत ने स्वदेशी बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस BMD प्रणाली विकसित की है। ऐसे में ना सिर्फ पाकिस्तान की बलैकमेलिंग बंद होगी बल्कि भारत दुनिया में विश्व गुरु बनने की और अग्रसर होगा। यह नई तकनीक मिसाइलों को जमीन पर पहुंचने से पहले ही बेअसर कर देगी, चाहे वे बाहर हों या वायुमंडल के भीतर। अगर किसी परमाणु मिसाइल को समय रहते रोक दिया जाए, तो इससे विकिरण या परमाणु विस्फोट का खतरा खत्म हो जाता है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों ने अपने स्वदेशी रूप से विकसित हथियारों और तकनीक की ताकत का प्रदर्शन किया। इस ऑपरेशन में भारत ने दुश्मन के मिसाइल और ड्रोन हमलों को सफलतापूर्वक विफल करने के लिए अपने स्वयं के मिसाइल सिस्टम, रडार और एंटी-ड्रोन हथियारों का इस्तेमाल किया। याद दिला दें कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि भारत अब पाकिस्तान की परमाणु हमले की धमकियों या ब्लैकमेल को महत्व नहीं देगा। बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस सिस्टम एक बहुस्तरीय रक्षा तंत्र है जिसमें दो मुख्य घटक होते हैं। पहला स्तर पृथ्वी एयर डिफेंस PAD है। यह मिसाइल 50-80 किलोमीटर की ऊंचाई पर दुश्मन की मिसाइलों को नष्ट कर सकती है। दूसरा उन्नत वायु रक्षा AAD है। यह मिसाइल 30 किलोमीटर की ऊंचाई पर दुश्मन की मिसाइलों को रोककर नष्ट कर सकती है। उन्नत रक्षा क्षमता: बीएमडी प्रणाली भारत की रक्षा स्थिति को महत्वपूर्ण रूप से मजबूत करती है। निवारण- यह दुश्मन को हमला करने से पहले दो बार सोचने पर मजबूर करता है। राष्ट्रीय सुरक्षा- बीएमडी प्रणाली देश की सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडता को बढ़ाती है। लक्ष्य का पता लगाना- रडार और अन्य सेंसर दुश्मन की आने वाली मिसाइलों का पता लगाते हैं। लक्ष्य ट्रैकिंग और जानकारी- मिशन कंट्रोल सेंटर लक्ष्य की जानकारी प्राप्त करता है और इंटरसेप्टर मिसाइल लॉन्च करने के लिए तैयार होता है। इंटरसेप्टर मिसाइल लॉन्च-इंटरसेप्टर मिसाइल को लक्ष्य की ओर लॉन्च किया जाता है। लक्ष्य विनाश- इंटरसेप्टर मिसाइल आने वाले खतरे को बेअसर कर देती है। देश की बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस BMD प्रणाली के तहत स्वदेशी रूप से विकसित इंटरसेप्टर मिसाइल AD-1, 3,000 से 5,000 किलोमीटर की रेंज वाली दुश्मन की मिसाइलों को उनके टर्मिनल चरण (अंतिम चरण) में भी नष्ट करने में सक्षम है। इसका स्पष्ट अर्थ यह है कि यदि कोई बैलिस्टिक मिसाइल भारत की ओर बढ़ रही है, तो AD-1 उसे वायुमंडल में ही बेअसर कर सकता है -इससे पहले कि वह जमीन को छू सके।



(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# राजनीति को नई दिशा देते विपक्षी दलों के नए चेहरे



**ललित गर्ग**



सिंदूर ऑपरेशन के बाद पाकिस्तान दुनिया से सहानुभूति बंटोरने के लिए जहां विश्व समुदाय में अनेक भ्रम, भ्रांतिया एवं भारत की छवि को छिछालेदार करने में जुटा है, वहीं भारत का डर दिखा-दिखा कर ही पाक अनेक देशों से आर्थिक मदद मांग रहा है। इन्हीं स्थितियों को देखते हुए दुनिया के सामने भारत का पक्ष रखने के लिए केंद्र सरकार ने जिस तरह से सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों का गठन किया है और इन दलों में विपक्षी दलों के सांसद एवं नेताओं ने भारत का पक्ष बिना आग्रह, दुराग्रह एवं पूर्वाग्रह के दुनिया के सामने रखा, उसकी जितनी सराहना की जाए, कम है। इन विपक्षी नेताओं ने विदेश में भारतीय राष्ट्रवाद को सशक्त एवं प्रभावी तरीकों से व्यक्त किया। देश ने इन नेताओं को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते और एक लय में आगे बढ़ते देखा, जबकि संसद में वे केवल आपस में लड़ते दिखलाई देते थे। यह सराहनीय पहल भारत के लिए एक बड़ी उपलब्धि बनी है, जो भारत की भविष्य की राजनीति के भी नए संकेत दे रही है, क्योंकि इसने भारत में एक नए एवं सकारात्मक राजनीतिक नेतृत्व को उभरता हुआ दिखाया है। यूं तो सात दलों के सभी सदस्यों ने भरपूर तरीके से शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत का पक्ष रखकर दुनिया को भारत के पक्ष में करने की सार्थक पहल की है, लेकिन कांग्रेस के शशि थरूर एवं एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी एक नए किरदार में नजर आए हैं। थरूर को लेकर कांग्रेस पार्टी में प्रारंभ से ही विरोध एवं विरोधाभास की स्थितियां बनी हुई। विदेशों में सटीक एवं प्रभावी भारतीय पक्ष रखने के कारण शशि थरुर जहां असंख्य भारतीयों की वाह-वाही लूट रहे हैं, वहीं कांग्रेस पार्टी में उनका भारी विरोध हो रहा है। चर्चा एवं विवादों में चल रहे शशि थरूर केरल के तिरुवंतपुरम से चार बार के कांग्रेस के सांसद हैं। वे एक ऐसे कूटनीतिज्ञ राजनेता हैं, जो अपने राजनीतिक कौशल का प्रदर्शन करना जानते हैं। वे एक ऐसे स्वतंत्र सोच एवं साहसी निर्णय लेने वाले नेता भी हैं जो अपनी पार्टी के रुख से अलग भी स्टैंड लेते रहे हैं, लेकिन ताजा सन्दर्भों में वे कांग्रेस के लिए अब असहज सच्चाई बन गए हैं, क्योंकि थरूर ने वह सब कुछ किया है जिसकी पार्टी में इजाजत नहीं है। प्रतिनिधि मण्डल में थरूर के नाम पर कांग्रेस ने आपत्ति जताई थी, क्योंकि कांग्रेस ने केंद्र को थरूर का नाम नहीं दिया था। थरूर ने कहा था-मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं, जब भी राष्ट्रीय हित की बात होगी और मेरी सेवाओं की जरूरत होगी, तो मैं पीछे नहीं रहूंगा। थरूर ने कांग्रेस छोड़ने की अटकलों के सवाल पर कहा-जब आप देश की सेवा कर रहे हों, तब ऐसी चीजों की ज्यादा परवाह नहीं करनी चाहिए। हमारे राजनीतिक मतभेद भारत के बॉर्डर के बाहर जाते ही खत्म हो जाते हैं। सीमा पार करते ही हम पहले भारतीय होते हैं। थरूर इन दिनों अमेरिकी सहित कई देशों के दौरे पर हैं, जहां वे ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बने मल्टी पार्टी डेलीगेशन को सुपर लीड कर रहे हैं। सरकार के समर्थन में बोलने पर कांग्रेस के अनेक नेता थरुर की खिंचाई करने में जुटे हैं। उन्हीं में एक नेता उदित राज ने थरूर को भाजपा का सुपर प्रवक्ता तक बता दिया है। जबकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी प्रधानमंत्री मोदी और सत्तारूढ़ भाजपा पर ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाकिस्तान युद्धविराम को लेकर लगातार हमलावर हैं। 4 जून 2025 को राहुल गांधी ने तब हद ही कर दी जब उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दबाव में आत्मसमर्पण कर दिया। इतना ही नहीं यह सब कहने का अंदाज भी उनका इतना खराब था कि जैसे कोई दुश्मन देश का बंदा बोल रहा हो। राहुल गांधी ने यह भी कहा था कि, मैं भाजपा और आरएसएस वालों को अच्छे से जान गया हूं, इनको थोड़ा सा दबाओ तो डर कर भाग जाते हैं। राहुल ने आगे कहा, उधर से ट्रंप ने फोन किया और इशारा किया कि मोदीजी क्या कर रहे हो? नरेंदर, सरेंडर और 'जी हुजूर' करके मोदीजी ने ट्रंप के इशारे का पालन किया। राहुल गांधी के इस भ्रामक एवं गुमराह करने वाले बयान का थरुर ने जोरदार तरीके से जबाव दिया एवं कांग्रेस पार्टी को ही घेरा। राष्ट्रपति ट्रम्प की भारत-पाक के बीच मध्यस्थता के बयान पर थरूर बोले- मैं यहां किसी विवाद को हवा देने नहीं आया हूं। अमेरिकी राष्ट्रपति का सम्मान है। हमें नहीं पता उन्होंने पाकिस्तान से क्या कहा, पर हमें किसी की सलाह की जरूरत नहीं थी। आग्रह-दुराग्रह से ग्रसित होकर कांग्रेस के नेता एक-दूसरे को नीचा दिखाने की ही बातें कर रहे हैं, इन कांग्रेसी नेताओं में दायित्व की गरिमा और गंभीरता समाप्त हो गई है। राष्ट्रीय समस्याएं और विकास के लिए खुले दिमाग से सोच की परम्परा उनमें बन ही नहीं रही है। जब मानसिकता दुराग्रहित है तो दुष्प्रचार ही होता है। कोई आदर्श संदेश राष्ट्र को नहीं दिया जा सकता। राष्ट्र-विरोधी राजनीति एवं सत्ता-लोलुपता की नकारात्मक राजनीति हमें सदैव ही उल्ट धारणा (विपथगामी) की ओर ले जाती है। ऐसी राजनीति राष्ट्र के मुद्दों को विकृत कर उन्हें अतिवादी दुराग्रहों में परिवर्तित कर देती है। राहुल गांधी एवं कांग्रेस ने राष्ट्रीय संकट में भी यही सब करके आम जनता से अधिक दूरियां बना ली है। शशि थरुर ने तो बड़ी लकीरें खींच दी, कांग्रेस कब ऐसी लकीरें खिंचने की पात्रता विकसित करेंगी? हर राजनीतिक दल को कई बार अग्नि स्नान करता पड़ता है, पर आज कांग्रेस तो कीचड़ स्नान कर रहा है। जहां तक कांग्रेस नेताओं का सवाल है, एक और निहित संदेश सामने आया कि सिर्फ गांधी परिवार ही कांग्रेस का नेतृत्व नहीं कर सकता जबकि भारत की सबसे पुरानी पार्टी में अभी भी प्रतिभाओं का खजाना है, उसके पास अनुभवी नेता हैं, जो जटिल मुद्दों को समझने और नेतृत्व देने में सक्षम हैं। बड़ी लकीरें तो प्रतिनिधिमण्डल में गए अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने भी खींची है। जिनमें एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने विश्व की राजधानियों में भारत की स्थिति और मौजूद विकास को भी रेखांकित किया है। ओवैसी- जो भारत के अल्पसंख्यकों को प्रभावित करने वाले मुद्दों को उठाने के लिए जाने जाते हैं- उन्होंने पाकिस्तान को कड़ी भाषा में आड़े हाथों लिया। यहां तक कि उन्होंने पाकिस्तान द्वारा जारी की गई फर्जी तस्वीरों का जिक्र करते हुए कहा कि नकल के लिए भी अकल चाहिए! ओवैसी की राष्ट्रवादी सोच तो समय-समय पर सामने आती रही है। इस तरह मुस्लिम नेतृत्व अगर उदारता दिखाता तो देश के करोड़ों मुसलमानों के प्रति एक विश्वास और भाईचारे की भावना बढ़ती है। ओवैसी ने तो सबकी निगाहें अपनी ओर खींच ली थीं। इसी तरह डीएमके सांसद कनिमोझी करुणानिधि ने अपनी तल्ख और चतुराई भरे अंदाज से भारतीयों एवं दुनिया का दिल जीत लिया है। सांसद कनिमोझी ने स्पेन में अपने हिस्से का पक्ष रखते हुए भारत की राष्ट्रीय भाषा एकता और विविधता का जिक्र कर ऐसी बात कही है जिसके बाद वो जमकर वाहवाही लूट रही हैं। कनिमोझी ने इसके साथ ही कहा कि हहमारे अपने मुद्दे हो सकते हैं, अलग-अलग विचारधाराएं हो सकती हैं, संसद में हमारे बीच तीखी बहस हो सकती है, लेकिन जब भारत की बात आती है, तो हम एक साथ खड़े होते हैं, यही संदेश हम लेकर आए हैं। उनकी ये बातें इसलिए भी खास हैं क्योंकि जहां एक ओर उनकी पार्टी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में प्रस्तावित त्रि-भाषा नीति को चुनौती देते हुए गैर-हिंदी भाषी राज्यों पर हिंदी थोपने की बात कर रही है। वहां कनिमोझी एकता और विविधता को राष्ट्रीय भाषा बताते हुए अपना पक्ष रख रही हैं। डीएमके सांसद का ए अंदाज सुर्खियों का विषय बना है और लोग जमकर इसकी तारीफ कर रहे हैं। इसी तरह शिवसेना यूबीटी की प्रियंका चतुर्वेदी ने भारत को न केवल बुद्ध और गांधी, बल्कि कृष्ण की भूमि भी बताया, जिन्होंने पांडवों से आग्रह किया था कि धर्म की रक्षा के लिए आवश्यक हो तो युद्ध करने से न हिचकिचाएं। अब यह देखना बाकी है कि क्या सरकार ऐसे और कूटनीतिक प्रयासों में विपक्षी नेताओं का इस्तेमाल करना जारी रखेगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जनपदवासियों को ईद उल अज़हा की दिली मुबारकबाद




## ईद उल अज़हा का पर्व संपन्न कराने की पुलिस की पूरी तैयारियां



■ संवेदनशील स्थानों पर तैनात रहेगा प्रादेशिक सशस्त्र बल: एसएसपी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ईद उल अजहा को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिये पुलिस द्वारा अपनी तैयारियां कर ली गई है। संवेदनशील स्थानों पर पीएसी जवानों को तैनात किया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण ने बताया कि ईद उल अजहा को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस ने व्यापक इंतजाम किए हैं। संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए जनपद को आवंटित प्रादेशिक सशस्त्र बल को नगर और देहात के विभिन्न क्षेत्रों में तैनात किया गया है। इसके साथ ही अफवाहों और गलत सूचनाओं पर नजर रखने के लिए सोशल मीडिया की कड़ी निगरानी की जा रही है। शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए जनपद स्तर पर सभी धर्मगुरुओं के साथ वार्ता की गई है और थाना स्तर पर शांति समिति की बैठकें आयोजित की गई हैं। इन बैठकों में सभी धर्मगुरुओं ने आश्वासन दिया है कि कोई नई परंपरा शुरू नहीं की जाएगी।

एसएसपी रोहित सिंह सजवाण ने जनता से अपील की कि वे पुलिस और प्रशासन का सहयोग करें और किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न कराना है। सभी नागरिक शांति और भाईचारे के साथ इस त्योहार को मनाएं।

## ईद पर यातायात नियमों का करें पालन: सिद्धार्थ

पुलिस अधीक्षक यातायात सिद्धार्थ ने कल (आज) मनाये जाने वाले पर्व ईद उल अजहा की नमा. जों के दौरान यातायात नियमों का पालन करने में सहयोग किये जाने की अपील की है।

पुलिस अधीक्षक यातायात सिद्धार्थ ने प्रेस को जारी अपील में कहा कि कल (आज) ईद उल अजहा का पर्व मनाया जायेगा। जिसके दौरान प्रात छह बजे से नौ बजे तक अंबाला रोड स्थित ईदगाह में नमाज अदा करने के लिये हजारों की संख्या में मुस्लिम लोग पहुंचेगे। नमाज अदा करने के उपरांत ईदगाह से काफी संख्या में मुस्लिम लोग वाहनों से अपने-अपने गंतव्यों पर जायेंगे। जिससे अंबाला रोड पर यातायात का दबाव अधिक रहेगा। उन्होंने आहवान किया कि नमाज अदा करने वाले लोग पुलिस प्रशासन का सहयोग करें और वैकल्पिक मार्गो का प्रयोग कर असुविधा से बचे तथा यातायात के सुगम संचालन जारी रखने हेतु यातायात नियमों का पालन अवश्य करें।
































## तीन वार्डों में लगे जन समस्या सुनवाई कैंप



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगरायुक्त की पहल पर वार्डो में लगाये जा रहे जन समस्या सुनवाई कैंप की श्रृंखला में आज वार्ड 7, 8 व वार्ड 9 में कैंपों का आयोजन किया गया।

तीनों वार्डो में 33 शिकायत दर्ज की गयी। वार्ड 7 के आदर्श नगर मिगलानी बिल्डिंग पर आयोजित कैंप में महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार ने नेतृत्व में की गयी सुनवाई में 14 शिकायतें दर्ज की गयी जिनमें 4 स्ट्रीट लाइट तथा अन्य शिकायत सफाई, नाला मरम्मत व सड़क निर्माण आदि की रही। वार्ड 8 चकदेवली के संत रविदास मंदिर पर आयोजित कैंप में अधिशासी अभियंता जल वी बी सिंह व अधिशासी अभियंता निर्माण आलोक श्रीवास्तव सहित निगम अधिकारियों ने समस्याएं सुनी। कैंप में कुल नौ शिकायतें दर्ज की गयी, इनमें 6 शिकायतें निर्माण व 3 पथ प्रकाश सम्बंधी रही। वार्ड 9 में ग्वालीरा चौक पर अपर नगरायुक्त मृत्युंजय व अन्य अधिकारियों द्वारा समस्याएं सुनी गयी।

कैंप में आयी दस शिकायतों में 6 शिकायत निर्माण सम्बंधी, एक टैक्स, एक उद्यान और दो लाइट सम्बंधी शिकायत रही। अपर नगरायुक्त ने बताया कि सभी शिकायतों को निस्तारण के लिए सम्बंधित विभागों को भेज दिया गया है।

## होटल द्वारा नाले पर बनाई स्लैब को निगम ने जेसीबी से कराया ध्वस्त

### महापौर डा.अजय कुमार ने नाले का निरीक्षण करते हुए अतिक्रमण पर जताई थी नाराजगी





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम के अतिक्रमण हटाओ दस्ते ने आज अम्बाला रोड स्थित एक होटल द्वारा नाले पर किया गया अतिक्रमण ध्वस्त कर दिया। महापौर डॉ. अजय कुमार ने कल ब्रहस्पतिवार को इस नाले का निरीक्षण किया था और नाले पर किये गए अतिक्रमण पर नाराजगी व्यक्त की थी।

महापौर डॉ. अजय कुमार के निर्देशों के अनुपालन में आज निगम का अतिक्रमण हटाओ दस्ता अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा के नेतृत्व में अम्बाला रोड पर पैट्रोल पम्प के बराबर में स्थित होटल पर पहुंचा और होटल के बाहर साइड से गुजर रहे नाले पर डाले गए स्लैब व बनायी गयी दीवार जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दी। दीवार के पास रखा गया लोहे का एक बॉक्स भी वहां से हटवा दिया। निगम की कार्रवाई से आज पूरे क्षेत्र में खलबली मची रही। महापौर ने अतिक्रमण प्रभारी, अधिशासी अभियंता निर्माण व सम्पत्ति विभाग को उक्त नाले की रिकॉर्ड में वास्तविक चौड़ाई क्या है, तथ्यों सहित बताने के निर्देश दिए है। महापौर का कहना था कि होटल की साइड में नाला काफी चौड़ा है लेकिन सड़क पार नाला बहुत संकरा हो गया है। दस्ते में कर्नल एच. बी. गुरुंग, मुख्य सफाई निरीक्षक परमानंद, सफाई निरीक्षक अमर ज्योति व प्रवर्तन दल के जवान मौजूद रहे।